ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 30 मई 2024
वर्ष 5, अंक 193, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह 14
पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज 13

# प्रदेश में लू से 34 की मौत

## देश में दिल्ली सबसे गर्म, पारा 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश की राजधानी में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। नई दिल्ली में शाम 4.14 बजे तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह तापमान मुंगेशपुर इलाके में बुधवार को दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं देर शाम दिल्ली में आसमां से बरसी फुहारों ने लोगों को कुछ राहत दी।

उत्तर प्रदेश में बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों से 34 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। वहीं राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच और 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए।

दिल्ली में पानी किल्लत को देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पेड लीव दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने निर्देश जारी किए हैं।



कानपुर में गर्मी से राहत के लिए निगम ने बौछार अभियान चलाया।

### केरल, पूर्वोत्तर राज्यों में आज मानसून दे सकता है दस्तक

नयी दिल्ली। केरल एवं पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में अगले 24 घंटे में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से गुजरे चक्रवात रेमल ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया है, जो पूर्वोत्तर में मानसून के जल्दी आने का एक कारण हो सकता है।

### उप्र में हमीरपुर व फतेहपुर सबसे गर्म

- कानपुर में दरोगा सहित आठ लोगों ने तोड़ा दम

लखनऊ/ कानपुर। प्रदेश में प्रचंड गर्मी व लू का दौर जारी है। बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से बुधवार को अलग-अलग जिलों से 34 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। महोबा में छह हमीरपुर में तीन, बहराइच तीन, कानपुर देहात में तीन, चित्रकूट और बांदा में दो-दो और लखनऊ में दो, प्रयागराज में एक व प्रतापगढ़ चार जान गई। इसके अलावा कानपुर में एक दरोगा सहित आठ लोगों की मौत लू लगने से हो गई। महोबा में अधिकतम तापमान 46 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में 48 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम करीब पांच बजे बूंदाबादी के बाद उमस बढ़ गई। जालौन, बांदा व चित्रकूट में अधिकतम तापमान 47 डिग्री, इटावा में 45 .4 डिग्री तो फतेहपुर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सिल्सियस रहा। झांसी 47 .5 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में दिन का पारा 46 .8 डिग्री से. रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 43 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। बहराइच 43 डिग्री से. और प्रतापगढ़ 45 .6 डिग्री सेल्सियस रहा।

# कैशलेस इलाज पर एक घंटे में निर्णय लें बीमा कंपनियां

नई दिल्ली। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बुधवार को स्वास्थ्य बीमा पर एक मूल परिपत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि बीमा कंपनी को अनुरोध के एक घंटे के भीतर नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना होगा।

स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर परिपत्र ने पहले जारी किए गए 55 परिपत्रों को निरस्त कर दिया है। यह बीमाधारकों को सुदृढ़ करने और समावेशी स्वास्थ्य बीमा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीमा नियामक ने कहा परिपत्र में बीमाधारक/संभावितों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य बीमा नीति में पात्रताओं को उनके आसान संदर्भ के लिए एक स्थान पर लाया गया है और साथ ही बीमा खरीदने वाले पॉलिसीधारक को निर्बाध, तेज दावा अनुभव प्रदान करने के उपायों पर जोर दिया गया है।

# बृजभूषण के बेटे के काफिले की कार ने बाइक सवार 2 युवकों को रौंदा, मौत

संवाददाता, करनैलगंज(गोंडा)



रेहान



सहजाद



हादसे के बाद खड़ी फार्च्यूनर कार।

- गुस्साए ग्रामीणों ने काफिले पर किया पथराव, वाहन छोड़कर भागा चालक गिरफ्तार

अमृत विचारः कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल पुलिस स्कोर्ट लिखी फार्च्यूनर कार ने बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों समेत तीन लोगों को रौंद डाला।

हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने पथराव कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर चालक लवकुश को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद गांव में तनाव है। बुधवार की सुबह बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपने लाल लश्कर के साथ कैसरगंज की तरफ जा रहे थे। करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर छितईपुरवा गांव के समीप काफिले में चल रही पुलिस स्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला। हादसे में निंदुरा गांव निवासी रेहान (17) व शहजादे (24) की मौत हो गयी। जबकि छितईपुरवा गांव की रहने वाली महिला सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब करण भूषण के काफिले की पुलिस स्कोर्ट लिखी कार ओवरटेकिंग का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवक कर के सामने आ गए। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के शिकार लोगों को अस्पताल ले जाने के बजाय काफिले में शामिल अन्य गाड़ियां फर्राटा भरते हुये निकल गयीं।

# लूट मामले में आजम व बरकत दोषी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



- 2019 के डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने लगाए थे आजम समेत कई लोगों पर आरोप

अमृत विचार : डूंगरपुर बस्ती में लूटपाट व चोरी के मामले में कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता मोहम्मद आजम खां और ठेकेदार बरकत अली को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के जज डॉ. विजय कुमार ने दोषी करार दिया है। दोनों को सजा का ऐलान गुरुवार को होगा।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वालों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य आरोपों में गंज थाने में मामले दर्ज कराए थे। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा। आरोप है कि दरोगा फिरोज खां ने फायर भी किया। विवेचना के दौरान सपा नेता आजम खां का भी नाम शामिल किया गया था।

# इंडिगो ने महिलाओं के लिए सीट चयन की शुरू की सुविधा

नई दिल्ली। एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बाजार अनुसंधान के बाद महिला यात्रियों के लिए विशेष सुविधा की पेशकश की है। इसके तहत सीट बुक करने वाली महिलाएं अब वेब चेक-इन के समय अन्य महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों के बारे में जान सकती हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है।





अप्रैल में 80 लाख यात्रियों ने इंडिगो की सेवाएं लीं। एयरलाइन ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि उसने एक नई सुविधा शुरू की है जिसका उद्देश्य महिला यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को और सुगम बनाना है।

# बाल काटने में देरी पर भेजा हवालात

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

### नाई पर दिखाया सीओ ने रौब

- सीओ आवास से आया फोन कि साहब बाल कटवाने और शेविंग के लिए बुला रहे हैं
- दुकान पर ग्राहकों की भीड़ के चलते वह सीओ आवास जाने से हो गया था लेट

अमृत विचार : देर से बाल काटने पहुंच नाई को सीओ ने हवालात में बंद करा दिया। नाई का आरोप है कि सीओ के बुलाने पर वह देर से पहुंचा इसलिए उसके साथ मारपीट भी की, जबकि सीओ का कहना है कि नाई ने एक युवक के साथ गालीगलौज की थी। उस मामले में रिपोर्ट दर्ज थी।

बिसौली के मालियान निवासी विनोद की दलवीर हेयर ड्रेसर नाम से दुकान है। मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे बिसौली सीओ सुनील कुमार के आवास से फोन पर सेविंग और कटिंग के लिए बुलाया। भीड़ होने की वजह से वह 20 मिनट के बाद वह सीओ आवास पर गया। आरोप है कि सीओ ने उसकी फटकार लगाई। वह दुकान पर लौट आया। कुछ देर के बाद चार सिपाही आए और कहा कि उसके खिलाफ तहरीर है और दुकान बंद करवा दी। और हवालात में बंद कर दिया। उसके परिजन कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने जानकारी नहीं दी। मंगलवार रात को मोहल्ला गदरपुरा निवासी मनी पुत्र रामौतार की तहरीर पर विनोद के खिलाफ धमकाने, गाली-गलौज और एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। बुधवार सुबह पुलिस ने विनोद को छोड़ दिया। विनोद के भाई शिवकुमार और चाचा धर्मपाल ने आरोप लगाया कि सीओ ने विनोद को हवालात में डलवाया जहां उसकी हालत बिगड़ गई। वह दहशत में है।

> आरोप निराधार हैं। एक व्यक्ति बाल कटवाने के लिए दुकान पर पर गया था जहां बाल काटने वाले व्यक्ति ने उससे गाली-गलौज की थी। पीड़ित ने तहरीर दी जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी पर जिन मामलों में रिपोर्ट दर्ज हुई उसमें सात साल से कम की सजा है। जिसके चलते उसे थाने से छोड़ा गया है। - **सुनील कुमार**, सीओ

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली के मुख्यमंत्री को अब 2 जून को जाना ही होगा जेल

सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है।

अब उन्हें हर हाल में 2 जून को जेल जाना ही होगा। रजिस्ट्रार ने कहा कि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दिपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के साथ ही नियमित जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की भी छूट दी थी, इसलिए उनकी यह याचिका विचार के योग्य नहीं है। गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखने के कारण उनकी वर्तमान याचिका का अदालत के समक्ष विचाराधीन मामले से कोई संबंध नहीं है।

# सातवें चरण में 13 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

लखनऊ। प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 30 मई को शाम छह बजे प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी में मतदाताओं व मतदान कर्मियों के बचाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं।

# मोदी के ध्यान पर विपक्ष परेशान

नई दिल्ली, एजेंसी

### निर्वाचन आयोग पहुंचे नेता

- कहा- मोदी एक जून की शाम को हर तरह का व्रत कर सकते हैं
- ममता ने भी कहा-टीवी पर प्रसारण हुआ तो आयोग जाएंगे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुरुवार शाम से कन्याकुमारी में शुरू होने वाले मौन व्रत को लेकर निर्वाचन आयोग में गुहार लगायी है कि या तो यह मौन व्रत सातवें और अंतिम चरण के मतदान के समाप्त होने के बाद शुरू होना चाहिए या फिर इसके मीडिया में प्रसारण और प्रचार पर प्रतिबंध लगना चाहिए।

कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को शिकायत दी। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, रणदीप सुरजेवाला और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। बाद में सिंघवी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री के ध्यान से नहीं, बल्कि इसके चुनाव की शांत अवधि में होने पर आपत्ति है। साइलेंस पीरियड में कोई भी नेता प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष तौर पर प्रचार नहीं कर सकता। उनका कहना है, साइलेंस पीरियड में प्रधानमंत्री ने घोषणा की है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यदि कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री के ध्यान का प्रसारण किया जाता है तो टीएमसी निर्वाचन आयोग से शिकायत करेगी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने इस मामले में जिलाधिकारी के समक्ष याचिका दायर की।

### कन्याकुमारी में 3,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

कन्याकुमारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 45 घंटे के प्रवास के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। देश के दक्षिणी छोर पर स्थित इस जिले में 3,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ऐसा माना जाता है कि इसी स्थान पर आध्यात्मिक विभूति विवेकानंद को 'भारत माता' के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी।

## एक नजर

### रूद्रम- दो मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रूद्रम - दो मिसाइल का वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम -दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी।

### सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों को पीटा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों की कथित रूप से पिटाई कर दी। पुलिस दल ने एक मामले की जांच के सिलसिले में कुपवाड़ा के बटपोरा इलाके में प्रादेशिक सेना के एक जवान के घर पर कथित रूप से छापा मारा था। पुलिस के इस कदम से सेना की स्थानीय इकाई में कथित रूप से रोष था, जिसके बाद वे थाने में घुसे और पुलिस कर्मियों को पीट दिया।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...





फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

RMS
HOTELS & RESORTS INDIA PVT. LTD.
Radisson
BAREILLY

RADISSON CORPORATE GIFTING
Reward your employees by paying Rs. 2500/-
and Get 72 Premium Gift Vouchers of worth
Rs. 25000/-





(VALID FOR 1 YEAR)
For More Details Call:
+91 93217 23916 / +91 85913 14378
+91 0581 350 1000 / 0581 240 7000
sales@rdbareillyairport.com | www.radissonhotels.com | Follow us:
Plot No. 772, Central, Pilibhit Road, Mundia Ahmed Nagar, Uttar Pradesh - 243006. India.

# लाखों रुपये खर्च कर खरीदे कूड़ेदान बन गए 'कूड़ा'

## नगर पालिका ने पिछले साल शहर में रखवाए थे 50 से अधिक कूड़ेदान, हर तरफ गंदगी की भरमार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर पालिका ने पिछले साल लाखों रुपये खर्च करके कूड़ेदान रखवाए थे, लेकिन अब ये चौराहों से लापता हो गए हैं। ये ही वजह कि शहर के अधिकांश स्थानों पर कूड़े ढेर लगे हैं। लापरवाही का आलम ये है कि नगर पालिका प्रशासन कई दिनों तक कूड़ा उठवा नहीं रहा है, जिससे शहर के लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं संक्रमित बीमारियों के फैलने की भी समस्या बनी रहती है। कूड़े से निकलने वाली दुर्गंध से भीषण गर्मी के दौरान लोगों का हाल बेहाल हो जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिछले साल नगर पालिका प्रशासन ने शहर में प्रमुख स्थानों पर कूड़ेदान रखवाए थे। जिससे लोग सड़क पर कूड़ा न फेंके। कूड़ेदान रखे जाने के बाद कुछ दिनों तक हालात ठीक रहे। इसके बाद फिर से स्थिति पुराने ढर्रे पर आ गई। कई कई दिनों तक कूड़ेदानों से कूड़ा न उठने की वजह से लोग फिर से सड़क पर कूड़ा फेंकने लगे। कूड़ेदानों को रखे एक साल भी नहीं बीता कि सड़कों पर अब वह कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक दो स्थानों पर दिख भी रहे हैं तो कोई नाले में औंधे मुंह पड़ा हुआ है या फिर उल्टा पड़ा हुआ है। लोग सड़कों और नालियों में कूड़े को फेंक रहे हैं। ऐसी स्थिति में जहां नाले नालियां चोक हो गई हैं। वहीं उनमें दुर्गंध आने लगी है।



इंद्रा चौक पर नाले के पास पड़ा कूड़ादान, नाले में भरी गंदगी। ● अमृत विचार

- **शहर में अधिकांश स्थानों पर लगे हैं गंदगी के ढेर, नगर पालिका प्रशासन बना अनजान**

### हर साल रखे जाते हैं कूड़ेदान

स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर पालिका द्वारा हर वर्ष लाखों रुपये खर्च कर कूड़ेदान रखवाए जाते हैं। जिनकी हालत कुछ दिनों तक ठीक रहती है। उसके बाद वह गायब होने शुरू होते हैं। पिछले साल 50 कूड़ेदान अब प्रमुख स्थानों पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में कुछ स्थानों पर फिर से नगर पालिका द्वारा कूड़ेदान रखवाए गए हैं। जो कूड़े से लबालब भरे हुए हैं। उनसे कूड़ा नहीं उठ रहा है।

### इन स्थानों पर रखवाए गए थे

नगर पालिका प्रशासन द्वारा पिछले साल लाखों की कीमत से कूड़ेदान रखवाए गए थे। उनमें कचहरी तिराहा, दातागंज तिराहा, लावेला चौक, नई सराय, डीएम रोड़, लालपुल तिराहा, जुम्मीचौक, कबूलपुरा, मथुरिया चौक, शहबाजपुर चुंगी, टिकट गंज, पथिक चौक, गोपी चौक, ओवरब्रिज सिविल लाइन, इंद्रा चौक सहित शहर के कई मोहल्लों में प्रमुख स्थानों पर कूड़ेदान रखे गए थे। इनमें कुछ स्थानों को छोड़ दिया जाए तो अब वह दिखाई नहीं दे रहे हैं।

> शहर में सफाई को लेकर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। समय पर कूड़ा उठ रहा है। नालों की भी सफाई कराई जा रही है। पिछले कहां-कहां कूड़ेदान रखवाए गए थे। इसकी जानकारी नहीं है। जानकारी के बाद ही पता चल पाएगा कि जिन स्थानों पर कूड़ेदान रखे गए थे अब वहां पर हैं या नहीं। अगर कूड़ेदान नहीं दिख रहे होंगे तो उसकी जांच कराई जाएगी। **-अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट, प्रभारी ईओ नगर पालिका

## एक नजर

### पीडब्ल्यूडी जेई पर लगे आरोप की शुरू हुई जांच

**फैजगंज बेहटा।** कुछ दिनों पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई किए जाने का आरोप पूर्व सैनिक ने लगाते हुए डीएम से शिकायत की थी। डीएम ने जांच के आदेश कर दिए। जिसकी जांच नायब तहसीलदार द्वारा की जा रही है। उन्होंने जांच शुरू कर दी है। नायब तहसीलदार अच्छन खां बुधवार को मौके पर जाकर की। उनके द्वारा सभी दुकानों का निरीक्षण किया गया।

### बदायूं के उपनिरीक्षक की हरदोई में मौत

**बदायूं।** बुलंदशहर के थाना अनूप शहर के गांव कोटला निवासी नरेश कुमार थाना उसावां में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे। वह थाने के काम से हाईकोर्ट गए थे। 26 मई को ट्रेन से आते समय हरदोई के पास ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार को हरदोई के थाना कछौना के इंस्पेक्टर थाना उसावां के थानाध्यक्ष को उनकी मौत की सूचना दी। पुलिस ने उपनिरीक्षक के परिजनों को अवगत कराया है। दरोगा की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

## सार-संक्षेप

### बेहटा टाइगर्स को 14 रनों से करना पड़ा हार का सामना



**बेहटा गुंसाई।** में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहटा टाइगर्स टीम को 14 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मैच बेहटा सुपर इंडियंस ने जीता। बेहटा सुपर इंडियंस के कप्तान प्रद्युमन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 109 रन बना सकी। दूसरी पारी में खेलने उतरी बेहटा टाइगर्स की टीम 96 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। टीम को 14 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मौके पर राजेश गुप्ता, बालकिशन गुप्ता, अंकित शर्मा, संदीप पुरी, श्री किशन गुप्ता, सोनू गुप्ता, मोनू गुप्ता, राहुल आदि मौजूद रहे।

### बालाजी सेवा समिति ने कराया सुंदरकांड का पाठ



**बिल्सी।** श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार की रात मोहल्ला संख्या आठ निवासी सतीश चंद्र माहेश्वरी के आवास पर 29वां सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। पंडित किशन स्वरूप दीक्षित ने सुन्दरकाण्ड के पाठ की महिमा का वर्णन किया। इससे पहले यहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। इस मौके पर चंद्रसेन माहेश्वरी, अशोक माहेश्वरी, सुधीर सोमानी, राकेश माहेश्वरी गंगा सिंह शाक्य. अरुण आदि मौजूद रहे।

### चेयरमैन ने दादा मियां के उर्स का कराया आरंभ

**उसहैत।** क्षेत्र के गांव इस्लामनगर पजाबा में दादा मियां की मजार पर दो रोजा उर्स शुरू हो गया है। जिसका शुभारंभ चेयरमैन नवाब हसन ने फीता काटकर किया। उर्स में खानकाही लंगरगाह में फातिहा के वक्त मुरीदों को तबरूक बांटा गया। नमाज के बाद महफ़िल-ए-समां शुरू हुई। जिसमें आए फनकारों ने कलाम पेश किए। महफिल- ए-समा के बाद फातिहा पढ़ा गया। इसके बाद मजार पर गुलपोशी व चादर पोशी की गई। उर्स में भारी संख्या में जायरीन उपस्थित रहे। इस मौके पर सलीम फारुकी, राजू हसन, मोती गुप्ता, शम्मी फारुकी, फैजान नवाब, नवेद नवाब , मासिर खां, वली मोहम्मद फारुकी, अकरम शेख उपस्थित रहे।

### घर के कुंडे से बिजली के केबल हटाने पर मारपीट

**विजय नगला।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी निवासी धनपाल ने बताया कि उनके घर के कुंडा से पड़ोस में रहने वाले राजकुमार और विपिन की बिजली के केबिल बंधी थी। केबिल में कट होने की वजह से पूरे घर में करंट आ गया था। परिवार वालों के सामने जान का खतरा था। जिसके चलते उन्होंने राजकुमार से 10 मई को शिकायत करके कुंडे से केबिल हटवा दी थी। आरोप है कि राजकुमार ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर राजकुमार ने मारा पीटा।

# जंगली कुत्तों ने घेरकर नोंच लिया हिरण का मुंह



घायल हिरण को इंजेक्शन लगाते पशु चिकित्सक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पशु चिकित्सक ने किया उपचार वन विभाग की टीम पहुंची**
- **हिरण को इलाज के लिए आईवीआरआई भेजा गया**

**अमृत विचार :** जंगली कुत्तों ने एक हिरण को घेर कर उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने हिरण का मुंह नोच लिया, शरीर के अन्य हिस्सों पर भी कुत्तों ने जख्मी कर दिया। घायल हिरण को ग्रामीणों ने कुत्तों से बचाया और पशु चिकित्सक को बुला कर उपचार कराया है। वन विभाग की टीम ने हिरण आरवीआरआई बरेली भेजा है।

अलापुर क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर के शिकारी कुत्तों ने मंगलवार की रात नौ बजे हिरण को मक्के के खेत में घेरकर हमला करके घायल कर दिया। उसके मुंह और शरीर के अन्य भागों पर गंभीर चोट के निशान हैं। ग्रामीणों ने किसी तरह हिरण को बचाया और बुधवार को जगतपुर ब्लॉक पर तैनात पशु चिकित्सक विक्रम सिंह से इलाज कराया। पशु चिकित्सक ने बताया कि हिरण के दांत हिलने लगे थे, जिस कारण उन्हें निकाल दिया गया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हिरण को आरवीआरआई बरेली इलाज के लिए भेजा है।

# मतगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कार्मिकों पर होगी कार्रवाई

**बदायूं, अमृत विचार :** चार जून को मतगणना होनी है। इसको लेकर डायट स्थित ऑडिटोरियम और शिवदेवी विद्या मंदिर में माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं अतिरिक्त मतगणना सहायकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छह मतगणना कार्मिक अनुपस्थित रहे। इन सभी से कार्मिक अधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है।

मतगणना के लिए 114 माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं अतिरिक्त मतगणना सहायकों सहित कुल 450 मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना संबंधी प्रशिक्षण डायट परिसर स्थित ऑडीटोरियम और शिव देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में दिया जा रहा है। बुधवार को संपन्न हुए प्रशिक्षण के दौरान छह कार्मिक अनुपस्थित रहे। इन सभी से कार्मिक अधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है।

# अदम्य साहस से नया इतिहास रचने की सामर्थ्य रखता है स्काउट



शिविर के समापन पर प्रमाण पत्रों के साथ स्काउट गाइड। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मदर एंथीना स्कूल में शिविर के समापन पर दिए गए प्रमाण पत्र**

**अमृत विचार :** मदर एथीना स्कूल में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। स्काउट गाइड तंबू का शहर बसाकर सुंदर गेट और रंगोली भी बनाई। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि अदम्य शक्ति, अतुलित बल, अद्भुत साहस और अपार ज्ञान से नया इतिहास रचने की श्रेष्ठ सामर्थ्य रखते हैं।

विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में स्काउट गाइड ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई कंपनी, अहिल्याबाई कंपनी, भारतीय टोली और छत्रपति वीर शिवाजी टोली ने संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। कोमल पाठक, संगीता रस्तोगी, आसमंड ऐरिक डेविड निर्णायक के रूप में रहे।

स्काउट गाइड को भारत स्काउट गाइड संस्था की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। तंबुओं का शहर बसाकर सुंदर रंगोली, गेट और गैजेट बनाएं। विपिन सक्सेना, ज्योति जुनेजा, शशांक सपरा ने शिविर का संचालन किया।

# कछला घाट पर गंगा में डूबे युवक का शव बरामद

**बदायूं, अमृत विचार :** गांव निवासी एक व्यक्ति की मौत पर उसके अंतिम संस्कार में आया युवक स्नान के दौरान गंगा में लापता हो गया था। मंगलवार देर शाम तक तलाश करने के बाद भी युवक का कुछ पता नहीं चला। बुधवार को गोताखोरों ने फिर तलाश की।

युवक के डूबने से तकरीबन आधा किमी दूर युवक का शव बरामद हो गया। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव जनुइया निवासी जितेंद्र पुत्र नौरंगी अपने गांव के युवक की मौत पर उसके अंतिम संस्कार में कछला स्थित भागीरथी घाट ग्रामीणों के साथ आए थे। अंतिम संस्कार के बाद वह स्नान करने के लिए गंगा में गए। गहरे पानी में चले गए और डूब गए। गोताखोरों ने तलाश की लेकिन युवक की तलाश नहीं हो सकी। बुधवार को भी गोताखोरों ने तलाश की। तकरीबन चार घंटों के बाद युवक का शव मिल गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।







# प्रचंड गर्मी में बढ़ रहे डायरिया के रोगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

- **जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ के सामने व्यवस्थाएं प्रभावित**

**अमृत विचार :** बदन को झुलसा देने वाली गर्मी के चलते उल्टी दस्त के मरीज बढ़ने लगे हैं साथ ही बुखार भी शुरू हो गया है। जिससे जिला अस्पताल में मरीजों की हर रोज लम्बी लाइन लग रही है। गर्मी से बेहोश हुए दो लोगों को हीट स्ट्रोक वार्ड में भर्ती कराया गया।

इन दिनों गर्मी का विकराल रूप देखने का मिल रहा है। बदन को झुलसा देने वाली सूरज की आग से हर कोई बचने का प्रयास कर रहा है। गर्मी के प्रकोप से डायरिया और हीट स्ट्रोक के मरीज पिछले कई दिनों से बढ़ रहे हैं। उल्टी बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। बुधवार को बुखार के 76 मरीज ओपीडी में देखे गए। इसी तरह अन्य चिकित्सकों के यहां भी मरीजों की लाइन लगी रही। फिजीशियन डा. एसपी सिंह ने बुखार के 54 मरीज देखे जबकि डा. पंकज सिंह ने भी बुखार के 87 और डायरिया के 42 मरीज देखे। इस तरह आज करीब 224 मरीज बुखार के आए।

दो वृद्ध लोग गर्मी से बेहोश हो गए उन्हे हीट स्ट्रोक वार्ड में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों का कहना है कि जिस तेजी से गर्मी बढ़ रही है उसी तेजी के साथ बीमारियां भी फैल रही हैं। कुछ मरीज टाइफाइड के भी देखे गए हैं। जिला अस्पताल के पुरुष और महिला वार्ड में मरीजों की संख्या बढ़ने से बेड फुल हो गए हैं। अब यहां पर जगह नहीं बची है। यहां मरीज अधिक होने के कारण मलेरिया वार्ड के निकट बनाए गए वार्ड में भर्ती किए जा रहे हैं। हालांकि अभी अलग से वेड लगाने की आवश्यकता नहीं है फिर भी अस्पताल की ओर से तैयार पूरी कर ली गयी है। ऐसी ही स्थिति जिला महिला अस्पताल की है। यहां डायरिया, उल्टी से ग्रस्त कई रोगी आ रहे हैं।

# एक जून से मनाया जाएगा मलेरिया माह

**बदायूं अमृत विचार :** शासन से मिले निर्देशानुसार मलेरिया विभाग एक से 30 जून तक मलेरिया माह के रूप में मनाएगा। मलेरिया माह के दौरान आशा वर्कर गांव गांव जाकर बुखार पीड़ितों का ब्लड सैंपल लेंगी, जिससे यह पता लगाया जा सकेगा कि उक्त को मलेरिया है या नहीं। बुखार पीड़ितों को दवाएं दी जाएंगी साथ ही स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डा. योगेश सारस्वत एक जून से मलेरिया माह मनाया जाएगा। इस माह के अंतर्गत जिले के सभी ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में आशा वर्कर जाएंगी। बुखार से पीड़ित लोगों के ब्लड सैंपल लेंगी जिससे पता लगाया जाएगा कि जिले में कितने मलेरिया के मरीज हैं। शासन की मंशा के अनुरूप अभियान चलाया जाएगा। सभी मलेरिया निरीक्षक इस कार्य में जुटेंगे और हर दिन की रिपोर्ट मलेरिया विभाग को देंगे।

# मेडिटेशन वर्कशॉप में बताए जीवन में खुश रहने के उपाय



मेडिटेशन वर्कशॉप में मौजूद एमबीबीएस के छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज, में हार्टफुलनेस संस्था की ओर से तीन दिवसीय मेडिटेशन वर्कशॉप का शुभारंभ प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में एमबीबीएस के छात्र -छात्राओं ने ध्यान के अभ्यास से अध्ययन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को समझा। कार्यक्रम में जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्र ने कहा कि दुनिया में हर कोई खुश रहना चाहता है और हार्टफुलनेस का अभ्यास इसमें हमारा सहयोग कर सकता है।

प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर डा. अर्शिया मसूद ने कहा कि हर रोगी यूनिक होता है। उसकी जीवन शैली, उसके विचारों की प्रक्रिया उसके रोग को प्रभावित करती है, चाहे वह कार्डियक हो या अन्य। उन्होंने कहा हम सभी को रोज अपने दिन की शुरुआत पंद्रह से बीस मिनट ध्यान से करनी चाहिए। सत्र में प्रशिक्षक अनुज सक्सेना, लखन सिंह द्वारा भी जीवन के व्यावहारिक पक्षों पर विचार रखे गए। इस अवसर पर अवनीश्वर सिंह, डा. वेंकटनारायण, डा. राजेश कुमार शाक्य, डा. प्रियंका साहू आदि उपस्थित रहे।




## एमयूएन कार्यक्रम में छात्रों ने लहराया प्रतिभा का परचम



**बदायूं।** ब्लूमिंगडेल स्कूल के छात्रों ने डीपीएस, बरेली में आयोजित एमयूएन कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कार्यक्रम में लगभग 26 सीबीएससी स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कक्षा-12 के उनीब हाशमी एवं झील रस्तोगी ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से लोहा मनवाया। स्कूल अध्यक्ष पम्मी मेंहदीरत्ता ने प्रतियोगी छात्रों को बधाई और आशीर्वचन दिए। इस अवसर पर स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता, श्वेता मेंहदीरत्ता ने भी उनके प्रयास की प्रशंसा की। उनीब हाशमी व झील रस्तोगी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने प्रतियोगी छात्रों की प्रशंसा करते हुए उन्हें जीवन में यूं ही आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास, स्वनिर्भरता, एकता व समता की भावना का विकास होता है, जिससे कि वह समाज के आदर्श नागरिक बनकर देश का नाम रोशन करते हैं।

## बच्चों ने लगाए स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल

**बिल्सी।** कस्बा में संचालित स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल लगाए। विद्यालय के डायरेक्टर वीपी सिंह, विद्यालय के एमडी राहुल कुमार सिंह ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, एकेडमिक हेड सी .के . शर्मा, जूनियर कॉर्डिनेटर परमेंद्र सिंह, डिसिप्लिन इंचार्ज बृजेशपाल, प्री प्राइमरी कोऑर्डिनेटर राखी गुप्ता, केशव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मतगणना एजेंटों की सूची दो दिन में कराएं उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार।

- **मतगणना को लेकर डीएम मनोज कुमार ने निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ की बैठक**

**अमृत विचार:** चार जून को मतगणना होनी है। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। जिसमें अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से जारी आदेशों की जानकारी दी जा रही है। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना अभिकर्ताओं की सूची दो दिन में उपलब्ध कराने के लिए कहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप मतगणना का कार्य सुचितापूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कराया जाएगा। मतगणना उपरांत विजय जुलूस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। डीईओ ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के टेबल वन पर रैंडमली लॉटरी द्वारा चिन्हित की गई।

पांच-पांच बूथ की वीवीपैट मशीन की पर्चियों का मिलान भी निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में कराया जाएगा। बताया कि स्ट्रांग रूम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी व प्रत्याशियों की उपस्थिति में खुलेगा। इस मौके पर उप निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह पटेल सहित अन्य अधिकारी व प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ता मौजूद रहे।

### वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

बुधवार को डीएम मनोज कुमार ने अधिकारियों और राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम और वीवीपैट मशीन वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज भी देखी गई। स्थिति सही मिली।

### आरओ व एआरओ को मिला प्रशिक्षण

चार जून को मतगणना के लिए कार्मिकों के साथ आरओ एआरओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विकास भवन सभागार में बुधवार को आरओ एआरओ को प्रशिक्षण दिया गया। सीडीओ ने पोस्टल बैलेट मतगणना संबंधी जानकारी दी।






# ब्लॉकों में गिर रहा भू-गर्भ जलस्तर, चार डार्क व छह सेमी डार्क जोन में

## जिले के 15 में 10 विकास खंडों का बुरा हाल, उसावां में घरों के नलों ने भी छोड़ा पानी, दो ब्लॉकों की स्थिति बेहद खराब, निजी नलकूपों से खींच लिया जल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जनपद में पानी के अनियंत्रित दोहन ने खतरे की घंटी बजा दी है। न सिर्फ जमीन की सतह का पानी, बल्कि जमीन से नीचे के पानी का दोहन खतरे के स्तर को पार कर गया है। यह खुलासा भूगर्भ जल विभाग की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक शहरी क्षेत्र में जलस्तर हर साल 1 मीटर नीचे गिर रहा है। शहरी क्षेत्र तक का भूगर्भ जलस्तर 2022 में करीब 20 मीटर पर था वह 2023 में गिरकर 24 मीटर पर पहुंच गया। यानी एक साल में भूगर्भ जल स्तर चार मीटर गिर गया। वही ग्रामीण क्षेत्र के हालात भी अधिक खराब हैं। जिसमें तीन ब्लॉकों को छोड़ दिया जाए तो शेष 12 ब्लॉकों की स्थिति चिंता जनक बनी हुई है। यह स्थिति तब है जब पिछले साल रिकॉर्ड बारिश हुई थी। इसके बाद भी जिम्मेदार बारिश से धरती पर आए पानी को उसकी कोख तक पहुंचाने में भी विफल रहे।

भूगर्भ जल विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जनपद का औसत जलस्तर करीब दस मीटर से भी नीचे है। जो ब्लाकवार अलग-अलग किया गया है। भू गर्भ जल विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो तीन ब्लॉकों को छोड़ दिया जाए तो शेष 13 ब्लॉकों की बेहद खराब हैं। इनमें ब्लॉकों में वॉटर लेबल काफी घट गया है। जबकि पिछले साल मानसून के दौरान रिकॉर्ड 5 सौ एमएम से अधिक बारिश हुई थी। ऐसी स्थिति होने के बाद भी धरती कोख नहीं भर सकी। दरअसल पहले धरती पर मौजूद ज्यादातर जल स्रोत ताल, तलैया, पोखर, झील और छोटी सहायक नदियां थीं। जिनका अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। पहले बारिश का पानी उन्हीं में जमा होकर साल भर धरती की कोख में रिस-रिसकर जाता रहता था और भूजल स्तर को ऊपर करने के साथ उसे निर्मल भी बनाता रहता था। अब उनके न होने से भूजल के स्वतः रिचार्ज होने की प्रक्रिया नहीं हो पा रही है।

**बाढ़ के दौरान सुधरा था जल स्तर :** लगातार गिरते जा रहे जलस्तर को बीते वर्ष हुई बारिश से काफी सहूलियत मिली। पिछले वर्ष कई ब्लाकों में बाढ़ के हालात बने थे। जिससे लोगों को परेशानी तो हुई, लेकिन यहां का जलस्तर काफी सुधरा। दहगवां, सहसवान, समरेर, दातागंज में बारिश के बाद आई बाढ़ से सुधार देखने को मिला है।



सर्विस सेंटर पर बाइक धोने में पानी बहा रहा युवक। ● अमृत विचार

- **जल संचयन को लेकर विभाग बना रहा रणनीति, चलाया जाएगा जागरूकता अभियान**

2023 में हुई बारिश ने कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा था। ऐसे में जिले में भूगर्भ स्तर अच्छा होने की पूरी उम्मीद जतायी जा रही थी। लेकिन जांच में बदायूं जिले के 13 ब्लॉक समेत शहर की स्थिति चिंताजनक है। दरअसल बदायूं की स्थिति नदियां आदि के न होने से भी खराब रहती है। जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाने की रणनीति तैयार की जा रही है। इस वर्ष का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। जो स्थिति रहेगी उसके अनुसार ही जल संचयन को लेकर कार्य प्रयास किए जाएंगे।
–**गणेश सिंह**, सहायक अभियंता भूगर्भ जल विभाग बरेली

### जल संरक्षण के लिए जरूरी

- तालाबों का संरक्षण किया जाए
- अंधाधुन वृक्षों की कटाई से भूमि की नमी कम हो रही है
- अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं तथा उनका वृक्ष बनने तक संरक्षण किया जाए
- जल संरक्षण के लिए गांव तथा शहर में तालाबों की खुदाई की जाए
- बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए घरों से लेकर अन्य इमारतों की छतों पर पानी की टंकी बनाई जाए
- जल संरक्षण के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार को सख्त कानून बनाना चाहिए
- रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को वास्तव में मजबूत किया जाए
- टपक सिंचाई प्रणाली को अपनाने की जरूरत

### यह ब्लॉकों की स्थिति

- सेमी क्रिटिकल सहसवान, कादरचौक, जगत, म्याऊं, सालारपुर, उझानी
- क्रिटिकल – आसफपुर, बिसौली
- अतिदोहित – अंबियापुर, इस्लामनगर
- सेफ दहगवां ,– उसावां, वजीरगंज, दातागंज, सहसवान

### एक नजर 2023 के आंकड़ों पर

| विकास खंड | मानसून से पहले | मानसून के बाद |
|---|---|---|
| दहगंवा | 9.34 | 6.08 |
| सहसवान | 12.44 | 10.75 |
| सालारपुर | 18.47 | 17.87 |
| वजीरगंज | 19.76 | 19.30 |
| बिसौली | 19.22 | 18.20 |
| आसफपुर | 17.74 | 17.02 |
| अंबियापुर | 18.41 | 17.46 |
| इस्लामनगर | 18.07 | 17.67 |
| उझानी | 19.09 | 17.18 |
| समरेर | 16.71 | 15.17 |
| दातागंज | 7.16 | 6.13 |
| उसावां | 17.47 | 17.09 |
| जगत | 21.98 | 22.18 |
| कादरचौक | 12.50 | 11.52 |

### बदायूं शहर की स्थिति क्रिटिकल

शहरी इलाकों का भूजल स्तर पिछले दो दशकों में तेजी से गिरता जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक सबमर्सिबल के जरिए जल दोहन इसकी प्रमुख वजह है। आज हर घर में शुद्ध पानी के लिए आरओ लगा है, जो एक लीटर शुद्ध पानी के नाम पर सात लीटर जल बर्बाद करता है। आरओ का वेस्टेज पाइप अधिकांश लोग सीधे वाशबेसिन से नाली में पहुंचाते हैं। जबकि शायद अधिकांश जगह आरओ की जरूरत भी नहीं। जानकारों के मुताबिक आरओ की जरूरत वहां है, जहां टीडीएस 500 के करीब हो। जबकि यहां अधिकांश जगह टीडीएस अधिकतम 250 के आस पास दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### रंजिशन मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ब्यौर के सचिन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रंजिश के चलते 26 अप्रैल शाम सात बजे उनके गांव निवासी तनु, शिवी, रवि, अभिषेक ने उनके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। गांव में भगदड़ मच गई। मारपीट से सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ग्रामीणों ने आकर उन्हें बचाया। पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# साथी की पिटाई से आक्रोशित लाइनमैनों ने कोतवाली के सामने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कार में सीढ़ी छूने पर सिपाही ने एक लाइनमैन के साथ की थी मारपीट**
- **नारेबाजी करते हुए सिपाही के खिलाफ दिया शिकायती पत्र**

**अमृत विचार :** बिजली का फाल्ट सही करने जा रहे लाइनमैन की सीढ़ी सिपाही की कार से छू गई। इससे नाराज सिपाही ने लाइनमैन को पीट दिया। आक्रोशित लाइनमैन ने अपने साथियों को बुला लिया और सदर कोतवाली के सामने प्रदर्शन करते हुए सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करते हुए शिकायती पत्र दिया।

शहर के मोहल्ला नई सराय निवासी मनोज कुमार मीराजी चौकी बिजली घर पर लाइनमैन हैं। उनकी ओर से दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार मंगलवार को उन्हें सिरसा रोड पर बिजली का फाल्ट होने की सूचना मिली थी। वह फाल्ट सही करके सीढ़ी लेकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में सिपाही जयवीर की कार खड़ी थी। पास में ही ब्रेकर था। जिसके चलते सीढ़ी उछल गई और सिपाही की कार से छू गई। कार में निशान पड़ गया। जयवीर पहुंच गया और लाइनमैन से अभद्रता करने लगा। मनोज कुमार ने कार सही करने की बात की।

आरोप है जयवीर ने बुधवार दोपहर मनोज कुमार को पथिक चौक पर बुलाया। जहां मनोज कुमार को बेरहमी से पीटा। पास में ही एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई। लाइनमैन ने अपने साथियों को बुलाया। सभी कोतवाली सदर पहुंचे। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि लाइनमैन और सिपाही ने शिकायती पत्र दिया है। सूचना मिलने पर जेई नेम कुमार बाजपेयी भी कोतवाली पहुंचे। दोनों पक्ष के समझौते का प्रयास चलता रहा।


सदर कोतवाली के बाहर खड़े आक्रोशित लाइनमैन। ● अमृत विचार

# डेढ़ माह बाद भी दर्ज नहीं हुई मारपीट की रिपोर्ट

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या तीन में 13 अप्रैल की शाम को अचानक कुछ लोगों ने रंजिशन घर में घुस गए। और लाठी-डंडों से मारपीट की। मारपीट में दो लोग घायल हो गए थे। इस प्रकरण में पीड़िता द्वारा थाना पुलिस से शिकायत की गई। मगर पुलिस ने अभी तक इस घटना की रिपोर्ट नहीं की है। मोहल्ला संख्या तीन निवासी रुकसाना पत्नी इलियास ने एसएसपी को भेजे एक शिकायती पत्र में कहा कि 13 अप्रैल की शाम को मोहल्ले के कुछ युवक उनके घर में घुस आए, और घर में मौजूद लोगों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे उनके पुत्र साहिल, मेहनाज पुत्री नसीर अहमद चाकू के हमले से घायल हो गई। घटना के बाद थाना पुलिस को सूचना दी। मगर पुलिस ने उनकी रिपोर्ट आज तक दर्ज नहीं की है।

# बोले आरोपी : हम नहीं मारते तो अभिषेक मार देता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव विजयपुर निवासी अभिषेक की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले जमीन को लेकर चल रही रंजिश के चलते उन्हें अभिषेक से अपनी जान खतरा था। जिसके चलते उन्होंने प्लान बनाकर खेत पर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

गांव विजयपुर निवासी अभिषेक शर्मा उर्फ रामजी 21 मई सुबह पांच बजे वह घर से खेत पर गए थे। काफी देर तक वापस नहीं लौटे। आसपास तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका। दोपहर में किसी ने परिजनों को बताया कि अभिषेक का बेहोशी हालत में गांव के गुलफाम के खेत पर पड़ा हैं। परिजन खेत पर पहुंचे। उन्हें लगा कि उन्हें सांप ने डस लिया होगा। वह आशीष शर्मा को चंदौसी के चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि अभिषेक को सांप ने नहीं डसा है। बल्कि उसकी हत्या की गई है। उसके शरीर और गर्दन पर चोट के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने अगले दिन शव का पोस्टमार्टम कराया तो गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। मृतक के भाई राजेश ने गांव निवासी रामखिलाड़ी यादव, उनके बेटे सोनू, नीरज और वीरेश पुत्र गंगा सहाय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बुधवार सुबह लगभग नौ बजे दो आरोपी रामखिलाड़ी यादव और सोने को नूरपुर पिनौनी तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने ही अभिषेक की हत्या की थी।


थाना इस्लामनगर पुलिस की गिरफ्त में अभिषेक के हत्या आरोपी।

- **इस्लामनगर क्षेत्र के गांव विजयपुर निवासी अभिषेक की कपड़े से फंदा लगाकर की गई थी हत्या**
- **मृतक के भाई की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ दर्ज है रिपोर्ट फरार चल रहे दो आरोपी**

### आरोपियों ने कपड़े से बनाया था रस्सीनुमा फंदा

आरोपियों का अभिषेक शर्मा से जमीन खरीदने को लेकर विवाद हुआ लेकिन कभी ज्यादा बात नहीं बिगड़ी थी लेकिन वह लोग अभिषेक से डर रहे थे। आरोपियों के अनुसार अभिषेक उन्हें जान माल का नुकसान पहुंचाने की फिराक में थे। जिसके चलते उन्होंने 21 मई सुबह अभिषेक को अकेला पाकर खेत पर उन्हें लात–घूसे और डंडे से बुरी तरह से पीटा और जमीन पर पलट दिया। कपड़े से रस्सीनुमान फंदा बनाया और अभिषेक की गर्दन में डालकर कस दिया। शव गुलफाम के खेत में डाल दिया था। आरोपी सोनू के खिलाफ साल 2020 में भी छेड़छाड़, मारपीट, जबरन घर में घुसने, धमकाने और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, सिपाही अंकुश कुमार व अंकित कुमार रहे।

# लापरवाही में रोडवेज के एआरएम निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **संख्या अधिकारी राजेश पाठक को बनाया गया बदायूं का एआरएम**
- **निरीक्षण में वर्कशाप में मिली थी गंदगी, नहीं बढ़ा लोड फैक्टर**

**अमृत विचार :** कर्तव्य का निर्वहन न करने पर परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) मासूम अली सरवर ने बदायूं के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) धर्मेंद्र कुमार चौबे को निलंबित कर दिया है। उनके स्थान पर संख्या अधिकारी राजेश पाठक बदायूं के एआरएम बनाए गए हैं।

बदायूं डिपो को लेकर काफी दिनों से अधिकारियों को शिकायतें मिल रही थीं। चालक और परिचालकों के खिलाफ मानदेय व वेतन काटने के बाद भी लोड फैक्टर नहीं बढ़ पा रहा था। साथ ही अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान डिपो और निगम के वर्कशॉप में भी साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं थी। इसके अलावा बसों से होने वाले हादसे नहीं रुक रहे थे। बिना टिकट यात्री पकड़ने के भी कई सामने आए थे। परिवहन निगम के नोडल अधिकारी सत्यनारायण ने समीक्षा बैठक के दौरान भी एआरएम की फटकार लगाई गई थी। विभिन्न मामलों में परिवहन निगम के एमडी ने माना है कि एआरएम धर्मेंद्र कुमार चौबे अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहे थे। जिसके चलते उन्हें निलंबित किया गया है। बुधवार को परिवहन निगम कार्यालय को संबंधित पत्र प्राप्त हो गया। परिवहन निगम के आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि एमडी की ओर से बदायूं एआरएम को निलंबित किया गया है।

## प्राथमिक विद्यालय सदाठेर का पूरा स्टाफ निलंबित

- **डीएम के द्वारा किए निरीक्षण में बंद मिला था विद्यालय**

**बदायूं, अमृत विचार :** बीएसए ने प्राथमिक स्कूल सदाठेर की प्रधानाध्यापक सहित पूरे स्टाफ को निलंबित कर दिया है। साथ ही दो बीईओ की टीम बनाकर जांच करने के आदेश दिए हैं।

यह कार्रवाई डीएम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान समय पूर्व ही स्कूल बंद मिलने को लेकर की गई है। बीती 13 मई को डीएम मनोज कुमार ने कादरचौक के स्कूलों का निरीक्षण किया था। उनके द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान सदाठेर स्कूल बंद मिला। ग्रामीणों से डीएम ने स्कूल खुलने और बंद होने को लेकर ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों ने डीएम को बताया था कि विद्यालय के खुलने व बन्द होने का कोई भी समय निश्चित नहीं है। शिक्षक भी शिक्षण कार्य कराने के स्थान पर अपना अधिकांश समय मोबाइल में बिताकर चले जाते हैं। जिस पर डीएम ने बीएसए को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बीएसए ने स्कूल प्रधानाचार्य सहित अन्य शिक्षकों का जवाब तलब किया था। जिसका उनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिस पर बीएसए ने कार्रवाई करते हुए स्कूल प्रधानाध्यापक रुमाना बेगम अफज़ाल, सहायक अध्यापक शिव कुमारी शाक्य, मो. रुमान व विपिन कुमार को निलंबित कर दिया। साथ ही इस प्रकरण में खण्ड शिक्षा अधिकारी दातागंज लक्ष्मी नरायन एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी समरेर भूपेन्द्र सिंह को नामित करते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

# हत्यारोपी समेत लूट की बैट्री खरीदने वाला भी गया जेल

**बिसौली, अमृत विचार :** किशोर के हत्यारोपी को जेल भेजने के बाद ई-रिक्शा का सामान खरीदने वाले को भी पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोपी ने चोरी किए गए ई-रिक्शा की बैट्री व अन्य पार्ट्स खरीदे थे। बिसौली के गांव पिंदारा निवासी सीताराम का 14 वर्षीय बेटा 24 मई को लापता हो गया था। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने हरिओम के ई-रिक्शा का सामान सैदपुर निवासी शहने अली उर्फ शाने अली को उन्होंने 12 हजार रुपये में बैट्री बेची थी। पुलिस ने बुधवार को शाहने अली को भी गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकरण में आरोपी अंकित व किशोर को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी।

# छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के दोषी को तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के पांच साल पुराने मामले में दोषी को विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट सुयश प्रकाश श्रीवास्तव ने तीन साल का कारावास और छह हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि अदा न करने पर दोषी को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 6 जून 2019 को तहरीर देकर बताया था कि वह पौने चार बजे गांव निवासी इंद्रजीत के ट्यूबवैल से पानी भर रही थीं। जहां ओमकार यादव मिला और उसे दबोच लिया। महिला कुंडी में गिर गई। आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी ने धमकी दी कि अगर किसी से शिकायत की तो जान से मार देगा। पुलिस साक्ष्य जुटाए। ओमकार यादव के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। बुधवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र कुमार सिंह, ऐश्वयरा राजपुत और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी को सजा सुनाई।

### कोर्ट में नौ जुलाई को होगी नीलकंठ महादेव मंदिर-जामा मस्जिद मामले की सुनवाई

**बदायूं।** नीलकंठ महादेव–जामा मस्जिद मामले की सुनवाई नौ जुलाई को नीयत की गई है। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में याचिका दायर की गयी थी। इसमें जामा मस्जिद शम्सी की जगह नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया है। सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी न्यायालय के न्यायधीश मनीष कुमार की अदालत में मामला चल रहा है। न्यायाधीश के अवकाश पर होने की वजह से किसी भी पक्ष की तरफ से सुनवाई नहीं हो पाई। सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता संजीव वैश्य ने अपनी बहस पूरी कर दी थी। सरकार के वकील ने न्यायालय में इसके प्राचीन स्मारक होने के बिंदु पर बहस की थी। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता अनवर आलम और असरार ने पिछली तारीख पर बहस की थी। जो जारी है। वादी पक्ष उसके बाद बहस करेगा। वाद चलेगा या नहीं, उसके निस्तारण के लिए अगली तारीख लगाई गई है।

# शव उठाने के मांगे रुपये तो फार्मासिस्ट ने युवक को बेरहमी से पीटा, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **आरोप, शव उठाने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने लिए थे पांच सौ रुपये, इसी को लेकर हुआ विवाद**
- **फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने लात-घूसे और डंडे से पीटा, सीएमओ से शिकायत**

**अमृत विचार :** तकरीबन एक साल से पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी विवादों के घेरे में रहे हैं। बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पर तैनात एक फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने लावारिस शवों को उठाने वाले युवक को बेरहमी से पीटा। अधिकारियों से की शिकायत हुई तो सीएमओ और सीओ सिटी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मारपीट का आरोप सही मिला। सीएमओ ने फार्मासिस्ट को पोस्टमार्टम हाउस से हटा दिया। पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मालगोदाम रोड निवासी विक्की उर्फ सुमित कुछ वर्षों से पोस्टमार्टम हाउस पर आने वाले लावारिस शवों को ढोने और अंतिम संस्कार करने का काम करता है। जिसकी वजह से वह सुबह से लेकर शाम तक पोस्टमार्टम हाउस पर ही रुका रहता है। साफ-सफाई भी करता है। बुधवार को भी पोस्टमार्टम हाउस पर बैठा था।

आरोप है कि उसने एक क्षत विक्षत शव मोर्चरी में रखवाने में मदद की। विक्की का आरोप है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने शव के साथ आए लोगों से पांच सौ रुपये लिए। विक्की ने भी सौ रुपये मांगे। जिसके चलते गाली-गलौज शुरू हो गई। जिसका विरोध करने पर फार्मासिस्ट संजी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सत्यवीर ने विक्की को लात-घूसे और लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटा। उसके चीखने पर पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद पुलिसकर्मी पहुंचे और बचाव कराया। पीड़ित ने कोतवाली जाकर पुलिस से शिकायत की।

सिविल लाइन कोतवाल गौरव विश्नोई ने सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम और पुलिस के अधिकारियों को सूचना दी। अधिकारियों ने मौके पर जाकर पूछताछ की तो आरोप सही निकले। सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि सीएमओ मामले की जांच करेंगे। उनकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ने बताया कि फार्मासिस्ट संजीव को पोस्टमार्टम की ड्यूटी से हटा दिया गया है। जांच की जा रही है।

# खत्म नहीं हुआ दवाओं का टोटा, भटक रहे टीबी के मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सरकार टीबी रोगियों का इलाज मुफ्त में कराती है, लेकिन जिले में दवाइयां कम पड़ने से रोगियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में रोगियों को दवाओं के लिए निजी मेडिकल स्टोर्स का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को तीसरे दिन जिला अस्पताल के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल स्थित टीबी विभाग में करीब तीन महीने से टीबी की दवाएं नहीं है। दवा नहीं होने से मरीजों को दिक्कत हो रही है। जो मरीज यहां पर दवा लेने को आते हैं उन्हे कुछ दिन पहले दो दो दिन की दवाएं दी जाती थीं। समस्या अधिक होने पर राज्य सरकार को दवाओं की कमी के बारे में सूचित किया गया, जिस पर विभाग को निर्देशित किया गया कि कुछ दवाएं सीएमओ स्तर से खरीद ली जाएं, जिससे मरीजों को चक्कर न काटने पड़ें। उक्त निर्देश मिलने के बाद सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान ने टीबी की कुछ दवाएं खरीद ली। उसी में से कुछ दवाएं सीएचसी पर भी भेजी गयीं।

जिससे दवा जल्द खत्म हो गयीं। टीबी विभाग में आने वाले मरीजों को बाजार से भी दवाएं लिखी गयी, जिस पर कुछ मरीजों ने दवाएं महंगी मिलने पर हंगामा किया। अब मरीजों को दो दो दिन की दवाएं देकर काम चलाया जा रहा है। जिससे मरीजों को हर तीसरे दिन दौड़ना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि दवा लेने को किराया खर्च करके आना पड़ता है।


टीबी मरीजों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

टीबी के मरीजों को दवाएं निरंतर दी जा रही हैं। अभी दवाएं कम हैं, इसलिए चार चार दिन की दे रहे हैं। जल्द ही राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से टीबी की दवाएं आने वाली हैं उसके बाद फिर से मरीजों को पन्द्रह दिन की दवाएं दी जाएंगी। जिले में करीब दस हजार टीबी के मरीज हैं जो इस समय सभी मरीज यहीं से दवाएं लेने आ रहे हैं इसलिए भीड़ लगी रहती है। बहुत जल्द स्थिति सामान्य हो जाएगी।
– **डॉ. विनेश कुमार**, जिला क्षय रोग अधिकारी

### ये है रोगियों की संख्या

जिले में करीब दस हजार टीबी के मरीज हैं। जिनमे से अधिकांश मरीज सीएचसी और पीएचसी से दवाएं लेते हैं। लेकिन अब वहां पर दवाएं नहीं मिलने के कारण सभी मरीज जिला अस्पताल स्थित टीबी विभाग में आ रहे हैं। इसलिए यहां पर हर रोज भीड़ जुट रही है। दूर दराज से आने वाले मरीज जब हंगामा करते हैं तो उन्हे चार दिन की दवा दे दी जाती है।

### जिला महिला अस्पताल के सीएमएस ने दी दो हजार टैबलेट

टीबी की दवाओं की कमी के चलते जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डा. इंदुकांत वर्मा ने दो हजार टैबलेट टीबी विभाग को उपलब्ध कराई हैं। सीएमएस ने 4 एफडीसी दवा के दो हजार टैबलेट टीबी विभाग को दिए हैं। यह उन्होंने अपने स्तर से बाजार से खरीद कर उपलब्ध कराई हैं। सीएमएस ने बताया कि टीबी मरीजों को दवाएं निरंतर मिलती रहें इसलिए उन्होने कुछ दवाएं अपने स्तर से दी हैं।

### सरकार से भी मिलीं कुछ दवाएं

उधर रविवार की देर शाम राज्य सरकार की ओर से 3 एफडीसी के दो हजार टैबलेट भेजे गए हैं। यह दवाएं फिलहाल मरीजों को दी जाएंगी। राज्य सरकार की ओर से सूचित किया गया है। कि जून के प्रथम सप्ताह में कुछ दवाएं और उपलब्ध करा दी जाएंगी। साथ ही जून के मध्य में केंद्र सरकार की ओर से दवाएं पर्याप्त मात्रा में मिलने की उम्मीद है।

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon

डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन

डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist

डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon

डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

FACILITIES
- CATHLAB
- ICU
- CCU
- ANGIOPLASTY
- NICU
- ECHO TMT
- ANGIOGRAPHY
- HDU
- PACEMAKER
- DIALYSIS
- VENTILATOR

मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566




ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

# भीषण गर्मी: चार दिन में फुंक गए 30 ट्रांसफार्मर

## सुबह से ही चढ़ा पारा, 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बेतहाशा गर्मी के चलते बिजली का उपयोग बढ़ा है। इससे ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर जवाब देने लगे हैं। गांव देहात ही नहीं शहर में भी जगह-जगह ट्रांसफार्मर ओवरहीट होकर फुंक रहे हैं। जिसके चलते लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय आंकड़ों की बात करें तो पिछले चार दिनों में 30 से अधिक ट्रांसफार्मर गर्मी में फुंक चुके हैं।

गर्मी से जहां जनता बेहाल है, वहीं बिजली विभाग को भी भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के आगे विभाग के दावे और तैयारियां धरी रह गई हैं। लोड बढ़ने के चलते घंटों-घंटों अघोषित कटौती हो रही है। वहीं, ट्रांसफार्मर भी धड़ाधड़ फुंक रहे हैं। दातागंज, उसावां, बिसौली, सहसवान, शहर समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन आठ से दस ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। वर्कशाप के कर्मचारियों को भी देर रात तक ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का काम करना पड़ रहा है। वहीं जर्जर लाइन भी बिजली कटौती के लिए जिम्मेदार है। नवादा बिजली उपकेंद्र पर एक सप्ताह में तीन बार तार टूटने से सप्लाई बाधित हुई है। इस फीडर से जुड़े गांवों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ढाक वाली जियारत के पास स्थित बिजली उपकेन्द्र पर भी कई बार तकनीकी खराबी के कारण सप्लाई बाधित हुई। बुधवार को सुबह आठ बजे से दस बजे तक सप्लाई ठप रही। सखानू उपकेंद्र पर गर्मी के कारण एक सप्ताह में दो बार ट्रांसफार्मर जल चुका है। जिससे दो दो दिन तक लोगों को परेशानी हुई है। कई जगह गर्मी में तार भी जल चुके हैं। अधिक लोड के चलते बिजली उपकरण जल रहे हैं। बिजली विभाग का कहना है कि गर्मी में 40 से 60 प्रतिशत बिजली का लोड बड़ा है। कम स्टाफ के कारण बिजली घरों को संविदा कर्मी ही चला रहे हैं।


कार्यशाला में मरम्मत करके रखे गए ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

- **बिजली के ज्यादा प्रयोग से बढ़ रहा ओवरलोड, ट्रांसफार्मर की लगातार हो रही मरम्मत**

> गर्मी में बिजली चोरी बढ़ रही है। जिससे ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ने पर जल्द फुंक रहे हैं। जिन्हे ठीक कराया जा रहा है। दो महीने में चार दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मरों को ठीक किया गया है। जबकि दर्जन भर ट्रांसफार्मर ठीक होने को कार्यशाला में रखे हैं। जले हुए ट्रांसफार्मर को रात दिन काम करके ठीक किया जा रहा है जिससे उपभोक्ताओं को दिक्कत न हो सके।
> **-अखिलेश कुमार**, अधीक्षण अभियंता

## ट्रांसफार्मरों की होगी क्षमता वृद्धि

**बदायूं, अमृत विचार :** विद्युत समस्या को दूर करने के लिए मध्यांचल में 33,11 केवी उपकेंद्रों के लगभग 100 ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की गयी है। मध्यांचल में विभिन्न क्षमता के लगभग 8 हजार नए ट्रांसफार्मरों का क्रय कर विभिन्न खंडों में स्थापित किए गए हैं। 15 हजार की क्षमता वृद्धि की गयी है। पिछले साल बिजली का औसतन लोड 12 प्रतिशत बढ़ता था लेकिन इस माह मई में यह लोड बढ़ कर 63 प्रतिशत हो गया है। यह अधिशासी अभियंता की ओर से दी गयी है।

## बिजली का खंबा मकान पर गिरा, बाल बाल बचे लोग


मकान से टिका टूटा हुआ विद्युत पोल। ● अमृत विचार

**ओरछी, अमृत विचार :** विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के गांव खेड़ा दास में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। बंदरों के हिलाने से टूटा पोल अभी तक नहीं बदल गया। कुछ दिनों से एक मकान पर टिका हुआ है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गांव खेड़ा दास के एक मोहल्ले में बंदरों के हिलाने से खंबा टूटकर मकान पर जाकर गिर गया। हादसे के दौरान सप्लाई जारी थी। पोल टूटने की जानकारी गांव के लोगों ने बिजली विभाग को दी, लेकिन कई दिनों बाद भी इसे बदला नहीं गया है। जिससे यह कभी भी लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ सकता है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

## कंस वध की लीला सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**बिल्सी अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव वैन में ग्राम देवता मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को कथावाचक ने कंस वध के प्रसंग का वर्णन सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। जिसको सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।

कथावाचक अवध किशोर महाराज ने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने मथुरा में आतंक मचा रखा था। भगवान कृष्ण ने उसका वध कर आतंक से मुक्ति दिलाई। दुष्ट कंस के बुलाने पर श्रीकृष्ण अपने बड़े भाई दाऊजी के साथ मथुरा पहुंचे। जहां उनके दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े। मल्ल युद्ध के बाद श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस प्रकार कंस के अत्याचार से भगवान ने मुक्ति दिलाई। उन्होने कहा कि समाज में कोई भी कितना बड़ा अत्याचारी क्यों न हो, उसका अंत एक दिन अवश्य होकर रहता है। इसलिए लोगों को हमेशा सद्कर्म करना चाहिए।

## मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** विकास क्षेत्र दहगवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात कर्मचारी इंद्रजीत साहनी ने अपनी फेसबुक आइडी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर छोड़ दिया था। बिना कार्रवाई के छोड़ने पर जिले भर में चर्चा हुई थी। जिसके बाद भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री मोहम्मद उमर सैफी ने जरीफनगर थाने पर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना हे किसी ने आरोपी की आइडी हैक करके अभद्र टिप्पणी की थी।

## शहर में आज

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र सत्यधाम द्वारा जागरुकता शिविर सुबह 10 बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक अशोक नगर स्थित शिक्षा प्रकोष्ठ कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- नौ दिवसीय बौद्ध कथा का शुभारंभ सहावर क्षेत्र के गांव सुजानपुर में दोपहर 12 बजे से।
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर शहर के लक्ष्मीगंज स्थित एमजी डिग्री कॉलेज में सुबह 11 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि वांछित अभियुक्त मंत्री निवासी वरौदा थाना सोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियामनुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### पूर्व मंत्री के निधन पर शोक जताया

**कासगंज।** एटा लोकसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य के बड़े भाई तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री विनय शाक्य के निधन पर कासगंज समाजवादी पार्टी के चुनाव कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। लोगों ने विनय शाक्य के कार्यों को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में लोकसभा के प्रत्याशी देवेश शाक्य, समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी, मुनेंद्र शाक्य, मनोज यादव, धर्मेंद्र मौर्य, दिनेश शाक्य, विकास यादव, रामनाथ कुशवाहा, श्रीपाल, संतोष प्रधान, वसीम प्रधान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पति से हुई कहासुनी पर पत्नी खाया जहर

**कासगंज।** थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव बड़ोड में पति अरुण के साथ हुई कहासुनी के बाद पत्नी रचना ने आवेश में आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे हालत बिगड़ गई। परिजनों में खलबली मच गई। इसके बाद परिजन पटियाली के स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया है। जहां महिला का उपचार चल रहा है। मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

# पोल के स्टे में करंट से युवक की मौत, गुस्साये परिजनों ने शव सड़क पर रख लगाया जाम

## परिजनों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस ने शांत किया, दर्ज की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव पहलोई में विद्युत पोल के सपोर्ट तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। परिजनों एवं ग्रामीणों ने घटना पर आक्रोश जताते हुए विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। मामले में सिढ़पुरा थाने में तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है।



मृतक सुरेंद्र

गांव पहलोई निवासी डा. रामनाथ के घर के नजदीक विद्युत पोल लगा है। इस विद्युत पोल पर सपोर्ट तार भी लगा हुआ है। बुधवार की सुबह गांव के ही जमादार के 35 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र को अहसास नहीं था कि विद्युत पोल के सपोर्ट तार में करंट दौड़ रहा है। वह उसके समीप से निकला तो तार से छू गया और करंट की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक ग्रामीण घटना को लेकर आक्रोशित हो चुके थे। ग्रामीणों ने सड़क पर शव को रखकर जाम लगा दिया और बिजली विभाग के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर कर हंगामा किया। इंस्पेक्टर राधेश्याम पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। जाम लगाने रहे लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



जाम लगा रहे ग्रामीणों एवं परिजनों को समझाते इंस्पेक्टर राधेश्याम। ● अमृत विचार

### छह बच्चों का पिता था सुरेंद्र, घर में कोहराम

करंट की चपेट में आकर असमय काल का शिकार बने सुरेंद्र दो भाइयों में बड़ा था। उसका विवाह हो चुका था और उसके छह बच्चे थे। ग्रामीणों के मुताबिक सुरेंद्र के सभी बच्चे नाबालिग है। बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

> करंट की चपेट में आकर 35 वर्षीय सुरेंद्र की मौत हुई है। ग्रामीणों ने जाम लगाया था। समझाकर जाम खुलवा दिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में पिता ने तहरीर दी है।
> – **विजय कुमार राणा**, सीओ पटियाली

> करंट से हुई युवक की मौत के मामले में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। विद्युत विभाग से मृतक आश्रित को मुआवजा दिलाया जाएगा। प्रशासनिक स्तर से परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।
> – **कुलदीप सिंह**, एसडीएम पटियाली



युवक की मौत पर विलाप करतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

# एसपी ने मोहनपुर चौकी में देखीं व्यवस्थाएं, पैदल मार्च



मोहनपुर चौकी का निरीक्षण करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **नियमों का पालन नहीं कर रहे वाहन चालकों के काटे चालान**

**अमृत विचार :** एसपी ने मंगलवार की देर शाम सहावर सर्किल की चौकी मोहनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। कस्बा सहावर में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। वाहनों की चेकिंग कराई। नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों के चालान कटवाए। कानून व्यवस्था का सख्ती से पालन कराने के निर्देश पुलिस को दिए।

शाम को एसपी अपर्णा रजत कौशिक अचानक मोहनपुर चौकी पहुंच गई। एसपी को देखते ही पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। एसपी ने चौकी पर सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। चौकी प्रभारी के कार्यालय में जाकर आगंतुक एवं ड्यटी रजिस्टर चेक किया। चौकी की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद एसपी थाना सहावर पहुंची। उन्होंने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की ड्यूटियां देखी। नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों के चालान कटवाए। सीओ सहावर शाहिदा नसरीन, प्रभारी निरीक्षक लोकेश सिंह भाटी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# छत से गिरकर किशोर और वृद्ध की मौत, परिजन बेहाल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर किया अंतिम संस्कार**

**अमृत विचार :** एटा एवं जिला कासगंज में छत से गिरकर किशोर और वृद्ध की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया।

जिला एटा के थाना मारहरा के गांव नगला लखेरा निवासी 67 वर्षीय वीरपाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह मंगलवार रात को घर की छत पर सो रहे थे। रात लगभग नौ बजे अचानक वह छत से नीचे आ गिरे। आवाज सुन परिजनों की नींद खुल गई। वे उन्हें गंभीर हालत में कासगंज के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने वीरपाल को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना सदर कोतवाली के गांव नगला गोकुल में हुई। कालीचरन का 15 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार घर की छत पर सोया हुआ था। रात लगभग नौ बजे वह लघुशंका के लिए उठा तो छत से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बुधवार को सुबह उसकी मौत हो गई।



मृतक सुमित

# घर में घुसकर भाई बहन को पीटा

**एटा, अमृत विचारः** हृदेयपुर निवासी रामनिवास का आरोप है कि गांव अगोनापुर निवासी अंकित समेत दो लोगों ने उनके पुत्र प्रशांत व पुत्री से घर में घुसकर मारपीट कर चोटिल कर दिया। गाली-गलौज की गई। मिरहची थाना क्षेत्र के गांव नयाबांस निवासी बृजगोपाल की पुत्री साधना का आरोप है कि घर में घुसकर पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई, कपड़े फाड़ दिए व जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के निवासी रामनिवासी की पत्नी बृजेश देवी उर्फ गुड्डी देवी समेत तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# गर्मी ढा रही सितम, बढ़ रहे हीट क्रैंप्स के रोगी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **तेज धूप,लू और गर्म हवाओं के चलते लोगों को हो रही परेशानी**
- **चिकित्सकों की सलाह से ही लें दवा, झोलाछापों से बचें**

**अमृत विचार :** निरंतर पड़ रही तेज धूप और बदन झुलसा देने वाली गर्मी का यह मौसम हीट क्रैंप्स के रोगियों को बढ़ा रहा है। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। चिकित्सकों की सलाह है कि हीट स्ट्रोक का शिकार होने पर प्रशिक्षित चिकित्सक से राय लें। बचाव के उपाय करें। झोलाछापों से बचे रहें।

वरिष्ठ फिजिशियन डा. सुरेंद्र गुप्ता बताते हैं कि हीट स्ट्रोक को बोलचाल की भाषा में लू कहा जाता है। हीट-स्ट्रोक से तीन तरह की समस्याएं आती हैं। पहले हीट एंक्जशन जो सामान्य रूप से बहुत अधिक कष्टदायी नहीं है। इसमें थकावट महसूस होती है और प्यास लगती है। जबकि हीट क्रैंप्स में स्वास्थ्य प्रभावित होने लगता है। सन स्ट्रोक गंभीर बीमारियों को बढ़ाता है, यह चिंताजनक है। सन स्ट्रोक में व्यक्ति के शरीर का तापमान इतना अधिक हो जाता है कि जिसे वह नियंत्रित नहीं कर पाता। उसके रक्तचाप में भी कमी आ सकती है। ऐसे में हीट-स्ट्रोक एवं इससे होने वाली बीमारियों से बचने के लिए उपाय बहुत जरूरी है।



जिला अस्पताल में भर्ती हीट स्ट्रोक के शिकार बच्चे। ● अमृत विचार

> धूप में जाने से बचें। बिना जरूरी कार्य के घर से न निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीकर घर से निकलें। इस मौसम में हल्के रंग ढीले वस्त्र पहनें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। खान-पान का विशेष ध्यान रखें।
> – **रुचि माहेश्वरी**, डायटिशियन

> हीट-स्ट्रोक को लेकर सजग रहना चाहिए। इसके लक्षण सामने आते ही बचाव शुरू कर देना चाहिए। हीट स्ट्रोक से लीवर, किडनी और मस्तिष्क भी प्रभावित हो सकता है। इसमें मरीज को तुरंत उपचार लेना चाहिए।
> – **डा. अनुपम**, फिजिशियन

# उद्यमियों ने रखीं समस्याएं, सीडीओ बोले-होगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **उद्योग बंधु की बैठक में योजनाओं की दी गई जानकारी**

**अमृत विचार :** कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को उद्योग बंधु की बैठक हुई। उद्यमियों ने सीडीओ के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा।

सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर उनकी समीक्षा की गई। सीडीओ सचिन ने बैठक में जनपद में नये ओद्योगिक आस्थान विकसित करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श, मिनी औद्योगिक आस्थान गंजडुंडवारा, निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन लंबित आवेदन पत्रों की समीक्षा की। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान शासन स्तर से हस्ताक्षरित हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए उद्योग बंधुओं से विचार-विमर्श किया। उद्यमियों ने कई समस्याएं बताईं जिनका सीडीओ ने निस्तारण का आश्वासन दिया। बैंक स्तर लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रचार प्रसार कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से कहा।

बैठक में सभी विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन लम्बित न रखने के निर्देश दिए गए। जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्रा सहित संबंध विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# कासगंज डिपो में संविदा पर भर्ती होंगे 41 चालक

**कासगंज, अमृत विचार :** कासगंज डिपो में चालकों की कमी को दूर करने के लिए संविदा पर 41 चालकों की नियुक्ति की जाएगी। bसके लिए काउंसलिंग के बाद चयनित अभ्यर्थियों के टेस्ट लिए जाएंगे। टेस्ट और काउंसलिंग के लिए विभाग ने कार्यक्रम जारी किया है।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ओउम प्रकाश ने बताया कि कासगंज डिपो में चालकों की कमी दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संविदा पर चालकों की भर्ती की जाएगी। 41 चालकों को भर्ती किया जाएगा। उन्होंने बताया इसके लिए सोरों के बस स्टैंड पर एक जून एवं पटियाली बस स्टैंड पर पांच जून, गंजडुंडवारा में सात जून को काउंसलिंग होगी। अभ्यर्थियों के प्र-पत्र चेक किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों के प्रपत्र सही पाए गए उन्हें भर्ती के लिए टेस्ट की प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग में चयनित अभ्यर्थियों के टेस्ट तीन जून को सोरों, छह जून को पटियाली और आठ जून को गंजडुंडवारा बस स्टैंड पर होंगे।

# सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित



नवनियुक्त अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **राजकुमार जाखेटिया अध्यक्ष एवं रोहताश यादव बने महामंत्री**
- **बैठक में वार्षिकोत्सव के आयोजन की बनाई गई रूपरेखा**

**अमृत विचार :** जिला सराफा एसोसिएशन की बैठक शहर के सरकुलर रोड स्थित एक होटल में हुई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। राजकुमार जाखेटिया अध्यक्ष, रोहताश यादव महामंत्री बनाए गए। वहीं कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी ललित बिड़ला को दी गई। बैठक में वार्षिकोत्सव के आयोजन की रूपरेखा भी बनाई गई।

जिला संयोजक योगेश चंद्र गौड़ एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि संगठन पूरी तरह सराफा व्यवसाइयों के हित में संघर्ष कर रहा है।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी में राजकुमार जाखेटिया अध्यक्ष, रोहतास यादव महामंत्री, ललित बिडला कोषाध्यक्ष, राजीव कावरा शहर प्रभारी, शहर संयोजक अशोक माहेश्वरी को बनाया गया। जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध पल्तानी ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी। संचालन दीपक गुप्ता सराफ ने किया। अजय अग्रवाल, सुरेंद्र माहेश्वरी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्र गुप्ता हिना, जिला संसदीय महामंत्री विपुल गर्ग, कपिल लाहोटी, युवा अध्यक्ष विवेक वर्मा, विनय वर्मा आशीष केला, मंयक माहेश्वरी, राहुल अग्रवाल, नवीन वर्मा, गिरीश पान्यबाल, मनोज अग्रवाल, जीतेश, सूरजन, नेत्रपाल मंत्री, जाकिर, अंशुल माहेश्वरी मौजूद रहे।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत



अस्पताल में परिजनों से जानकारी लेते इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल**
- **पिकअप पुलिस के कब्जे में जबकि चालक हो गया फरार**

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया है। जबकि चालक फरार है।

थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव बिछुइया निवासी 38 वर्षीय रामवरन पुत्र रघुवीर सिंह बाइक से गंजडुंडवारा जा रहा था। पटियाली कोतवाली क्षेत्र में नगला किशोरी के समीप पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में लिया और घायल को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि चालक मौके से भाग गया है। पिकअप वाहन पुलिस के कब्जे में है। तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# मतगणना को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरणों में पहुंच गई हैं। शहर गल्ला मंडी मतगणना स्थल पर बेरीकेडिंग का कार्य पूरा हो चुका है। अन्य व्यवस्थाएं जुटायी जा रही हैं। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से गल्ला मंडी परिसर में होगी।

जिले में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सात मई को हुआ था। ईवीएम को गल्ला मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। मतगणना चार जून होगी। जिला प्रशासन ने मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली है। जिले की तीनों कासगंज, अमांपुर और पटियाली विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना कराई जाएगी। मतगणना के लिए विधानसभा बार टेबिलों को लगाया जाएगा। प्रत्येक टेबिल पर एक प्रत्याशी का एक मतगणना अभिकर्ता रहेगा। तीनों विधान सभाओं की मतगणना के लिए कर्मचारियां की नियुक्ति भी कर दी गई है। चुनाव परिणाम की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर एवं डीएम सुधा वर्मा द्वारा की जाएगी।



गल्ला मंडी परिसर में मतगणना के लिए की गई बेरिकेडिंग एवं तैनात सुरक्षा कर्मी। ● अमृत विचार

- **शहर के गल्ला मंडी स्थल पर होगी तीनों विधानसभा की मतगणना**
- **बेरिकेडिंग के साथ जुटाई जा रहीं अन्य व्यवस्थाएं, सुरक्षा के इंतजाम**

> मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां कर ली गई हैं। नतीजे पारदर्शिता के और जल्दी सामने आए इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्थाएं की गई हैं।
> – **राकेश कुमार पटेल**, एडीएम

### आंकड़ों की नजर में

- प्रत्येक विधानसभा पर लगाई जाएगी 14 टेबल
- चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना
- पहले गिने जाएंगे पोस्टल बैलेट पेपर
- चार जून को सुबह छह बजे खोले जाएंगे स्ट्रांग रूम

# मतगणना स्थल पर जुटाई जाएं सभी जरूरी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **डीएम ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश**
- **सुरक्षा को लेकर एसपी ने सतर्कता बरतने को कहा**

**अमृत विचार :** मतगणना को लेकर बुधवार को हुई बैठक में डीएम, एसपी ने मतगणना स्थल पर तैनात प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाएं जुटाने के निर्देश दिए। एसपी ने मतगणना के दौरान सतर्कता बरतने को पुलिस अधिकारियों से कहा।

डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पूरी होनी चाहिए। बीएसएनएल कंट्रोल रूम में टोलीफोन की हंटिंग लाइन लगाए। पत्रकार कक्ष एवं तीनों विधानसभा के पंडाल में भी हाई स्पीड इंटरनेट व्यवस्था होनी चाहिए। बेहतर सफाई व्यवस्था बनाएं। मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था की जाए। डीएम ने बिजली की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।डाक मतपत्र चार जून को सुबह 7:59 से पहले मतगणना स्थल में उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने अन्य अधिकारियों को मतगणना पंडाल में सीटीवी कैमरे, मतगणना की वीडियोग्राफी कराए जाने के निर्देश दिए। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। पुलिसकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन करें। एएसपी राजेश कुमार भारती सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## एसडीएम से अधिशासी अधिकारी का प्रभार लेने की मांग

**जलेसर, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद में सभासदों ने बैठक कर पालिका के प्रभारी अधिशासी अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सभासदों ने कहा कि भीषण गर्मी का माहौल है लेकिन पालिका के द्वारा पेयजल, सड़क एवं नाली की मरम्मत कार्य ठप्प पड़े हैं। सभासदों ने उप जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी जगमोहन गुप्ता द्वारा मिलने से इनकार कर देने पर नाराजगी जताई।

- **सभासदों ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र, सामूहिक त्यागपत्र की दी चेतावनी**

जिलाधिकारी को भेजे पत्र में मांग की कि उप जिलाधिकारी को अधिशासी अधिकारी के पद से कार्य मुक्त कर दिया जाए एवं उनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारीको नियुक्त किया जाए ताकि समस्याओं का निवारण हो सके। समस्या का निराकरण न हुआ तो सभासद सामूहिक रूप से त्यागपत्र देंगे। बैठक में झरनेद्र सिंह, शहजाद खलीफा, रोमेश बुंदेला, नवीन कुमार, ललित कुमार, नसीम खान, मोहम्मद फैसल, कन्हैया कुमार, रोशनी देवी, वीरेंद्र कुमार सहित अन्य सभासद मौजूद थे।

# तापमान में कुछ नरमी लेकिन बदन झुलसा रही गर्मी

## सूरज के तेवरों ने अस्त-व्यस्त किया जनजीवन, कारोबार पर भी असर, दोपहर में बाजारों में पसर रहा सन्नाटा

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** बुधवार को तापमान में मामूली गिरावट आई लेकिन बदन झुलसा देने वाली गर्मी से राहत नहीं मिली। आम-जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। गर्मी से कारोबार भी प्रभावित रहे। बाजारों में दोपहर को सन्नाटा पसरा रहा तो सुबह-शाम रौनक दिखाई दी। बाजार देर रात तक खुले रहे। तापमान अधिकतम 46 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम 36 डिग्री सेल्सियस रहा।

गर्मी और लू ने लोगों को घरों में कैद करके रख दिया है। मंगलवार के सापेक्ष बुधवार को तापमान में लगभग तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट रही। इसके बावजूद सूरज की तपन और झुलसा देने वाली गर्मी से राहत महसूस नहीं की गई। सुबह से ही तेज गर्मी पड़ रही थी तो दोपहर तक चरम पर जा पहुंची। सुबह जो खरीददार बाजारों में दिखाई दे रहे थे वह भी घरों की ओर कूच कर गए और बाजारों में सन्नाटा पसर गया। शहर ही नहीं कस्बा, देहात में भी गर्मी ने लोगों को जीना दुश्वार कर दिया है। वाहन चालकों की भी सामत आयी है। दो पहिया वाहन चालक लू के थेपड़ों के चलते वाहन चलाने में परेशानी का सामना कर रहे हैं। दोपहर में तो सकुलर रोड, कासगंज बरेली मार्ग और कासगंज-मथुरा मार्गो पर वाहन दौड़ते नजर नहीं आते हैं।


शहर का व्यस्ततम नदरई गेट बाजार दोपहर में हो गया सूनसान। • अमृत विचार

### ठंडे पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

भीषण गर्मी में ठंड से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं। शहर में सैकड़ों स्थानों पर गन्ने के जूस, फलों के जूस, कोल्ड्रिंक, ठंडाई, बर्फ की अस्थाई दुकानें लगी है। जिनम पर लोग इनका सेवन करते नजर आते हैं। ठंडे पेय पदार्थों की मांग में निरंतर इजाफा हो रहा है। नारियल पानी की कीमतें भी आसमान पर पहुंच गई है। बीते माह 40 से 50 रुपये बिक रहा नारियल अब 80 रुपये तक जा पहुंचा है।


धूप से बचने के लिए गमछे से सिर ढककर जाते युवक। • अमृत विचार


जिला अस्पताल में ठंडा पानी पीते लोग। • अमृत विचार

### जमकर खरीदे जा रहे हैं कूलर, कीमत बढ़ी

इस वर्ष बेताशा गर्मी ने कूलरों की मांग इस तरह बढ़ा दी कि मई माह के अंत आते आते बाजारों में कूलर की उपलब्धता न के बराबर रह गयी है। निर्माताओं के यहां भी स्टॉक नहीं है। कूलरों की कीमतें भी लगभग 25 फीसद बढ़ गई है। कूलर विक्रेता सनोज माहेश्वरी का कहना है कि इस वर्ष कूलरों की इस कदर मांग निकली है जो बीते पांच वर्षों में नहीं निकली। पुरान स्टॉक भी खत्म हो गया है। मांग निरंतर बनी हुई।

## नहर में मिला बच्चे का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**एटा, अमृत विचार :** बागवाला थाना क्षेत्र के नगला धीमर नहर में एक मासूम बच्चे का शव मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर एकत्रित लोगों द्वारा शिनाख्त की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। बुधवार को सुबह 6 बजे बागवाला थाना क्षेत्र के नगर धीमर नहर के पास एक ढाई साल के बच्चे का शव पड़े होने की सूचना मिली। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। मौजूद लोगों द्वारा बागवाला थाना पुलिस को इत्तला दी। पुलिस ने बच्चे की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात में शव को मुख्यालय मोरचरी भेज दिया। शव 72 घंटा के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया। यह बच्चा किसका, कहां से शव यहां आया, इसकी मौत कैसे हुई, ऐसे तमाम अनुउत्तरित सवालों के जवाब तो फिलहाल किसी के पास नहीं है। बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# भरगैन में लड़खड़ाई बिजली सप्लाई, लोगों में गुस्सा

**संवाददाता, भरगैन**

- **निर्धारित रोस्टर के अनुसार नहीं हो रही आपूर्ति**

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही विद्युत व्यवस्था लड़खड़ा गई है। लोग पीने के पानी के लिए भी परेशान हैं। 24 घंटे में बमुश्किल 10 घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश पनप रहा है।

मई के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। ऐसे में भरगैन में बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्र में 20 घंटे आपूर्ति दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन भरगैन में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही है।

दिन और रात में लगभग 13 से 14 घंटे कटौती होती है। जिसके चलते लोग गर्मी से बेहाल हैं। पंखे, कूलर, फ्रिज, इनवर्टर सहित तमाम घरों और प्रतिष्ठानों में लगाए गए उपकरण दिखावा बनकर रह गए हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुसार दी जा रही है। यदि कहीं कोई समस्या है। तो उसको सही किया जाता है।


भरगैन में उपभोक्ताओं को बिजली की सप्लाई रोस्टर के अनुसार 20 घंटे नहीं मिल रही है। अधिकारियों से अनुरोध है बिना विलंब के दरियावगंज उपकेंद्र से भरगैन को रोस्टर के मुताबिक बिजली सप्लाई दें। **– रिहान खान**


गर्मी में हाल बेहाल है। बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई है। नगरीय क्षेत्र होने के बावजूद भी भरगैन में महज 10 से 11 घंटे ही बिजली मिल रही है। बिजली कटौती से इनवर्टर डाउन पड़ जाते हैं। उपभोक्ता परेशान रहते हैं। **– असलम खान**

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# न्याय न मिला तो कर लूंगा आत्महत्या

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- **धोखाधड़ी का झूठा मामला दर्ज कराने का लगाया आरोप**

**अमृत विचार:** मेरा किसी भी फर्जी बैनामे से कोई लेना-देना नहीं है। फिर भी एक मामले में मुझे फंसा दिया गया है। यह आरोप पीड़ित ने पुलिस पर लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। चेतावनी की है कि यदि सही जांच न हुई तो वह आत्महत्या कर लेगा और उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह पुलिस की होगी।

थाना अमापुर क्षेत्र के गांव मुनीर नगर निवासी मुलायम सिंह पुत्र मोहनलाल ने प्रार्थना पत्र राज्यपाल, डीजीपी, पुलिस उप महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक के अलावा अलीगढ़ कमिश्नर, कासगंज डीएम, एसपी, एएसपी और सहावर सीओ को दिया है। उन्होंने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि 30 अप्रैल को एक एफआईआर सहावर थाने में दर्ज कराई गई, जिसमें उसे फर्जी बैनामा कराने का आरोपी बना दिया गया। जबकि उस समय वह गांव में कृषि कार्य कर रहा था। इस मामले से पीड़ित का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। वह हलफनामे के साथ गंगा मां की कसम खाता है कि वह पूरी तरह निर्दोष है। उच्च अधिकारियों की टीम से जांच कराई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए।

> यह मामला जांच का विषय है और जांच चल रही है। जांच में सच्चाई जो भी होगी उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **लोकेश सिंह भाटी**, सहावर इंस्पेक्टर

## टहल रहे वृद्ध को तेज रफ्तार बस ने रौंदा, मौत

**संवाददाता, जैथरा**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में बुधवार को सुबह बॉकिंग कर रहे वृद्ध को बस ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई।

घटनाक्रम के अनुसार थाना व कस्बा जैथरा के मोहल्ला भढईयान निवासी वीरेन्द्र सिंह (55) पुत्र सुघड़ सिंह बुधवार को सुबह गांव के पास टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से जा रही रोडवेज कलर में रंगी बस ने टक्कर मार दी। आरोपित चालक मय गाड़ी के मौके से फरार हो गया। वीरेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा वीरेन्द्र को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां डाक्टर ने वीरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

आरोपित चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

## मारपीट में कई घायल

**एटा, अमृत विचार:** अवागढ़ के गांव नगल डरू निवासी भगवान देवी पत्नी माघव सिंह ने बताया कि गांव के निवासी ओमप्रकाश ने पीड़िता व परिजनों के साथ मारपीट की जान से मारने की धमकी दी है। मारहरा के मोहल्ला मीरा की सराय निवासी बृजपाल पुत्र रामखिलाडी का कहना है कि यहीं के निवासी रामबहादुर पुत्र रमेश समेत चार लोगों द्वारा पीड़ित व उसके पुत्र के साथ मारपीट कर धमकी दी है। सकरौली थाना क्षेत्र के गांव शाहनगर टिमरुआ निवासी बृजेश पुत्र बाबूराम का आरोप है कि गांव के निवासी सुमित पुत्र बाबू राम समेत दो लोगों ने पीड़ित के घर में घुसकर पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी गई।

# सड़क हादसों पर लगाम के उपाय हों

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- **सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम, एसपी ने दिए निर्देश**
- **ब्लैक स्पॉटों को किया जाए चिन्हित नियमित हो वाहनों की चेकिंग**

**अमृत विचार :** डीएम, एसपी ने सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए मिलजुल कर प्रयास करने एवं नये ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अभियंता लोकनिर्माण विभाग एवं संबंधित निर्माण एजेंसिया दुर्घटनाओं के लिए संवेदनशील स्थलों में सुधार लाएं।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि कोई भी स्कूल वाहन बिना फिटनेस के संचालित न हों। ऐसे वाहन यदि दुर्घटनाग्रस्त होते हैं तो संबंधित स्कूल संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ओवर लोड वाहनों के लाइसेंस निलंबित कराए जाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि कहीं पर भी दुर्घटना की स्थिति में तत्काल पीड़ितों की मदद की जाए। एंबुलेंस से तत्काल उन्हें नजदीकी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जाए। यातायात विभाग को निर्देश दिया कि ट्रैफिक जाम की समस्या के निराकरण के लिए ई-रिक्शा, ऑटो का रूट निर्धारण किया जाए। बैठक में बताया गया कि जनपद में लगभग तीन हजार अनाधिकृत ई-रिक्शा चल रहे हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारीने कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी से कमेटी गठित करने का आग्रह किया। बैठक में मार्गो पर दुर्घटनाओं से बचाव के लिए मोटराइज्ड एवं नॉन मोटराइज्ड वाहनों में रेट्रो रिफलेक्टिव टैप एवं फलोरेसेंट पेंट लगाये जाने की समीक्षा की गई।

एएसपी राजेश कुमार भारती, सीओ ट्रैफिक अजीत चौहान, एआरटीओ आरपी मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने छोटे भाई सौरभ शर्मा पुत्र श्री ब्रह्मानन्द शर्मा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन देन व कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। गौरव शर्मा पुत्र श्री ब्रह्मानन्द शर्मा निवासी शिव गंगा कालोनी, कांधरपुर थाना कैंट, जिला बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जयेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ राहुल व उसकी पत्नी पूजा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। निर्मित कुमारी पत्नी राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नूरपुर पिनौनी, थाना इस्लामनगर, तहसील बिल्सी जिला बदायूं।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम अंग्रेजी में Mohammad Sharif Ahmad Khan Alias Pappu दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम अंग्रेजी में Mohd Shareef Ahmad Khan है। मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम Mohd Shareef Ahmad Khan ही दर्ज है। मो. शरीफ अहमद खां पुत्र नवी यार खां निवासी मो. मिर्धान ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद कस्बा व तहसील फरीदपुर जिला बरेली।

For Rent
House on Rent in Prime Location of Rampur Garden
3 Bedroom Set, Modular kitchen, Drawing Room , Dining Hall, Store room, Balcony, Terrace, Parking
Govt Officer Preferred Only.
Mob.: 9837891810

बिकाऊ है
दुकान 12'x17' मय बेसमेंट जड़ समेत प्राइम लोकेशन नियर प्लाजा होटल चौपुला चौराहा, बरेली।
वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें।
स्वीटी इन्टरप्राइजेज
9897805943, 9557826409

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे व उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### संचारी रोग नियंत्रण संबंधी बैठक 31 को

एटा, अमृत विचार। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में जुलाई में प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु एक बैठक का आयोजन दिनांक 31 मई 2024 को सांय 4 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में किया जायेगा।

### बहला फुसलाकर दो किशोरियों को ले गए

एटा,अमृत विचार : कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव नगला कदम निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित की 16 वर्षीय चचेरी बहन को गांव के पास बुलाया और बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया। अवागढ़ के गांव सुघरा निवासी व्यक्ति ने बताया है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को गांव का आकाश समेत सात लोग बहला फुसलाकर ले गये।

### महिला से छेड़छाड़ और मारपीट की

एटा, अमृत विचार : निधौलीकलां की महिला का कहना है कि गांव पिपहरा निवासी अरविंद यादव समेत चार लोगों द्वारा पीड़िता की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, छेड़खानी करते हुए कपड़े फाड़ दिए गए। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भीषण गर्मी में डायरिया और पेट दर्द के मरीज बढ़े, अस्पतालों में लग रही भीड़

## बुधवार को 300 मरीजों में 70 डायरिया के, लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे डॉक्टर

संवाददाता, एटा



मेडिकल कॉलेज में दवा लेने के लिए मरीजों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मई के तपते महीने में जनपद में भीषण गर्मी को महसूस किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों में डायरिया और पेट दर्द की शिकायतें बढ़ गई हैं। यहां अस्पतालों में अचानक मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। गर्मी के दिनों में शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है। पानी की कमी के कारण पेट की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। डायरिया और पेट दर्द की शिकायत होने लगी है।

बुधवार को मेडिसिन विभाग में 300 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान यहां 70 से अधिक मरीज डायरिया के पहुंचे। डॉ. अंशुल यादव सहित एक अन्य चिकित्सक मरीजों को देखे। भीड़ ऐसी थी कि कक्ष में पहुंचना भी मुश्किल हो रहा था। स्वास्थ्य कर्मी लाइन से आने की बात मरीजों से कह रहे थे। चिकित्सक भी पसीने से तर थे। पंखा लगा है, लेकिन ये कारगर नहीं है। डाक्टरों ने कहा कि लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और गर्मी के दिनों में पानी की पर्याप्त मात्रा में सेवन करें।

### ऐसे करें बचाव

- धूप से बचाव के लिए सिर पर कैप या कपड़ा रखें।
- पानी और तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करें।
- मौसमी फल, तरबूज, खरबूजा, ककड़ी आदि का सेवन करें।
- काम करते समय पानी की बोतल साथ रखें।
- दही और लस्सी का सेवन करें।
- पानी में नमक डालकर पीएं।
- ओआरएस का घोल पिलाएं।

## अपराध रोकने को लगे सीसीटीवी कैमरे बने शोपीस



एक पोल पर खराब सीसीटीवी कैमरा।

**जलेसर, अमृत विचार:** काफी समय पूर्व जलेसर के आगरा चैराहा समेत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब हो गए हैं। सीसीटीवी कैमरा अब शो-पीस साबित हो रहे हैं। काफी समय से खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे ठीक कराने की किसी ने जहमत नहीं उठाई है। कुछ विद्युत पोलों पर फॉल्ट होने से जल गए हैं।

## तालाबों में भी सूख गया पानी पशु-पक्षियों की बढ़ी परेशानी



मारहरा विकास खंड क्षेत्र में सूखा पड़ा तालाब। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

● भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल पारा बढ़कर हो गया 46 डिग्री

**अमृत विचार:** पारा 46 डिग्री तक पहुंच गया है। भीषण गर्मी व तपिश ने जन जीवन को बेहाल कर दिया है। राहगीरों को मार्ग मे पानी नहीं मिल रहा। तालाबों में पानी सूखने से पशु पक्षी भी परेशान हो रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पेड़ों के नीचे बैठकर दोपहर का समय गुजारते हैं। पारा लगातार बढने से अब सुबह नौ बजे से ही तपिश शुरू हो जाती है। नौ बजे के बाद से ही घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। लगातार पारा बढने के साथ ही शहर क्षेत्र के कई गांवों में तालाब, पोखरों सहित अन्य जलस्त्रोतों में धूल उड़ रही है। प्यास बुझाने के लिए पशु-पक्षी भटक रहे हैं। जिम्मेदार सूखे तालाबों को भरने की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं।

**लू से बचाव के लिए भरपूर पानी पीएं :** डॉ. एस. चन्द्रा का कहना है कि लू से बचाव के लिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं। इसके अलावा तरल पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, नारियल पानी, नींबू पानी, जूस का सेवन भी कर सकते हैं। खाली पेट बाहर निकलने पर लू का जोखिम बढ़ सकता है।

## बाइक से दुर्घटना में युवक की मौत, एफआईआर

एटा। कोतवाली देहात के गांव बारथर निवासी कृपाल सिंह पुत्र राधेश्याम ने बताया कि बारथर रोड सपना डेयरी के पास बाइक संख्या यूपी 82 एएस 9185 के चालक द्वारा वाहन को लापरवाही से चलाकर उनके पुत्र को टक्कर मार दी। उसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना 27 मई की है, 28 मई को मामला दर्ज हुआ है।

## सात माह 11 दिन बाद जेल से बाहर आईं डॉ. तजीन फात्मा

रामपुर कार्यालय

**अमृत विचार:** अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा की बुधवार को रिहाई हो गई। दोपहर चार बजे वह जिला कारागार से बाहर आ गईं। सात माह 11 दिन के बाद वह खुले में सांस लेंगी।

उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम के दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने आजम खां, उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम को आरोपी बनाया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में हुई। 18 अक्टूबर 2023 को कोर्ट ने आजम खां, डॉ. तजीन फात्मा और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद आजम खां को सीतापुर जेल, अब्दुल्ला आजम को हरदोई जेल और डॉ. तजीन फात्मा को रामपुर जिला कारागार में भेज दिया गया था। हाईकोर्ट ने तीनों को जमानत दे दी थी।

मंगलवार को परवाने जिला कारागार पहुंच गए थे। जांच पर पता चला कि कुछ नाम और धाराएं गलत हैं। इससे उनकी रिहाई रुक गई थी। बुधवार को फिर से कोर्ट से परवानों में नाम सही होकर आए। जिला कारागार में परवानों की जांच की गई। करीब चार बजे पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा को छोड़ दिया गया।

## जिला न्यायाधीश ने जेल में देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, एटा



जिला कारागार में बंदी से पूछताछ करते जिला जज। ● अमृत विचार

● बंदियों की समस्या को सुना, जेल अधीक्षक व जेलर को सुविधाएं दुरुस्त रखने को कहा

**अमृत विचार:** जिला कारागार का औचक निरीक्षण बुधवार को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविन्द्र कुमार, न्यायाधीश कमालुद्दीन और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कामायनी दुबे ने किया। सभी बैरकों में जाकर बंदियों की समस्याओं को जाना। पूछा गया कि क्या उनके पास अपना अधिवक्ता है और यदि नहीं है, तो उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाएगा।

जनपद न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को भी निर्देश दिया कि बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराया जाए और उन्हें लू से बचाने के लिए उचित इंतजाम किए जाएं। इसके अलावा, बंदियों के लिए ओआरएस घोल का भी प्रबंध किया जाए। जेल के बैरकों में ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए ताकि गर्मी के प्रकोप से बंदियों को बचाया जा सके। जिला कारागार के अंदर साफ-सफाई की भी पूरी व्यवस्था रखी जाए और यदि कोई बंदी अस्वस्थ होता है, तो उसे तत्काल चिकित्सक के पास ले जाया जाए। जेल अस्पताल और पाठशाला का भी निरीक्षण किया गया और बंदियों से उनके स्वास्थ्य की स्थिति और दवाइयों के संबंध में भी पूछा।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा



भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार :** जैन समाज के प्रमुख संत आचार्य विमल सागर की जन्मस्थली धर्म नगरी कोसम में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। राघवेंद्र सिंह ने बताया कि भागवत कथा का आरंभ कथावाचक बहन प्रीति कुशवाहा ने किया बनी सिंह कुशवाहा, बुद्धि सेन, मास्टर लटूरी सिंह, संतोष कुमार, रामबाबू सिंह, प्रमोद कुमार, कमल सिंह, राहुल कुमार, सोनू कुशवाहा, चंद्रशेखर कुशवाहा, हरिशंकर कुशवाहा, प्रकाश चंद्र सविता, हरिओम कुमार, हिमांशु कुशवाहा, जिज्ञासा देवी, लता कुमारी, भावना कुमारी, गीता देवी, रक्षा सिंह, छाया कुमारी, लक्ष्मी देवी, दयावती आदि शामिल रहे।

## चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...



देवी जागरण में प्रस्तुत की गई झांकी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर की आवास विकास कॉलोनी में मंगलवार की देर रात देवी जागरण का आयोजन हुआ। जहां भक्ति भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। कलाकारों ने बेहतर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। प्रेम एंड पार्टी के कलाकारों ने भजन, लांगुर की मनमोहक प्रस्तुति दी।

कलाकारों ने विघ्न विनाशक भगवान गणेश की स्तुति कर बाधाओं के हरण की कामना की। कलाकार प्रिया जैन ने भजन प्रस्तुत किया चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...। इसके साथ ही भक्त तरंग में आने लगे। कलाकार प्रेम राणा, विनोद कुमार ने भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने मां मुरादें पूरी करदे हलुआ बांटूंगी..., तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए... और लांगुरिया चटर की मटर करेगो... काफी सराहा गया। देवी जागरण के समापन पर तारा रानी की कहानी प्रस्तुत की गई। इसके बाद भंडारा हुआ। इस दौरान बृज मोहन वार्ष्णेय, गजेंद्र वार्ष्णेय, संदीप वार्ष्णेय, राजीव, रेनू, पूनम, रमा, सोनी, श्रुति, रामअवतार, सतीश चंद्र, शरद वार्ष्णेय मौजूद रहे।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



ग्रिल पर लटका मगरमच्छ।

## ग्रिल फांद गंगा में जाने के लिए छटपटाता रहा मगरमच्छ

**संभल, अमृत विचार :** नरौरा के गंगा बैराज पर 10 फिट लंबा मगरमच्छ नहर से निकलकर सड़क पर घूमने लगा। दोपहर को धूप तेज हुई तो मगरमच्छ वापस नहर में जाने के लिए छटपटाने लगा।

गर्मी से इतना बेहाल था कि लोहे की रेलिंग पर चढ़कर दूसरी तरफ गंगा में जाने का प्रयास करने लगा। इस प्रयास में मगरमच्छ कई बार रेलिंग से नीचे गिरा। मगरमच्छ को रेलिंग पर चढ़ते देख भीड़ इकट्ठा हो गई। किसी ने रेलिंग पर चढ़ने का प्रयास करते मगरमच्छ का वीडियो बना लिया। 12 सेकेंड का यह वीडियो वायरल हो रहा है। वन विभाग की टीम ने मादा मगरमच्छ को वापस गंगनहर में संरक्षित कर दिया।

## सार-संक्षेप

### गैंगस्टर के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

एटा। सकीट थाना क्षेत्र में पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त भीकम सिंह पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम विरामपुर, थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया। वहीं थाना कोतवाली देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान दीपक कुमार को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### वृद्धा की मौत, समिति ने कराया अंतिम संस्कार

एटा। सविता देवी ( 70 ) पत्नी राम किशोर एक माह से वृद्धाश्रम में रह रही थीं। बुधवार को उनकी मृत्यु हो गई। वृद्धाश्रम प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिवार की कोई जानकारी नहीं थी। मानव सेवा समिति परिवार एटा ने उनका अंतिम संस्कार किया। सत्य प्रकाश ठेकेदार, राजेश गुप्ता ( घी वाले ), वृद्धाश्रम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 3 से भरे जाएंगे बीएएमएस मुख्य, पूरक परीक्षा के फार्म

बरेली। हेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएएमएस की मुख्य और पूरक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएएमएस प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष और चतुर्थ वर्ष ( बैच 2018, 19 और 20 ) की मुख्य एवं पूरक परीक्षा के फार्म 3 जून से 13 जून तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को भरे हुए फार्म 14 जून तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

### एमडी दृव्यगुण विज्ञान की परीक्षा 11 जून से

बरेली। विश्वविद्यालय ने एमडी दृव्यगुण विज्ञान अंतिम वर्ष की प्रोफेशनल मुख्य परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक परीक्षा 11 से 14 जून तक सुबह 11 से दोपहर 2 बजे की पाली में होगी।

### स्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि 20 तक बढ़ाई

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी गृह विज्ञान, बीबीए आदि की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने की तिथि 20 जून तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक ने महाविद्यालों के प्राचार्यों को निर्देश दिए कि निर्धारित तिथि के बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे और परीक्षाफल रोक दिया जाएगा।

# बेजोड़ बनारस में मोदी महिमा गान



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो अब खुद को बनारसी कहते हैं, लगातार नई काशी बनाने के अभियान में जुटे हैं। इसी का नतीजा है कि विश्वनाथ धाम कॉरीडोर बनने के बाद 13 करोड़ पर्यटकों के आने से यहां आय और रोजगार के साधन तेजी से बढ़े हैं।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** वाराणसी मोदी मय है। गंगा किनारे घाट हों या गलियां चाहे बाजार कहीं भी किसी से पूछ लीजिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत पर किसी को कोई संशय नहीं है, बल्कि इस तरह का सवाल करने पर लोग आपको घूरते या अचरज से देखते नजर आएंगे। चर्चा में अगर कुछ है, तो वह यह कि इस बार जीत का अंतर कितना बड़ा होगा, 400 पार होगा या नहीं। गोदौलिया चौक में एक चाय के अड्डे पर सुबह अखबार के पन्नों में झांकते हुए मोदी के विरोधी भी उनकी जीत पर बहस करते और शर्त लगाते मिलते हैं। इसी तरह अंधरापुल चौराहा जिसका नामकरण अब सीता राम द्वार किया जा चुका है, पर भीड़भाड़ के बीच सड़क किनारे एक होटल में छिड़ी चुनावी चर्चा में ज्यादातर लोग मानते हैं कि मोदी के आने के बाद बीते दस साल में शहर की सूरत काफी बदल गई है, बड़े शहरों जैसी भव्यता, सुविधा औऱ चमक-दमक आ गई है। मोदी ने जो किया है, वह और कोई नहीं कर सकता है। हालांकि कुछ लोग इस बात से थोड़ा खिन्न नजर आते हैं कि सब कुछ पर्यटकों की खातिर हो रहा है। इससे बनारस का अपना मिजाज और रिवाज बदल रहा है। काशी वाली संस्कृति की पहचान कम होती जा रही है। विरासत भले सहेजी जा रही हो, लेकिन अध्यात्म और मुक्ति वाली पुरानी बात पीछे छूट रही है। लेकिन बात जैसे ही जीत-हार पर आती है तो सबकी राय एक ही नजर आती है कि अब दस लाख से जीतेंगे कि नहीं यह तो नहीं पता पर इतना तय है कि मोदी पिछली बार से ज्यादा वोटों से जीतेंगे।

भाजपा नेता और संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार वाराणसी से चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए है। प्रचार में जुटे लोग पूछने पर कहते हैं कि 10 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़कर चुनावी अभियान संभाल रखा है। वह लगातार दौरे, जनसभाएं और रैली कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों की फौज के साथ संगठन के बड़े पदाधिकारियों की टीम वाराणसी में डेरा डाले हैं। छोटी-छोटी की गलियों में बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री को वोट देने के लिए लोगों के हाथ जोड़ रहे हैं। अलग-अलग वर्गों को साधने के लिए अलग-अलग नेता लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि अंतिम तीन दिन प्रधानमंत्री भी वाराणसी में मौजूद रहेंगे।



- भाजपा अपने सबसे बड़े नेता और प्रधानमंत्री को इस बार 10 लाख वोटों से जीत दिलाने के मिशन में जुटी
- अधिकतर लोगों का मानना है कि मोदी ने जो किया, वह कोई नहीं कर सकता, बदल गई शहर की तस्वीर

## मोदी की जीत की हैट्रिक अजय की हार का चौका !

- 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब पांच लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाने के साथ बड़े वोटों के अंतर से जीत का रिकार्ड बनाने की तरफ देख रहे हैं। वहीं उनका मुकाबला करने के लिए चुनावी मैदान में उतरे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की हार का हैट्रिक का रिकार्ड पिछले चुनाव में ही बन चुका है, यदि वह इस बार भी चुनाव हारते हैं, तो उनके नाम पर हार का चौका दर्ज हो जाएगा। अजय राय की पिछली तीनों हार में एक और खास बात रही है कि वह तीनों मर्तबा तीसरे नंबर पर ही रहे हैं, यानी थर्ड डिवीजन हार की हैट्रिक। लेकिन उनके लिए इस बार हालात पिछले चुनावों से थोड़े बेहतर नजर आ रहे हैं। हालांकि मुकाबले में बसपा से अतहर लारी भी हैं, लेकिन मोदी के साथ सीधी लड़ाई अजय राय की ही है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ीं शालिनी यादव 1,95,159 वोट हासिल करके दूसरे नंबर पर रही थीं। इससे पहले 2014 के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने के साथ अजय राय की जमानत भी जब्त हो गई थी। इस चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी को चुनौती दी थी। दूसरे नंबर पर रहे केजरीवाल को 2,09,238 वोट मिले थे और अजय राय सिर्फ 75,614 वोट ही पा सके थे। 2009 का लोकसभा चुनाव अजय राय सपा के टिकट पर लड़े थे और तीसरे स्थान पर रहते हुए 1,23,874 वोट पाए थे। भाजपा से डॉ. मुरली मनोहर जोशी चुनाव जीते थे। बसपा से मैदान में उतरे माफिया मुख्तार अंसारी दूसरे नंबर पर रहे थे। अजय राय चार बार विधायक रह चुके हैं। वह तीन बार भाजपा और एक बार निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे। 2009 में भाजपा से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर सपा से लोकसभा का चुनाव लड़े थे। साल 2012 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद 2012 से 2017 तक वाराणसी की पिंडरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे।

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 6,74,664 | |
| सपा | शालिनी यादव | 1,95,159 | |
| कांग्रेस | अजय राय | 1,52,548 | |


### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 | 56.37 |
| आप | अरविंद केजरीवाल | 2,09,238 | 20.30 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 | 7.34 |
| बसपा | विजय जयसवाल | 60,579 | 5.88 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 | 4.39 |


### वाराणसी में पिछले चुनाव का वोट शेयर

63.62% भाजपा
18.40% सपा
14.38% कांग्रेस

### मोदी के विरुद्ध ये तीन प्रमुख प्रत्याशी मैदान में



अजय राय।



अतहर जमाल लारी।



के. शिव कुमार।

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मांग रहे समर्थन

- वाराणसी में के. शिव कुमार अपनी युग तुलसी पार्टी से मैदान में हैं। वह आंध्र प्रदेश में तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों के प्रबंधन के लिए बने तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व बोर्ड सदस्य हैं। शिव कुमार ने जीवन भर गाय संरक्षण पर काम किया है। वह हैदराबाद में तीन गौशालाओं के मालिक हैं। शिव कुमार का वाराणसी में चुनाव अभियान के दौरान मुख्य मुद्दा यह है कि केंद्र सरकार गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करे। उनका कहना है कि भाजपा सनातन धर्म के बारे में तो बात करती है, लेकिन वे इस संबंध में कुछ भी लागू नहीं कर रहे हैं।

### बसपा प्रत्याशी लड़ चुके दो लोकसभा और दो विस चुनाव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उतरे बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी 1984 में जनता पार्टी के टिकट पर वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे। 1991 में उन्होंने जनता दल से वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा की ज्योत्सना श्रीवास्तव से 5,000 वोटों से हार गए थे। 1995 में सोनेलाल पटेल के नेतृत्व वाले अपना दल में शामिल हो गए थे। 2004 में अपना दल से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़कर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2012 में लारी ने मुख्तार अंसारी के नेतृत्व वाले कौमी एकता दल से वाराणसी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

### इस बार सिर्फ छह प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

- साल 2014 के चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट पर 41 प्रत्याशी मैदान में थे। पिछली बार 2019 में कुल 26 प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा सिमटकर छह पर आ गया है।

### नेहरू और इंदिरा के रिकार्ड की कर लेंगे बराबरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार वाराणसी से जीत हासिल करते ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। बतौर प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकार्ड बनाया था। हालांकि वह रायबरेली से जीत की हैट्रिक नहीं लगा सकी थीं।

# दो महिला सांसदों का ममता के गढ़ में संघर्ष

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल में सातवें और अंतिम चरण में दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और उत्तर सीटों पर मतदान होना है। इनमें भाजपा ने जिन सीटों को जीतने के लिए तगड़ी व्यूह रचना की है, उनमें कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्र प्रमुख है।

इस सीट को पहले कलकत्ता दक्षिण पूर्व नाम से जाना जाता था। वर्ष 1952 में इस सीट से जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले सांसद बने थे। पिछले कुछ समय से कोलकाता दक्षिण सीट पर टीएमसी का दबदबा है। लेकिन इस बार भाजपा यहां कमल खिलाने को बेताब है। टीएमसी की सांसद माला राय के मुकाबले भाजपा ने रायगंज से सांसद देबश्री चौधरी को मैदान में उतारा है, जो कड़ी टक्कर दे रही हैं। सीपीआई (एम) से सायरा शाह हैं, जो अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की भतीजी हैं। कोलकाता दक्षिण को मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी का गढ़ कहा जाता है। वह छह बार यहां से सांसद चुनी गई थीं। इसकी शुरुआत उन्होंने 1991 में सीपीआई (एम) नेता बिप्लब दास गुप्ता को हराकर की थी। इसके बाद 1996, 1998, 1999, 2004 और 2009 में वह सांसद चुनी गईं। लेकिन 2011 में सांसद पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री बन गई थीं, क्योंकि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में जीत हासिल कर ली थी।

- भाजपा ने कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट पर रायगंज की सांसद देबश्री चौधरी के लिए झोंक रखी है ताकत
- इस लोकसभा क्षेत्र से 1952 में पहले सांसद चुने गए थे भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी

### दम दम से भाजपा ने ढाई दशक पहले खोला था खाता

दम दम लोकसभा क्षेत्र में इस बार टीएमसी के दिग्गज नेता सांसद सौगत रॉय का मुकाबला भाजपा के सीलभद्र दत्ता और सीपीआई (एम) के सुजन चक्रवर्ती से है। बंगाल में दम दम सीट पर ही सबसे पहले भाजपा ने वर्ष 1998 में खाता खोला था। तपन सिकंदर बंगाल के पहले भाजपाई सांसद बने थे। वह 1999 में दोबारा चुने गए थे। इसके बाद से भाजपा यहां जीत को तरस रही है। 2019 में दम दम में टीएमसी सांसद सौगत राय ने भाजपा के समिक भट्टाचार्य को हराया था। 2014 के चुनाव में सौगत राय ने सीपीआई (एम) के असीम दास गुप्ता को पराजित किया था। भाजपा के तपन सिंकदर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2009 का चुनाव भी सौगत राय ने ही जीता था। राज्य की बारासात सीट पर डॉ. काकोली घोष दस्तीदार का मुकाबला भाजपा के स्वपन मजूमदार और सीपीआई(एम) के संजीब चटर्जी से है। बशीरहाट में हाजी नुरुल इस्लाम का भाजपा की रेखा पात्रा और सीपीआई (एम) के निरापद सरदार में मुकाबला है। मथुरापुर में बापी हलदर, भाजपा के अशोक पुरकैत और शरत चंद्र हलदर में लड़ाई है। डायमंड हार्बर में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का मुकाबला भाजपा के अभिजीत दास से हो रहा है। जादवपुर में टीएमसी की सयोनी घोष का मुकाबला भाजपा के डॉ. अनिर्बान गांगुली से है।

# बलिया में बगावत से गड़बड़ाए समीकरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के नाम से पहचान रखने वाली बलिया लोकसभा सीट पर इस बार उनके बेटे नीरज शेखर भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने के बाद सपा के जातीय समीकरण में फंस गए थे। साल 2019 के चुनाव में सिर्फ 15,000 वोटों से पिछड़ने वाले सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे थे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां जीत रही थी, लेकिन इस बार कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। ऐसे में राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को बलिया पहुंचकर एक झटके में समीकरण बदल दिए। उन्होंने सपा नेता और पूर्व मंत्री नारद राय तथा पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह को भाजपा में शामिल कराकर माहौल भाजपा की तरफ मोड़ दिया।

बलिया में चुनाव ब्राह्मण बनाम राजपूत के बीच सिमटता नजर आ रहा था। ऐसे में सपा की पिछड़ा वर्ग में पैठ ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ा रखी थीं। बलिया से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में सभा करने पहुंचे अमित शाह ने मंच पर नारद राय को खास तवज्जो दी। नारद राय भूमिहार समाज के बड़े नेता माने जाते हैं और भूमिहार समाज की पूर्वांचल की बलिया, गाजीपुर, मऊ, देवरिया, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, महाराजगंज, गोरखपुर जैसे जिलों में ठीक-ठाक पैठ है। माना जा रहा है कि अमित शाह ने नारद राय को भाजपा में लाकर बलिया के साथ ही चार और सीटों पर सपा के समीकरण गड़बड़ा दिए हैं। नारद राय की सपा से नाराजगी का कारण सोमवार को बलिया में सनातन पांडे के समर्थन में अखिलेश यादव की रैली से शुरू हुई थी। जब अखिलेश ने मंच से नारद राय का नाम नहीं लिया था। इसी से खफा होकर नारद राय ने बागी तेवर अपनाए और भाजपा का दामन थाम लिया।




जनता ही राजा
हिमाचल प्रदेश की हॉट सीट मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में सभा करने पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा भीड़ देखकर खुशी से उछलती नजर आईं।

**दो बार की सांसद किरन खेर की जगह भाजपा ने इस बार उतारा है संजय टंडन को चुनावी मैदान में, मुकाबला कांटे का दिख रहा**

# चंडीगढ़ में दांव पर लगी है कांग्रेस नेता मनीष तिवारी की साख

**कांटे का मुकाबला**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते 10 साल से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर की पत्नी किरन खेर यहां से लगातार 2014 और 2019 के चुनाव जीती थीं। इससे पहले 2009 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। पवन कुमार बंसल सांसद चुने गए थे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में वह भाजपा प्रत्याशी किरन खेर से चुनाव हार गए थे। इस बार यहां भाजपा ने किरन खेर के स्थान पर संजय टंडन को चुनावी मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस नेता मनीष तिवारी से हो रहा है।



संजय टंडन।



मनीष तिवारी।

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में पले-बढ़े 58 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी कांग्रेस का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने पिछली लोकसभा में आनंदपुर साहिब का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले वह 2009 से 2014 तक लुधियाना से सांसद रहे थे। मनीष तिवारी पिछले दो चुनावों से अपने गृहनगर चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। उधर, भाजपा नेता बलरामजी दास टंडन के पुत्र संजय टंडन चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में अपनी चुनावी राजनीति शुरू कर रहे हैं। वह 1990 के दशक से भाजपा के साथ जुड़े हैं और पार्टी के भीतर व्यापक संगठनात्मक अनुभव रखते हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से बसपा ने डॉ. ऋतु सिंह को उतारा है। ऋतु दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रही हैं। वहां भी वह दलितों के लिए आवाज उठाने के लिए जानी जाती थीं। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

जानकार चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर हुई भाजपा की किरकिरी और मनीष तिवारी को आम आदमी पार्टी का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति बेहतर मान रहे हैं। शायद इसी के मद्दे नजर यहां भाजपा ने अंतिम चरण के प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद मनोज तिवारी सभाएं करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष तिवारी के समर्थन में रोड शो करके माहौल बना गए हैं।

### 2019 चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट % |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 50.64 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 40.35 |
| आप | हरमोहन धवन | 3.82 |
| बसपा | परवीन कुमार | 1.62 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट% |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 42.20 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 26.84 |
| आप | गुलकीरत कौर पनाग | 23.97 |
| बसपा | जन्नत जहां-उल-हक | 3.51 |

लुधियाना व आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतने के बाद चंडीगढ़ से किस्मत आजमा रहे हैं मनीष तिवारी

न विश्चसेदविश्चस्ते विश्चस्ते नातिविश्चसेत्।
विश्चासाद् भयमुत्पन्न मुलान्यपि निकृन्तति ॥

जो व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं है ,उस पर तो भरोसा न ही करें ,लेकिन जो बहुत भरोसेमंद है, उस पर भी अंधे होकर भरोसा न करें , क्योंकि जब ऐसे लोग भरोसा तोड़ते हैं तो बड़ा अनर्थ होता है।

## संपादकीय

# घटता मत प्रतिशत

आम चुनाव 2024 समाप्ति की ओर हैं। केवल एक चरण का मतदान बाकी है। अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होगा और परिणाम 4 जून को आने हैं। जनादेश का विश्लेषण तो उसके बाद ही किया जा सकता है। परंतु चुनाव में देश भर में मतदाताओं की भागीदारी से पता चलता है कि 2019 और यहां तक कि 2014 की तुलना में चुनावों के मतदान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। मतदाताओं की उदासीनता हमारी व्यवस्था में गहरी अस्वस्थता का लक्षण है। याद रखना चाहिए कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। इस बार चुनाव की बुनियादी चिंता यह रही कि शहरी मतदाता अपेक्षाकृत उदासीन रहा। उसने मतदान के प्रति दायित्व और मताधिकार के महत्व को कमतर आंका, नतीजतन मतदान के शुरुआती आंकड़े निराश करते रहे। लंबे समय तक मतदाताओं की उदासीनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही कमजोर कर सकती है। दरअसल मुंबई से लखनऊ तक का चुनाव शहरी उदासीनता का प्रतीक रहा है। बेशक यह झुलसाती, चिलचिलाती गर्मी और लू का मौसम है। कई जगहों पर 44-45 डिग्री तक तापमान रिकॉर्ड किया गया। गर्मी के कारण मतदान कम हुआ, यह तर्क गले नहीं उतरता। क्योंकि अक्सर आम चुनाव इन्हीं महीनों में कराए जाते रहे हैं। 2009 के आम चुनाव से पहले किए गए नवीनतम परिसीमन के बाद से इतनी बड़ी संख्या में सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी में गिरावट अभूतपूर्व है। संख्याओं पर करीब से नजर डालने से पता चलता है कि 2014 में कुल मतदाताओं (18 वर्ष से अधिक आयु के योग्य मतदाता) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, और 2019 और 2024 में मामूली वृद्धि हुई थी। लेकिन केवल 2024 में ही मतदान प्रतिशत में नाटकीय रूप से गिरावट आई।

पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण में कई मतदाताओं ने आमतौर पर पश्चिम, मध्य और उत्तर भारत की तुलना में अधिक मतदान किया। फिर भी, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर, जहां मतदान प्रतिशत में 62.8 प्रतिशत से 65.7 और 68.8 प्रतिशत से 70.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, 2024 में राज्यों में मतदान में सामान्य गिरावट आई है। जबकि यह समय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का समय होता है। मतदाता की उदासीनता अन्याय और असमानता को जड़ जमाने के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। मतदान न करना भी लोकतंत्र और संविधान की अवमानना है। लिहाजा चुनाव आयोग की ओर से आवश्यक मतदान के लिए कुछ तो प्रावधान किए जाने चाहिएं।

# ये कहां आ गए हम



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। कहा जाता है कि उनके द्वारा संप्रेषित समाचारों का देवलोक में व्यापक असर होता था। यह बात अलग है कि देवर्षि नारद जी को आधुनिक युग के पत्रकारों के मानिंद संवाददाता के रूप में अपनी हैसियत का गुमान होने लगा था।

हिंदी भाषी पत्रकारों के लिए आज हिंदी पत्रकारिता के जनक जुगल किशोर सुकुल जी को श्रद्धा पूर्वक नमन करने और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करने का मौका है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र और उसूलों में आए सकारात्मक एवं नकारात्मक बदलावों का विवेचन का अवसर भी। यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। महाभारत काल में संजय ने पत्रकार की भूमिका निभाई। उन्होंने धृतराष्ट को महाभारत के युद्ध के मैदान का आंखों देखा हाल सुनाया था। रामायण काल में कूटनीतिक पत्रकारिता की शुरुआत हुई। उस दौर में मंथरा नामक एक पात्र ने यह भूमिका अदा की। मंथरा की कुटिलता ने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के हर्षोल्लास के अवसर को शोकाकुल वातावरण में तबदील कर दिया। मंथरा के भड़काऊ सूचना के कारण भगवान श्री राम को वनवास हुआ और उनके विरह में राजा दसरथ जी को अपने प्राण त्यागने पड़े थे।

प्रारंभिक काल में संत, फ़क़ीर, भाट और चारण सूचनाओं के प्रसार में सहायक होते थे। प्राचीन काल में समाज की नब्ज टटोलने के लिए भारत में राजाओं द्वारा गुप्तचरों की नियुक्तियां की जाती थीं। मुगलकाल में महत्वपूर्ण नगरों में संवाद लेखकों की नियुक्तियां की जाती थी, इन्हें 'वाकया नवीस' कहा जाता था। वाकया नवीसों के मुखिया को 'वाकया निगार' कहते थे। उस दौर में एक जगह से दूसरी जगह खबरें पहुंचाने का काम हरकारे करते थे। अकबर के शासनकाल में समाचार संकलित करने वालों को 'खबर नवीस' और समाचार लेखकों को 'वाकया नवीस' कहा जाता था। समाचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने वालों को 'क़ासिद' या 'हरकारा' कहते थे।

भारत में आधुनिक पत्रकारिता के जनक जेम्स ऑगस्टन हिकी थे। 29 जनवरी,1780 को जेम्स ऑगस्टन हिकी ने कोलकाता से 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जर्नल एडवाइजर' नामक समाचार -पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। 'बंगाल गजट' भारत का पहला आधुनिक समाचार-पत्र था, जो



हिंदी पत्रकारिता दिवस

कि 'हिकीज गजट' के नाम से ख्यात हुआ। जेम्स ऑगस्टन हिकी ने भारत की भावी पत्रकारिता के न्यूनतम आदर्श तय कर दिए थे। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता की उम्दा मिशाल पेश की। सर्वशक्तिमान साम्राज्यवादी सत्ता की तीखी आलोचना से नहीं घबराए। भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता के जनक थे- लाला राममोहन राय। उन्होंने 4 दिसंबर 1821 को बंगला साप्ताहिक 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन एवं संपादन प्रारंभ किया था। लाला राममोहन राय ने 12 अप्रैल, 1822 को 'मिरातुल अखबार' नाम से फ़ारसी भाषा का एक और अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। 1923 में भारत में उर्दू का पहला अखबार निकला, जिसका नाम 'जामे-जहांनुमा' था। मुंशी सदासुखलाल इसके संपादक और हरिहर दत्त प्रकाशक थे। 30 मई, 1826 को जुगल किशोर सुकुल ने कलकत्ता से हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन/ संपादन शुरू किया था। 1845 में बनारस से 'बनारस अखबार' प्रकाशित हुआ। गोविंद नाथ थत्ते इसके संपादक थे। 'बनारस अखबार' हिंदी प्रदेश से प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी साप्ताहिक था। 1850 में 'सुधाकर' का प्रकाशन शुरू हुआ, यह हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। इसी वर्ष जुगल किशोर सुकुल ने 'सामदण्ड मार्तण्ड' नाम से एक और अखबार निकाला। यह अखबार भी अधिक दिन नहीं चला। 1854 में श्याम सुंदर सेन ने कलकत्ता से 'समाचार सुधावर्षण' नामक हिंदी और बांग्ला में द्विभाषी दैनिक समाचार-पत्र का प्रकाशन शुरू किया। यह हिंदी का पहला दैनिक अखबार था। 'समाचार सुधावर्षण' 1873 तक प्रकाशित हुआ था। संयोग की बात यह है कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत गैर हिंदी भाषी कलकत्ता से हुई। हिंदी भाषा का पहला दैनिक समाचार-पत्र भी कलकत्ता से ही प्रकाशित हुआ था। प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान 8 फ़रवरी, 1857 में अमीमुल्ला खां ने 'पयामे आजादी' नाम का समाचार - पत्र निकाला। यह भारत में देसी भाषा का पहला राजनीतिक समाचार-पत्र था। 1871 में अल्मोड़ा से 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन शुरू हुआ। बुद्धिबल्लभ पंत इसके संपादक थे। 1900 में काशी से 'सरस्वती' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 1903 में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादक का दायित्व संभाला। 'सरस्वती' ने सही अर्थों में आधुनिक पत्रकारिता को जन्म दिया। जब मराठा दैनिक 'केसरी' के संपादक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसको लेकर रहेंगे' के उदघोष द्वारा राजनीतिक जड़ता को तोड़कर भारतीय जनमानस को झकझोर रहे थे, ठीक उसी दौर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपादन में नवंबर, 1913 में कानपुर से 'प्रताप' का उदय हुआ।

स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। 1907 में 'जू उन करनीन' नामक एक अखबार में संपादक की तलाश में छपे विज्ञापन के द्वारा स्वाधीनता संग्राम के दौर की पत्रकारिता के खतरों और पत्रकारों के संघर्ष, त्याग, तपश्चर्या एवं देश और देशवासियों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को बखूबी समझा जा सकता है। शांति भूषण भटनागर इलाहाबाद से 'स्वराज' नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उन्हें 'स्वराज' के लिए एक संपादक की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने 'जू उन करनीन' में एक विज्ञापन साया करवाया। जिसका मज़मून इस प्रकार थाः- 'एक जौं की रोटी और एक प्याला पानी, यह तनख़्वाह है,जिस पर 'स्वराज' इलाहाबाद के वास्ते एक एडिटर मतलूब है।' आजादी करीब चार दशक के बाद वैश्वीकरण और बाजारवाद का नया दौर शुरू हुआ। इससे पहले जन संचार माध्यम शिक्षा, सूचना और ज्ञान के महत्वपूर्ण माध्यम थे। पत्रकारिता का पहला और अंतिम लक्ष्य बृहत्तर समाज का हित था। संचार माध्यमों को समाज की गतिविधियों का दर्पण माना जाता था। पत्रकार, सामाजिक मूल्यों का नियामक की भूमिका में थे। पत्रकारिता को सनातन विपक्ष और समाज का सशक्त प्रवक्ता माना जाता था। सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव, बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावनाओं का प्रसार कर समाज में वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करना पत्रकारिता का पेशेवराना धर्म माना जाता था। जन संचार माध्यम आम जनता की आवाज थे।

1990 के दशक में शुरू हुए वैश्वीकरण और उसके बाद आई नई संचार क्रांति ने टेलीविजन को असीमित विस्तार दिया। न्यूज चैनलों की भरमार हो गई। टीवी ने एक नई किस्म की पत्रकारिता को जन्म दिया। टीवी पत्रकारिता ने पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र को बदल दिया है। पत्रकारिता समाजोन्मुखी से बाजारोन्मुखी हो गई। मिशन, प्रोफेशन हो गया। भाषा की मर्यादाएं भी टूट गईं। सामाजिक उत्तरदायित्वों से विमुख बाजारवाद और वैश्वीकरण के दौर की इस संवेदनहीन पत्रकारिता ने इस पेशे की विश्वसनीयता को जबरदस्त आघात पहुंचाया है। मौजूदा दौर की पत्रकारिता के मूल्य, सरोकार, पक्षधरता और वैचारिक एवं पेशेवराना निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आज सूचनाओं का चौतरफा अंबार लगा हुआ है लेकिन इन सूचनाओं में से सत्य तथ्यों को खोजना मुश्किल होता चला जा रहा है। सूचनाओं का प्रवाह स्वार्थपरक एवं एकपक्षीय है। आधुनिक जन संचार माध्यमों से जनहित के मुद्दे नदारत होते जा रहे हैं। टीआरपी की होड़ में पत्रकारिता के आदर्शों को तिलांजलि देने की अघोषित प्रतिस्पर्धा चल रही है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र और जनपक्षधर प्रेस के प्रबल पैरोकार थे। पंडित नेहरू ने कहा था-'मैं दबी हुई और नियंत्रित प्रेस की तुलना में स्वतंत्रता के दुरुपयोग के तमाम खतरों के बावजूद स्वतंत्र प्रेस ही देखना चाहूंगा।' छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ कवयित्री महादेवी वर्मा जी ने पत्रकारों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा थाः- 'पत्रकारिता एक रचनाशील विधा है। इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है। अतः पत्रकारों को अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए। क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जाएगा।' भविष्य में जब कभी इस दौर की पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका का इतिहास लिखा जाएगा, वह निश्चित ही कवियत्री महादेवी वर्मा की अपेक्षाओं के बिल्कुल उलट होगा।

## प्रसंगवश


# चुनावी अतिश्योक्तियां

हमारे नेतागण भी खूब साहित्यकार हैं। वे पिंगलशास्त्र का सम्यक ज्ञान भले ही न रखते हों किंतु चुनावी सभाओं में अलंकारिक भाषा जरूर प्रयोग करते हैं। उनके प्रयुक्त अलंकारों में भ्रम, संदेह, विरोधाभास और अतिश्योक्ति प्रमुख होते हैं। यहां हम अतिश्योक्ति अलंकार की ही बात करते हैं। इसका प्रयोग तो वे 'गप' की सीमा तक करते हैं। अब देखिए प्रधानमंत्री ने पटियाला की एक रैली में कहा है कि यदि 1971 के बांग्लादेश वाले युद्ध के समय वे पीएम होते, तो आत्म समर्पण करने वाले 93000 युद्धबंदियों को तब देते जब सिख तीर्थ करतारपुर साहब, जो पाकिस्तान में है, को वापस न ले लेते। बताते चलें कि पंजाब की तेरह सीटों का चुनाव 1 जून को होना है। अतः सिख भाइयों को खुश करने को एक डायलाग ही तो मारना है, तो मार दो। वैसे प्रधानमंत्री क्या यह नहीं जानते कि युद्ध बंदियों के बारे में 'जेनेवा कनवेंशन' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो हर देश को मानना होता है। यह 1949 में अपडेट किया गया था। इसके अंतर्गत युद्ध समाप्त हो जाने पर सामान्यतया बंदी छोड़े ही जाते हैं और जब तक वे बंदी रहते हैं तब तक सही भोजन, चिकित्सा, रखरखाव और उचित सम्मान भी सुनिश्चित करना होता है। तो क्या तत्कालीन सरकार 93000 शत्रुओं की अनिश्चित काल तक खातिर करती और इस तरह देश की आर्थिकी का भट्टा बैठालती ! कोई जरूरी था कि पाकिस्तान सरकार करतारपुर वापसी की बात मान लेती ? क्या बांग्लादेश युद्ध करतारपुर साहब की वजह से हुआ था ? प्रधानमंत्री को पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के इंदिरा गांधी की इस बड़ी उपलब्धि की प्रशंसा में भी दो शब्द बोलने चाहिए थे। कुछ बड़े भाजपाई नेता इधर पाक अधिकृत कश्मीर को मोदी के अगले कार्यकाल में लेने की गर्वोक्तयां कर रहे हैं। हालांकि वे यह नहीं बताते कि इन बीते दस सालों में इसे क्यों नहीं ले लिया ? इसी तरह करतारपुर साहब को सर्जिकल स्टाइक की तर्ज पर अब तक अपने देश में क्यों नहीं मिला लिया ? दस साल तो काफी होते हैं ? क्या ये अतिरंजित और लोक लुभावन हवा हवाई, अव्यावहारिक बाते केवल अगले पांच साल का जनादेश पाने के लिए की जा रही हैं ?



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# जहर होता जीवनदायी जल



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं।

गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने या कर ठिठक जाते हैं। बहुत सी सरकारी योजनाएं हर घर स्वच्छ जल के वायदे करती रही हैं लेकिन आपूर्ति पर केंद्रित ये योजनाएं हर समय सुरक्षित जल-स्रोत विकसित करने में असफल ही रही हैं।

कितना दुखद है कि पांच साल पहले राजधानी के करीबी पश्चिम उत्तर प्रदेश के सात जिलों में पीने के पानी से कैंसर से मौत का मसला जब गरमाया तो एनजीटी में प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इसका कारण हैंडपंप का पानी पाया गया। अक्तूबर 2016 में ही एनजीटी ने नदी के किनारे के हजारों हैंडपंप बंद कर गांवों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था का आदेश दिए थे। कुछ हैंडपंप तो बंद भी हुए, कुछ पर लाल निशान की औपचारिकता हुई लेकिन सुरक्षित जल का विकल्प ना मिलने से मजबूर ग्रामीण वही जहर पी रहे हैं।

अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाईलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए लेकिन आज भी कोई करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रूपए का नुकसान होता है।

हर घर जल की केंद्र की योजना इस बात में तो सफल रही है कि गांव-गांव में हर घर तक पाईप बिछ गए, लेकिन आज भी इन पाईपों में आने वाला 75 प्रतिषत जल भूजल है। गौरतलब है कि ग्रामीण भारत की 85 फीसदी आबादी अपनी पानी की जरूरतों के लिए भूजल पर निर्भर है। एक तो भूजल का स्तर लगातार गहराई में जा रहा है, दूसरा भूजल एक ऐसा संसाधन है जो यदि दूषित हो जाए तो उसका निदान बहुत कठिन होता है। यह संसद में बताया गया है कि करीब 6.6 करोड़ लोग अत्यधिक फ्लोराइड वाले पानी के घातक नतीजों से जूझ रहे हैं, इन्हें दांत खराब होने, हाथ पैरे टेड़े होने जैसे रोग झेलने पड़ रहे हैं। जबकि करीब एक करोड़ लोग अत्यधिक आर्सेनिक वाले पानी के शिकार हैं। कई जगहों पर पानी में लोहे (आयरन) की ज्यादा मात्रा भी बड़ी परेशानी का सबब है।

नेशनल सैंपल सर्वे आफिस(एनएसएसओ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। सबसे दुखद है कि नदी-तालाब जैसे भूतल जल का 70 प्रतिशत बुरी तरह प्रदूशित है। यह सरकार स्वीकार रही है कि 78 फीसदी ग्रामीण और 59 प्रतिषत शहरी घरों तक स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हैं। यह भी विडंबना है कि अब तक हर एक को पानी पहुंचाने की परियोजनाओं पर 89,956 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, सरकार परियोजना के लाभों को प्राप्त करने में विफल रही है। आज लगभग 19,000 गांव ऐसे भी हैं जहां साफ पीने के पानी का कोई नियमित साधन नहीं है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। गंदा पानी पीने से दस्त और आंत्रशोथ, पेट में दर्द और ऐंठन, टाइफाइड, हैज़ा, हेपेटाइटिस जैसे रोग अनजाने में शरीर में घर बना लेते हैं।

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। देश के 639 में से 158 जिलों के कई हिस्सों में भूजल खारा हो चुका है और उनमें प्रदूषण का स्तर सरकारी सुरक्षा मानकों को पार कर गया है। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तकरीब 6.3 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। इसके कारण हैजा, मलेरिया, डेंगू, ट्रेकोमा जैसी बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण के मामले भी बढ़ रहे हैं। देश के पेय जल से जहर के प्रभाव को शुन्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए।

## सोशल फोरम


# मानव जीवन की बेहतरी का मूल्य

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला।

इतिहास में कोई भी घटित विच्छिन्न और स्वतंत्र इकाई नहीं होता। उसके पीछे क्रिया-प्रतिक्रिया की एक लंबी और प्रायः अगोचर श्रृंखला अंधेरे में अपना जाल बुनती रहती है। व्यक्तिगत की तरह सामूहिक जीवन भी अतियों के साथ दूर तक निभा नहीं पाता। लेकिन हर अति में एक त्वरा, एक चमक होती है जो आंखों में ऐसी धुंध भर देती है कि वे समय के पार देखने में अक्षम हो जाती हैं। ब्रिटेन में दीर्घकालीन गृहयुद्ध (1642-1651), जिस दौरान राजा चार्ल्स-प्रथम का सर काटा गया (30 जनवरी 1649), के बाद ही जनतंत्र अपनी जड़ें जमाने में सफल हुआ। किंतु राजतंत्र पर उसकी अंतिम विजय और पूर्ण प्रतिष्ठा महिमामय क्रांति (गौरवशाली क्रांति 1688) के बाद ही संभव हुई।

अमेरिका में अश्वेतों को ग़ुलामी से मुक्ति उत्तरी तथा दक्षिणी राज्यों के बीच एक लंबे, संहारक गृहयुद्ध (1861-65) के बाद ही मिल सकी, जिसके अंतिम दौर में मानवतावादी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को स्वयं की आहुति देनी पड़ी (14 अप्रैल 1865)। यूरोप प्रथम विश्वयुद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका से गुज़रने के बाद ही मुक्त आकाश में सांस ले सका।

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला। इतिहास में हर बेहतरी अपना मूल्य वसूलती रही है। उसके सामने भारत में वर्तमान की चपड़चूं कुछ नहीं है। विश्वास कीजिए, 4 जून को जो भी होगा, हमारी बेहतरी की ओर ही ले जाएगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

-फेसबुक वॉल से

# जोश परिस्थितिजन्य होता है

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है।

गुरुवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस है। 198 साल हो गए। पहली नजर में मुझे लगता है कि हिंदी पत्रकार के मन में अपने कर्म के प्रति जोश कम है। पर यह मैं अपने नजरिए से सोचता हूं। गहराई से विचार करने पर यह भी समझ में आता है कि युवा पत्रकार के जोश में कमी नहीं है, उसके हालात में फर्क हैं। जोश परिस्थितिजन्य होता है। व्यावसायिक-दृष्टि से उसके सामने अस्थिरता और असुरक्षा है। उसे न तो बौद्धिक-संरक्षण प्राप्त है और न आर्थिक-सुरक्षा। समय और तकनीक के साथ चीजें बदल रहीं हैं। पर जिस वजह से पत्रकारिता का कर्म विकसित हुआ वे खत्म नहीं हुईं हैं। पाठक को जानकारी देने और विचार-विनिमय को बढ़ाने की जरूरत आज, पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। पत्रकारिता और लोकतंत्र का विकास, साथ-साथ हुआ है।

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है। सूचनाओं का भंडार भी काफी बड़ा हो गया है। एक दौर था जब सूचनाएं नहीं थीं। आज इतनी हैं कि वे शोर की शक्ल ले रही हैं। फिर भी अफवाहें हैं। इसका मतलब है कि पत्रकारिता अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में पूरी तरह कामयाब नहीं है। मैं उसे नाकामयाब भी नहीं कहूंगा, क्योंकि जो जानकारी और विचार उपलब्ध हैं वे इसी मीडिया से निकले हैं। आज शोर के बीच संयत और वस्तुनिष्ठ सूचना-विचार की जरूरत है। यह ज्यादा बड़ी चुनौती है। जीवन में चुनौतियां हमेशा बनी रहेंगी। हमें चुनौतियों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।



प्रमोद जौशी
वरिष्ठ पत्रकार

# बाबा साहब के धम्म दीक्षा गुरु चंद्रमणि

बौद्ध अनुयायी कुशीनगर के भिक्षु चंद्रमणि स्थविर को बाबा साहेब के धम्म दीक्षा गुरु के रूप में जानते हैं। 14 अक्टूबर 1956 को जब डॉ.आंबेडकर हिंदू धर्म को त्याग बुद्ध की शरण में गए तब के वयोवृद्ध बौद्ध भिक्षु चंद्रमणि से ही आंबेडकर धम्म दीक्षा ली थी, भिक्खू चंद्रमणि स्थविर का जन्म ज्येष्ठ माह की छठी को 25 मई 1876 को पौ पड़ ग्वाड़ गांव वर्मा में वैशाख पूर्णिमा के छठे दिन हुआ था। इसीलिए उनकी जयंती वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के छठे दिन मनाई जाती है। पिता ऊ चौमो माता अवाथ थीं। जिन्होंने अपने बालक का नाम सावाउं रखा था। चाचा भिक्खू चंदिमा के पास अध्ययन हेतु चले गए। उन्होंने 1888 में श्रामफेर की दीक्षा ली परम्परानुसार श्रामनेर चंदा रखा गया।



श्रीलंका के अनारगिक धम्मपाल अपने भिक्खू साथियों के साथ 1891 में भारत आए थे और ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों की यात्राएं कीं। पवित्र स्थलों की दुर्दशा देखकर बहुत दुखी हुए। अधिकतर बौद्ध स्थल ब्राह्मण पुरोहितों के कब्जे में थे। तब उन्होंने बौद्ध भिक्खुओं की कमी दूर करने को भारत के पवित्र बौद्ध स्थलों की दुर्दशा का मार्मिक उल्लेख करते हुए पड़ोसी बौद्ध देशों के भिक्खु संगठनों से अपने देश के युवा साहसी और कर्मठ भिक्खुओं को भारत भेजने का आह्वान किया। अनारगिक धम्मपाल की पुकार पर बर्मा के महान भिक्खू ऊ चंदिमा महास्थविर ने तीन श्रामनेर चंदा, सुरिय, और सदाऊ को अध्ययन और बौद्ध धम्म के पुनरोत्थान तथा प्रसार हेतु भारत भेजा। इस तरह सदाऊ भारत आए। श्रामनेर चंदा को जानकारी मिली कुशीनगर में 1876 में तथागत गौतम बुद्ध की निर्वाण की मुद्रा में एक विशाल प्रतिमा खोजी गई थी।

गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण वाली मुद्रा की प्रतिमा ब्राहमणों के चंगुल से न निकलते देख भिक्खू चन्द्रमणि अकेले ही इंग्लैंड के अधिकारियों से मिलने 1904 में सभी प्रमाणपत्र लेकर इंग्लैंड जा पहुंचे और संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर भगवान बुद्ध की प्राचीन प्रतिमा पर बौद्ध अनुयायियों के एक मात्र अधिकार को प्रमाणित कर उक्त प्रतिमा बौद्धों के अधिकार देने के पक्ष आदेश जारी कराकर वापिस लौटे। आज भी वह प्रतिमा कुशीनगर के विहार में लोगों के दर्शनार्थ सरंक्षित है। चंद्रमणि स्थविर ने जनता में बौद्ध धम्म के साथ शिक्षा के प्रचार व प्रसार में बहुत योगदान दिया उन्होंने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, मठाकुवर मंदिर, सीमा बुद्ध मंदिर, श्रावस्ती में वर्मी बुद्ध बिहार, लुम्बिनी में बुद्ध विहार, सारनाथ में वर्मी धर्मशाला अनेक बौद्ध स्थल के साथ, स्कूल व जनसुविधाओं के लिए निर्माण कराए आयुर्वेद चिकित्सा व ज्योतिष के जानकार लोगों को निशुल्क सेवा करते रहे।

इतना बड़ा इतिहास समेटे महास्थविर चंद्रमणि को अपने आपको चमकाने की इच्छा नहीं थी। बरेली में डेलापीर गुरुजी मार्बल वाली गली में एक बहुत बड़ा बुद्ध विहार का निर्माण हुआ है, जिसका नाम आपके ही नाम से चंद्रमणि बुद्ध विहार है। इनके नामकरण में इनसे ही जुड़ी एक कड़ी है बुद्ध विहार के पहले भंते व संस्थापक 1972 में दीपांकर जी थे, जो कि भंते ज्ञानेश्वर जी के सानिध्य में रहे ज्ञानेश्वर ने चंद्रमणि के साथ लोककल्याण व बौद्ध पथ में काम किया था। बरेली के चंद्रमणि बौद्ध विहार बहुत विशाल भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, जो कि भारत मे दूसरे नंबर बनने जा रही है। अभी चंद्रमणि बुद्ध विहार के अध्यक्ष जागन सिंह राकेश और उनके साथी जगनलाल भारती, डॉ.जीपी प्रेमी, ओमप्रकाश बौद्ध, मास्टर हरपाल, नेतराम सागर, दीनदयाल गौतम बुद्ध विहार के निर्माण में जुटे हैं।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

# पहाड़ों पर बढ़ रहा दबाव

पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह-तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है।

ज्यों ज्यों मैदानों में आसमान से आग बरसनी शुरू हुई है और तापमान बढ़ रहा है पर्यटकों की संख्या पर उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। समुचित व्यवस्था न होने और स्थान की कमी से दुश्वारियां भी बढ़ रही है, ट्रैफिक समस्या से तमाम व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी है। पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है। शायद इस विषय में लोग सोच ही नहीं रहे। ज्यादा पर्यटकों से पहाड़ों के होटल मालिक और व्यापारी तो गदगद है क्योंकि यही सीजन उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला होता है, लेकिन सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त होने से स्थानीय लोग परेशानी उठाने को मजबूर दिख रहे हैं। यह कहना गलत न होगा कि शायद पहाड़ इसके लिए तैयार नहीं है। मैदानी इलाकों के मुकाबले पहाड़ों का इको सिस्टम नाजुक होने की वजह से सालाना बढ़ती पर्यटकों की आमद के बहुत दुष्परिणाम वर्तमान में दिखने लगे हैं। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि निकट भविष्य में यह समस्या विकराल रूप लेने की ओर बढ़ रही है जिसका समाधान समय रहते निकालना बहुत जरूरी है।

वीकेंड पर पहुंचने वाले पर्यटकों से मुख्य सड़कों पर भयकर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। लंबे लंबे जाम से घंटो लाइन में पर्यटक फसे रहते हैं यह सिलसिला जारी है। इससे ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। यह भी एक गंभीर समस्या है जो लगातार बढ़ रही हैं। क्या समस्या का कोई हल समय रहते निकल सकेगा।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## बिजली आपूर्ति अनवरत बनाए रखने के निर्देश



**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने भीषण गर्मी व लू के दौरान प्रदेश में अनवरत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को स्थानीय समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है। प्रदेश में लगभग सभी जिलों में तापमान निरंतर 45 डिग्री सेंटीग्रेड को पार कर रहा है। भीषण गर्मी का कहर प्रदेश के विद्युत तंत्र व उत्पादन कर रही इकाइयों की क्षमता को निरंतर चुनौती दे रही है। प्रदेश में बीते 26 मई को 29,058 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई, जो 2022 व 2023 की अधिकतम दैनिक मांग क्रमशः 22,572 व 21,502 मेगावाट से लगभग 29 प्रतिशत व 35 प्रतिशत अधिक थी।

# बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर 4 अधिशासी अभियंता निलंबित

## मेरठ में तैनात अभियंताओं पर की गई प्रभावी कार्रवाई

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में गहराये बिजली संकट के बीच के बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर मेरठ पर तैनात चार अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने जिन अभियंताओं पर कार्रवाई की है उसमें अधिशासी अभियंता वितरण खंड-पंचम मेरठ मनोज अग्रवाल, अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय मवाना महेश चंद्र विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय बड़ौत कृष्ण पाल व अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-चंदौसी सुशील कुमार पांडे शामिल हैं। इन अभियंताओं पर बिजली आपूर्ति में लापरवाही के साथ ही अपने कार्य में रुचि न लेने व राजस्व वसूली के लिए सार्थक प्रयास न करने का आरोप है।

### अनपरा व पारीछा की इकाइयां ठप

भारी मांग के कारण अनपरा सी की 600 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गईं। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में करीब 200 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार इन इकाइयों के अगले दो दिनों के भीतर चालू होने की संभावना है। जबकि पहले से बंद चल रही इकाइयां बारा व जवाहरपुर बिजलीघर की 660 मेगावाट की एक-एक इकाई व पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को चालू किए जाने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता बुधवार की रात तक इन इकाइयों के चालू हो जाने की संभावना जताते रहे। प्रदेश में बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,282 मेगावाट दर्ज की गई। कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पावर एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू में करने के प्रयास हो रहे हैं, पर बार-बार उत्पादन इकाइयों के ठप होने के कारण स्थिति संभल नहीं पा रही है। इसके साथ ही स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट लगातार बना हुआ है।

## मेरठ का अमीनाबाद यूपी का पहला सैनिटरी पैड मुक्त गांव बना

**कानपुर, अमृत विचार :** मेरठ के अमीनाबाद गांव को आईआईटी कानपुर, एसआईआईसी-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप माइल्डकेयर्स ने मेरठ के अमीनाबाद गांव को यूपी का पहला सैनिटरी पैड मुक्त गांव बना दिया है। स्टार्टअप माइल्डकेयर्स की ओर से पूरे गांव की महिलाओं को मासिक धर्म कप वितरित किया गया था। इस उत्पाद से गांव की सभी महिलाओं को पूरी तरह से डिस्पोजबल सैनिटरी पैड से छुटकारा मिल गया है। विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर की ओर से इनक्यूबेट किए गए स्टार्टअप माइल्डकेयर्स ने अमीनाबाद उर्फ बड़ागांव गांव में अपने उत्पाद गाइनोकप मासिक धर्म कप का वितरण किया था। इस पहल ने गांव की महिलाओं को मासिक धर्म कप का उपयोग करने में सहायता की। इससे उत्तर प्रदेश के पहले सैनिटरी पैड-मुक्त गांव के रूप में आधिकारिक घोषणा की गई है।


इलाहाबाद हाईकोर्ट से


# अनिश्चितकालीन ब्लैकलिस्टिंग आदेश पर डीएम पर लगाया एक लाख का जुर्माना

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनिश्चितकाल के लिए ब्लैक लिस्टेड करने के मामले में जिला मजिस्ट्रेट, झांसी पर एक लाख का जुर्माना लगाते हुए कहा कि निष्पक्ष व्यवहार के मूल सिद्धांतों के अनुसार संबंधित व्यक्ति को काली सूची में डालने से पहले अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। निषेध की अवधि हमेशा दोषी ठेकेदारों के अपराध की प्रकृति पर निर्भर करती है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में आनुपातिकता का सिद्धांत प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के साथ ही मनमानी को रोकता है।

ब्लैकलिस्टिंग का आदेश वाणिज्यिक व्यक्ति पर एक ऐसा दाग लगाता है, जिसे सिविल मृत्यु की संज्ञा दी जा सकती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजित कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने रामराजा कंस्ट्रक्शन्स की याचिका को स्वीकार करते हुए की। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2020 में बिना कारण बताओ नोटिस जारी किए उसे काली सूची में डाल दिया गया। दरअसल याची सहित संबंधित निविदा प्रक्रिया में शामिल फर्मों के खिलाफ कई अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। अंत में कोर्ट ने माना कि याची को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए था, जिससे वह अपनी सफाई प्रस्तुत कर सके। ब्लैकलिस्टिंग का आदेश अपराध के समानुपातिक अवधि के लिए होना चाहिए था।

## सिविल वाद में प्राथमिकी दर्ज करने के कारण एसएचओ पर लगाया जुर्माना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गलत कार्यवाही कर सिविल वाद में प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में हापुड़ पुलिस स्टेशन के एसएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और हाईकोर्ट के पूर्व आदेशों का उल्लंघन करते हुए सिविल वाद पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। कोर्ट ने एसएचओ को नोटिस जारी कर न्यायालय के निर्देशों और पुलिस रिपोर्ट को नजरअंदाज करते हुए गलत प्राथमिकी दर्ज करने के कारण 50,000 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और मामले को 13 सितंबर 2024 को सूचीबद्ध कर दिया।

# सेवानिवृत्ति परिलाभों के लंबित मामलों पर हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति परिलाभों को लंबित रखने के मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह और फतेहगढ़, फर्रुखाबाद के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को 30 मई को व्यक्तिगत हलफनामों के साथ व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने अधिकारियों से हलफनामों के द्वारा यह जानकारी मांगी है कि याची को किए जाने वाले सेवानिवृत्ति बकाए के भुगतान में देरी क्यों की जा रही है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकलपीठ ने गोपाल सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। मालूम हो कि याची 31 दिसंबर 2022 को उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल के पद से सेवानिवृत्त हुए, लेकिन सेवानिवृत्ति के लगभग डेढ़ साल बाद भी उन्हें पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अतः याची ने उनकी पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति बकायों के लिए वर्तमान याचिका दाखिल की है।

# नियोक्ता के विशेष क्षेत्राधिकार में कोर्ट का हस्तक्षेप अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कार्यकारी अभियंता के पद के लिए आईआईटी, कानपुर द्वारा अपनाई गई भर्ती प्रक्रिया को बरकरार रखते हुए कहा कि नियोक्ता होने के नाते आईआईटी, कानपुर अपने कर्मचारियों की भर्ती के लिए नियम बनाने हेतु अधिकृत है, क्योंकि यह उसकी विशेषज्ञता के दायरे में आता है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि आईटी अधिनियम, 1961 की धारा 13 आईआईटी, कानपुर के बोर्ड को संस्थान के मामलों में सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्तियों तथा जिम्मेदारियों के साथ-साथ अन्य सभी शक्तियां सौंपती हैं। बोर्ड को भर्ती के लिए सभी नियमों या विनियमों को तैयार करने, अनुमोदित करने या संस्थान के शैक्षणिक तथा गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने राम प्रताप सिंह की विशेष अपील खारिज करते हुए पारित किया। आईआईटी, कानपुर के भर्ती नियमों को लेकर एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देते हुए वर्तमान विशेष अपील दाखिल की गई थी, जिसे कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### आयकर विभाग ने जब्त की 82 एकड़ जमीन

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयकर विभाग ने राजधानी के सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कास गांव में 82 एकड़ जमीन जब्त की है। आरोप है कि यह जमीन विभिन्न कंपनियों के नाम से खरीदी गई थी। जब्तीकरण की कार्रवाई के बाद कुर्की की नोटिस भी चस्पा की गई है। सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया कि जमीनें तिलिचो इन्फ्राडेवलपर, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ट्रेपेजियम इन्फ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टेरे नार्मस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पानटियक इन्फ्रा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, एम्ब्लाजान प्रापर्टीज, एवलिन इन्फ्राकान व साईंस्तुति वेंचर के नाम पर खरीदी गई थीं। जमीनों को जब्त करने के बाद कुर्की की नोटिस चस्पा की गई है। आयकर विभाग ने फरवरी माह में बेनामी कंपनियों के जरिए काले धन को रियल एस्टेट में खपाए जाने के मामले में लखनऊ, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद समेत छह शहरों में स्थित 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें हवाला कारोबारी नंद किशोर चतुर्वेदी की कंपनी हमसफर डीलर्स व उसकी सहयोगी कंपनियों के ठिकानों पर छानबीन हुई थी। लखनऊ में सुलतानपुर रोड पर लगभग 200 एकड़ की कालोनी विकसित करने के लिए जमीनें खरीदे जाने का तथ्य सामने आया था। इससे पूर्व अन्य रियल एस्टेट कंपनियों के ठिकानों पर भी छापेमारी हुई थी।

### लक्ष्मण टीला मंदिर-मस्जिद विवाद पर आपत्ति खारिज

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** लक्ष्मण टीला स्थित शेष नागेश टीलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करने की माँग वाली अर्जी पर सिविल जज, साउथ अभिषेक गुप्ता ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को ख़ारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि दीवानी न्यायालय को मामले को सुनने का पूर्ण क्षेत्राधिकार प्राप्त है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख नियत की है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एवं अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे की ओर से दाखिल इस मामले की सुनवाई के दौरान ही सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड की ओर से आपत्ति दाखिल की गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि विवादित स्थान टीले वाली मस्जिद है और वह जगह वक़्फ़ बोर्ड की है, जो वक़्फ़ के रिकॉर्ड में 21 जनवरी 1975 से दर्ज है। सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड की ओर से कहा गया था कि यदि किसी वक़्फ़ की संपत्ति का विवाद होता है तो उसकी सुनवाई और निर्णय केवल वक़्फ़ बोर्ड में ही हो सकता है लिहाज़ा इस मामले को भी सुनवाई के लिए वक़्फ़ न्यायाधिकरण भेज दिया जाए। वहीं वादी नृपेंद्र पांडेय की ओर से सिविल जज की कोर्ट में दायर वाद मे कहा गया है कि औरंगज़ेब के कार्यकाल में हिंदू धार्मिक स्थान के रूप में स्थापित लक्ष्मण टीला को ध्वस्त कर दिया गया था और वहाँ मस्जिद बना दी गई थी।

### चौरी-चौरा एक्सप्रेस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**कौशांबी, एजेंसी :** जिले में दिल्ली-हावड़ा रेल खंड पर गोरखपुर से कानपुर जा रही चौरी-चौरा एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी के पहियों में बुधवार को अचानक आग लग गई हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली-हावड़ा रेल खंड के भरवारी रेलवे स्टेशन पर यह दुर्घटना हुई। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्रों का प्रयोग कर बोगी के पहियों में लगी आग को बुझाया। इस दौरान करीब 50 मिनट तक खड़ी रहने के बाद ट्रेन भरवारी रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। भरवारी स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी सुरेंद्र राम पासवान ने बताया कि गोरखपुर से कानपुर की ओर जा रही 15004 चौरी-चौरा एक्सप्रेस भरवारी स्टेशन पर पूर्वाह्न नौ बजकर 20 पर रुकी, तो चौथे डिब्बे के पहियों से धुआं निकलता हुआ दिखाई। उन्होंने बताया कि यात्रियों ने जब शोर मचाया तो स्टेशन पर मौजूद रेल कर्मियों ने आग बुझाई।

### पांच जिला न्यायालयों में तैनात होगी यूपीएसएसएफ

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के जिला न्यायालयों की सुरक्षा को लेकर गृह विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब जिला न्यायालयों पर पुलिस के स्थान पर उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की तैनाती की जाएगी। काफी समय से यह मांग भी की जा रही थी। हालांकि प्रथम चरण में अभी सिर्फ पांच जनपदों में विशेष सुरक्षा बल की तैनाती का फैसला लिया गया है। बाकी जनपद न्यायालयों में सुरक्षा बलों की तैनाती कब की जाएगी यह फैसला अगले चरण के तहत लिया जाएगा। जिन जिलों के न्यायालयों में यूपीएसएसएफ तैनात करने का निर्णय लिया गया है, वह जिले कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा और मथुरा हैं। गृह विभाग ने बुधवार को तैनाती करने की संस्तुति प्रदान कर दी है।

## मथुरा में पुलिस पार्टी पर हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी :** झगड़े की सूचना पर मथुरा जिले के हाईवे थाना क्षेत्र. के अन्तर्गत बालाजीपुरम चौराहे पर पहुंची पुलिस से दबंगों ने जम कर अभद्रता एवं मारपीट कर दी। मंगलवार की देर शाम की घटना में दरोगा का कालर पकड़ा गया और उसे तभी छोड़ा गया जब पुलिस पर हमले की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जब कि उनके अन्य साथियों की तलाश जारी है। एसपी सिटी के अनुसार मंगलवार की देर शाम उक्त स्थल पर झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। मामला निपटाने के दौरान पुलिस की कुछ लोगों से कहा सुनी हो गई तथा एक दबंग ने दरोगा का गिरेबान पकड़ लिया और पिटाई भी की।

# अजीम प्रेमजी के खिलाफ निचली अदालत का तलबी आदेश निरस्त

विधि संवाददाता,लखनऊ

- प्रेमजी का कार्य गीता के कर्म योग के सिद्धांत के अनुरूप: न्यायमूर्ति



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मशहूर उद्योगपति व विप्रो के चेयरमैन/एमडी अजीम प्रेमजी के खिलाफ श्रम प्रवर्तन अधिकारी, लखनऊ द्वारा स्थानीय अदालत में दाखिल परिवाद की पूरी प्रक्रिया को खारिज कर दिया है, साथ ही निचली अदालत द्वारा अजीम प्रेमजी को तलब किए जाने सम्बंधी आदेश को भी निरस्त कर दिया है।

इसी के साथ न्यायालय ने अपने निर्णय में अजीम प्रेमजी के लोकहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका कार्य श्रीमद्भागवद गीता के कर्म योग के सिद्धांत के अनुरूप है, जिसका आशय है निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए, आध्यात्मिकता को प्राप्त करना। यह निर्णय न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने अजीम प्रेमजी की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में प्रेमजी व अन्य के खिलाफ मुख्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ की अदालत में परिवाद दाखिल किया जिस पर अदालत ने प्रेमजी के खिलाफ तलबी आदेश पारित किया और बाद में 13 मई 2017 को वारंट भी जारी कर दिया था। दलील दी गई कि प्रेमजी की कम्पनी विप्रो ने एक सर्विस प्रोवाइडर कम्पनी मेसर्स जीफॉरएस सिक्योर सल्युशंस इंडिया प्राइवेट कम्पनी से मैन पावर सप्लाई करने का करार किया था।

# बरेली व मुरादाबाद सहित 25 जिलों के 137 गांवों की होगी चकबंदी

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने 25 जिलों के 137 गांवों की प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की चकबंदी कराने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति उप्र. जोत चकबंदी अधिनियम-1953 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदान की गई है। इसमें कई जिलों में एक-दो तो कई में आठ से दस ग्राम शामिल हैं। इनमें बरेली, मुरादाबाद, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, बस्ती जैसे जिलों के अधिक ग्राम शामिल हैं।

**बरेली व मुरादाबाद के ये गांव शामिल :** बरेली की मीरगंज तहसील क्षेत्र के करौरा भगवंतपुर, ठिरिया बुजुर्ग, बफरी अब्दुल नवीबुर, अंबरपुर, जैतपुरा, बिहारीपुर, गोरालोकनाथपुर मुस्तकिल, गोरालोकनाथपुर एहतमाली तथा बहेड़ी तहसील के गांव पनवरिया एवं फरीदपुर तहसील के गांव गोविंदपुर शामिल हैं। उधर, मुरादाबाद की बिलारी तहसील के गांव अलीरजापुर माफी, राधौपुर विरान, जैतिया फिरोजपुर शामिल हैं। मुरादाबाद तहसील के गांव रफातपुर को शामिल किया गया है, जबकि ठाकुरद्वारा तहसील के गांव टांडा अफजल ऐहतमाली, पीपलसाना एहतमाली और कोहनकू गांव को भी शामिल किया गया है। बिजनौर की नगीना तहसील के गांव मुर्तजाबाद, शंकरपुर व धामपुर तहसील के ताजगंज और शाहजहांपुर को शामिल किया गया है।

## पैरोल जंप कर फरार अपराधी मुंबई से गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी अभियुक्त को मुंबई से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर गाजियाबाद के दो थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। कोरोना के दौरान अदालत से दो महीने का पैरोल मिलने के बाद अभियुक्त फरार हो गया था। एसटीएफ ने अभियुक्त को तीन दिन के ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद ला रही है। एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि शब्बीर पुत्र हसमुद्दीन किशनगंज बिहार का निवासी है। जरी का काम सीखने के लिए दिल्ली आया था। इसी बीच इसकी मुलाकात दिल्ली में रह रहे कुछ आपराधिक तत्वों से हुई, जिसके बाद शब्बीर गाजियाबाद में चोरी और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगा। गाजियाबाद कोतवाली और विजयनगर थाने में शब्बीर के खिलाफ सात मुकदमे दर्ज हैं।

### मथुरा पुलिस ने पकड़ा हथियारों का सौदागर

**मथुरा, एजेंसी :** जिले की राया थाने की पुलिस एवं स्वाट टीम ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार एवं गोली बारुद बरामद किया गया। तस्कर सुनील कुमार (25) को बुधवार को मथुरा अलीगढ़ मार्ग पर ग्राम अयेरा के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह हथियारों को ठिकाने लगाने जा रहा था।


## वर्ग पहेली-85

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



### वर्ग पहेली -84 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 आ | ■ | 2 कू | ■ | ■ | 3 मे |
| 4 फे | लो | शि | प | ■ | ■ | ह |
| ■ | ड़ | ■ | मं | ■ | 5 चु | र |
| ■ | न | ■ | डू | ■ | ■ | बा |
| ■ | ■ | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | ■ | ■ | ता | ■ | ति | ■ |
| 9 आ | रा | म | ■ | 10 म | का | म |

## सुडोकू-164

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | | 3 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू -163 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 | 6 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 11.43 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 07.31 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** – आज आपके लिए समय अनुकूलता भरा रहेगा। विदेश यात्रा की इच्छा रख रहे लोगों की आकान्क्षा पूरी हो सकती है। वैवाहिक जीवन के लिए आपको काफी समय निकालना होगा। ऐश्वर्य के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें।

**वृष** – आज व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी आय में अचानक वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक होना उचित नहीं है। मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। अपनी आत्मप्रशन्सा करने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में कई नकारात्मक लोगों को झेलना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन से जुड़े मामलों में बाहर वाले लोगों की राय न लें। प्रतिष्ठित लोगों को अपने मान-सम्मान के खोने का भय रहेगा। दिनचर्या का क्रम बिगड़ सकता है।

**कर्क** – आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। विवादों से आपको पूरी तरह दूरी बनाकर रखना होगा। यदि किसी रोग से पीड़ित हैं तो दवाइयों का विशेष ध्यान रखें। बजट से अधिक धन खर्च करना हानिकारक हो सकता है।

**सिंह** – आज सामाजिक कार्यक्रमों में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। ससुराल पक्ष के लोगों से मिलना हो सकता है। किसी के भी बारे में नकारात्मक राय न रखें। इससे आपके विषय में भी लोग गलत राय बना सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**कन्या** – आज आप कई सारे कार्यों में एक साथ उलझ सकते हैं। अपनी सीमा से ज्यादा काम न करें। व्यवसाय को लेकर लुभावने अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी मामलों में लापरवाही महंगी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

**तुला** – आज आप अपने विरोधियों के ऊपर काफी नाराज रहेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते है। भावुक होकर कोई भी निर्णय न लें। कला से जुड़े लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लोग आपकी भावनाओं का शायद मान न रखें।

**वृश्चिक** – आज आप भविष्य को लेकर काफी चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद आप पीछे नहीं हटेंगे। आप अपनी परिस्थितियों को लेकर उदास हो सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालने का प्रयास करेंगे।

**धनु** – आज आपकी बातों से लोग काफी प्रभावित रहेंगे, लेकिन इसका आपको गलत लाभ नहीं उठाना चाहिए। भाई-बहनों को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से आपकी मित्रता होगी। किसी वेबसीरीज या सिनेमा का आनन्द उठा सकते हैं।

**मकर** – आज आप धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। उत्तम भोजन का आनन्द लेंगे। इन्टरव्यू आदि में जा रहे हैं तो आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है। यदि संभव हो तो आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**कुंभ** – आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। किन्तु किसी से अनावश्यक चर्चा में समय बर्बाद न करें। आपके गुप्त शत्रु आज सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे में कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुप्त बातें लोगों से शेयर नहीं करनी चाहिये। नशे की सामग्रियों का उपभोग न करें।

**मीन** – आज आप किसी बात को लेकर निराश हो सकते हैं। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवश करें। आपका धन आज फंस सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ अशान्ति रहेगी। फिलहाल यथास्थिति में बदलाव करने का विशेष प्रयास न करें।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U MOVIES | रेस 3 | सुबह : 11.50 |
| B4U MOVIES | खलनायक | रात : 09.54 |
| &pictures | दंबग 2 | सुबह : 11.02 |
| &pictures | नोटबुक | रात : 08.00 |
| SONY PIX | द मास्क | दोपहर : 12.42 |
| SONY PIX | जस्टिस लीग | शाम : 06.54 |
| ZEE CINEMA | घायल | सुबह : 07.20 |
| ZEE CINEMA | मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी | शाम : 06.00 |
| colors CINEPLEX | फिर हेरा फेरी | सुबह : 08.06 |
| colors CINEPLEX | दिवाने हुए पागल | शाम : 05.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की (टीटी)-अमृतसर जाने वाली गाड़ी कब आएंगी?
टीटी-6 बजे
लड़की-और लोकल?
टीटी-09 बजे
लड़की तो फिर मालगाड़ी
टीटी-अरे, क्यों परेशान कर रह हो,
लड़की-बताओ ना, प्लीज
टीटी-बाबा 1 बजे आएगी।
पर आपको कहां जाना है?
लड़की-कही नहीं सर जी,
बस पटरी पर लेट कर एक सेल्फी लेनी थी।
टीटी बेहोश...।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 बोल्ड 1135 डीएमओ 850।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2080, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1675, राग गोल्ड 1650, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2050, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12100, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी** –डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को सुधारा

## स्थिर से बढ़ाकर किया सकारात्मक और दो साल में सुधार की जताई है उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी




एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है। एसएंडपी ने हालांकि, भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था।

अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकती है। एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। एसएंडपी ने कहा-बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर सकारात्मक किया गया। साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक की पुष्टि की जाती है।

### रेटिंग परिदृश्य में संशोधन ठोस वृद्धि का सूचक



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि रेटिंग एजेंसी एसएंडपी का भारत के रेटिंग परिदृश्य में सकारात्मक संशोधन करना आने वाले वर्षों के लिए मजबूत वृद्धि और आशाजनक दृष्टिकोण को दर्शाता है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत के आर्थिक परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया। यह पहली बार है जब एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को लेकर सकारात्मक परिदृश्य दिया है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने भारत की रेटिंग को बीबीबी– के सबसे निचले निवेश स्तर पर बरकरार रखा है। सीतारमण ने इस बारे में कहा–एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को स्थिर से सकारात्मक में संशोधित करना एक स्वागत–योग्य घटनाक्रम है। यह भारत के ठोस वृद्धि प्रदर्शन और आने वाले वर्षों के लिए एक आशाजनक आर्थिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

- निवेशकों की मुनाफावसूली से निफ्टी भी 183 अंक गिरा



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। बीएसई सेंसेक्स 27 मई को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अब तक के उच्चतम स्तर 23,110.80 अंक पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख को देखते हुए निवेशकों ने अमेरिका में कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) आंकड़े जारी होने से पहले मुनाफावसूली की। यह आंकड़ा मुद्रास्फीति के बारे में संकेत देता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना है।

### निवेशकों की संपत्ति 5.12 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.12 लाख करोड़ रुपये घट गई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले निवेशकों की सतर्कता के बीच शेयर बाजार में इससे पहले रिकॉर्ड बढ़त दर्ज हो रही थी। बैंक शेयरों में बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचकांक में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स 24 मई से चार कारोबारी सत्रों में 915.14 अंक गिर चुका है। हालांकि 27 मई को सेंसेक्स 76,009.68 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 97,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,500–55,700 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,000 |
| चांदी पक्की | 908 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,325 |
| चांदी आभूषण | 92,300। |

## पेटीएम-अडाणी समूह ने हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से किया इनकार

**नई दिल्ली।** वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अडाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है। अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को गलत और असत्य करार दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है। उद्योगपति गौतम अडाणी के पेटीएम में संभावित हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के साथ बातचीत करने संबंधी खबरों पर वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा-यह केवल अटकलें हैं। कंपनी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रही है।

## एडीबी ने विकास के लिए 2023 में भारत को दिए 2.6 अरब डॉलर के ऋण

नई दिल्ली एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2023 में भारत को 2.6 अरब डॉलर का ऋण दिया जिसका उद्देश्य शहरी विकास को मजबूत करना, औद्योगिक गलियारे के विकास का समर्थन करना, बिजली क्षेत्र के सुधारों को बढ़ावा देना, भारत की जलवायु लचीलापन बनाना, बागवानी का समर्थन करना और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

एडीबी ने सॉवरेन पोर्टफोलियो के तहत 2.353 करोड़ डॉलर की तकनीकी सहायता और 41 लाख डॉलर का अनुदान भी दिया। इसके अलावा, उसने वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई।

एडीबी के भारत के कंट्री निदेशक मियो ओका ने कहा-वर्ष 2023 में एडीबी के पोर्टफोलियो ने सरकार के प्राथमिकता वाले एजेंडे का समर्थन किया। हम उन परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे जो भारत के संरचनात्मक परिवर्तन को गति देते हैं, रोजगार पैदा करते हैं, बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करते हैं, हरित विकास को बढ़ावा देते हैं।

## स्पाइसजेट के खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** विमानों का इंजन मुहैया कराने वाली कंपनी इंजन लीज फाइनेंस (ईएलएफ) ने करीब 100 करोड़ रुपये की देनदारी के मामले में कर्ज संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला अर्जी दाखिल की है। ईएलएफ ने स्पाइसजेट को आठ विमान इंजन पट्टे पर दिए हुए हैं। उसने दावा किया है कि स्पाइसजेट पर किराये एवं ब्याज समेत करीब 1.6 करोड़ डॉलर की देनदारी बनती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने बुधवार को इस याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की।

## डिजाइन, प्रोग्रामिंग प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए शीर्ष कौशल

नई दिल्ली, एजेंसी

नए स्नातकों के लिए डिजाइन, एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे कौशल करियर में ढेरों अवसर खोल सकते हैं। अग्रणी पेशवर नेटवर्क लिंक्डइन के अनुसार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग विश्लेषक में स्नातक डिग्री धारकों के लिए रोजगार के प्रमुख अवसर हैं।

लिंक्डइन की करियर स्टार्टर 2024 रिपोर्ट के अनुसार, स्नातक डिग्री वाले युवा पेशेवरों के लिए यूटिलिटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। नए स्नातकों को नियुक्त करने वाले अन्य शीर्ष उद्योगों में तेल, गैस व खनन, रियल एस्टेट, उपकरण किराया सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया, शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे विभिन्न नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सामुदायिक व सामाजिक सेवा, कानूनी, विपणन और मीडिया व संचार जैसे क्षेत्रों में स्नातक डिग्री धारकों के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ एवं भारत की वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा-नौकरी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो सकता है...खासकर करियर की शुरुआत में।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आदेश के खिलाफ याचिका पर जामिया विवि से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के प्रोफेसर इकबाल हुसैन की याचिका पर विश्वविद्यालय से बुधवार को जवाब तलब किया। हुसैन ने अपनी याचिका में एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके जरिये विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति और इसके बाद कार्यवाहक कुलपति के तौर पर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गयी थी। न्यायमूर्ति विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ हुसैन की अपील पर जेएमआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 12 अगस्त तय की।

### फैक्ट्री में लगी आग, दो महिलाओं की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित गोदवारा के फोम फैक्ट्री में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में दो महिलाओं की जिन्दा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हुई है। आग इतना भयानक है कि दूर दूर तक केवल धुंएं का गुबार नजर आ रहा है। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये जो फैक्ट्री है वो थाना खमतराई के बसंत नगर में स्थित है। उन्होंने बताया कि यहां सात कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री में आग लगी और पांच कर्मचारियों ने यहां से भागकर अपनी जान बचाई है।

### अमृतसर में हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग–अलग स्थानों से एक किलो 90 ग्राम हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सुबह के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग–अलग स्थानों पर ड्रोन की आवाजाही को रोका। प्रोटोकॉल के अनुसार, बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की हरकतों पर तुरंत नज़र रखी और उन्हें बेअसर करने का प्रयास किया गया है।

# पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण बदल रही है जनसांख्यिकी: मोदी

## रैली में प्रधानमंत्री ने लगाया आरोप, टीएमसी सरकार जारी कर रही फर्जी जाति प्रमाण पत्र

काकद्वीप (पश्चिम बंगाल), एजेंसी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में लोकसभा चुनाव के लिए रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रही है तथा अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले लोग स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को छीन रहे हैं।

मोदी ने यह भी दावा किया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर मूल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अधिकार मुसलमानों को दे रही है। उन्होंने कहा-बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। टीएमसी धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। वे सीएए का इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? ये लोग (तृणमूल नेता) सीएए के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं।

### भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खत्म कर देगी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में वापस आई तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

## भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री विजयन की बेटी के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

**कोच्चि।** भाजपा नेता शोन जॉर्ज ने केरल उच्च न्यायालय में एक अर्जी दायर कर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी की अब बंद हो चुकी कंपनी 'एक्सलॉजिक' ने अबू धाबी के एक खाते में भारी रकम जमा की और कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन ने इसके माध्यम से धन को अमेरिका स्थानांतरित कर दिया। विजयन पर 1996 में केरल के ऊर्जा मंत्री रहने के दौरान कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन को ठेका देने में हुए कथित भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप है, जिससे सरकारी खजाने को कथित तौर पर नुकसान हुआ था। तिरुवनंतपुरम स्थित एक विशेष अदालत ने 2013 में विजयन और दो अन्य को इस मामले में बरी कर दिया था।

## दिल्ली के उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी को किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- चिकित्सा उपकरणों की खरीद में अनियमितताओं के चलते की गई कार्रवाई

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

दास को 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान 60 करोड़ रुपये मूल्य के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में अप्रैल में सतर्कता निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सतर्कता निदेशालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा- दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम-10 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बच्चों के अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका होने का आरोप लगाया है। इस अस्पताल में शनिवार रात आग लगने की घटना में छह नवजात की मौत हो गई थी।

## उच्च न्यायालय ने राजद्रोह के मामले में छात्र शरजील इमाम को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी। इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम और दिल्ली पुलिस के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा-अपील स्वीकार की जाती है। अभियोजन के अनुसार इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में देश के खिलाफ भाषण दिया था।

## पालघर रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी मालगाड़ी

मुंबई, एजेंसी

- घटना से कई ट्रेन रद और कई का बदला गया समय

महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण पश्चिमी रेलवे को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ ही कई ट्रेनों का समय बदलना पड़ा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर मरम्मत का काम जारी है।

पश्चिमी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 41 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गईं, 28 आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं, 12 के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 22 रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया। दोपहर को जारी बुलेटिन में पश्चिमी रेलवे ने कहा कि दहानु रोड (पालघर जिले में) और मुंबई के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं (आने-जाने के लिए) शाम तक फिर से शुरू हो जाएंगी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने पहले बताया था कि मंगलवार शाम 5.08 बजे मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे गुजरात से मुंबई आने वाली रेलगाड़ियों का यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना के 15 घंटे बाद भी रेल मार्ग बहाल करने का कार्य जारी है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय में लोगों के लिए मुफ्त वाई–फाई सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों-प्रतिवादियों और आम लोगों के लिए अपने परिसर में मुफ्त वाई-फाई सुविधा बुधवार को शुरू की, ताकि उन्हें मुकदमे और अन्य डेटा की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कानूनी संसाधनों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल सके। न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा का शुरू होना न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसका उपयोग करने वाले लोगों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस पहल के पहले चरण के तहत ओटीपी-आधारित मुफ्त वाई-फाई सुविधा खंड-ए, खंड-बी, खंड-सी, विस्तारित खंड, मध्यस्थता केंद्र और अधिवक्ताओं के लिए जलपान स्थल में होगी।

## पंजाब में अवैध खनन स्थलों पर ईडी का छापा, 3.5 करोड़ जब्त

चंडीगढ़, एजेंसी



ईडी की ओर से जब्त किए गए रुपये।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब के कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जगदीश सिंह उर्फ भोला मुख्य आरोपी है। एजेंसी ने इस छापेमारी के दौरान साढ़े तीन करोड़ की नकदी जब्त की है।

सूत्रों के मुताबिक, रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि भोला मामले में एजेंसी द्वारा कुर्क की गई जमीन पर 'अवैध' खनन किया जा रहा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। इस कथित अवैध खनन मामले के कुछ आरोपियों में 'नसीबचंद व श्रीराम क्रशर' और अन्य शामिल हैं। पंजाब में मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन का यह मामला करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ गिरोह से जुड़ा है, जिसका पुलिस ने 2013-14 के दौरान पर्दाफाश किया था।

## बदमाशों ने ट्रक में लगाई आग, एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत

**रांची।** झारखंड के रांची में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ट्रक में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना यहां से करीब 65 किलोमीटर दूर मैक्लुस्कीगंज-चामा रोड पर मंगलवार को हुई। खलारी के डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शुरु में संदेह था कि इस घटना को माओवादियों ने अंजाम दिया है। उन्होंने कहा-अब ऐसा लग रहा है कि अपराध को स्थानीय गिरोह ने अंजाम दिया है। डीएसपी के मुताबिक, ड्राइवर से पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था।

## आप विधायक को जमानत देने से न्यायालय का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी ने किया था गिरफ्तार



उच्चतम न्यायालय ने पंजाब से आप विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। माजरा को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और माजरा द्वारा मौजूदा लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के अनुरोध संबंधी याचिका पर जवाब मांगा। विधायक की ओर से पेश वकील ने चुनाव प्रचार के लिए चार जून तक अंतरिम जमानत दिये जाने का अनुरोध किया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह सभी पक्षों की बात सुने बिना अमरगढ़ से 'आप' विधायक को राहत देने के लिए इच्छुक नहीं है। पंजाब में एक जून को अंतिम चरण में मतदान होगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इससे पहले उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल मई में 40 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में गज्जन माजरा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। ईडी ने सितंबर, 2022 में कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत उनसे जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी।

### गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को होगी सुनवाई

दिल्ली उच्च न्यायालय आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से अपनी याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है।

## खेल डायरी

### आईडब्ल्यूएल के दूसरे सत्र में खेलेंगी श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी

**नई दिल्ली।** श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी को इंडियन वुमेन्स लीग आईडब्ल्यूएल 2 में क्रमश: पहला और दूसरा स्थान हासिल करने के बाद आईडब्ल्यूएल में प्रोमोट कर दिया गया। श्रीभूमि ने गोवा के मापुसा में दुलेर स्टेडियम में पुधुवाई यूनिकॉर्न्स पर 2-0 की जीत से आईडब्ल्यूएल 2 खिताब अपने नाम किया। पांच टीम श्रीभूमि एफसी, नीता फुटबॉल अकादमी, गढ़वाल यूनाईटेड एफसी, पुधुवाई यूनिकॉर्न्स और एफसी टूएम अंतिम दिन लीग जीतने की दौड़ में बनी हुई थी, लेकिन लीग के अंतिम दौर में श्रीभूमि और नीता फुटबॉल अकादमी ने 10-10 अंक हासिल किए। बेहतर रिकॉर्ड की बदौलत श्रीभूमि को विजेता घोषित किया गया। नीता एफए ने अंतिम दिन एसएजी फुटबॉल अकादमी को हराया।

### एआईएफएफ फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 22 से

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन गुजरात में 22 जून से पांच जुलाई तक स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में हुआ। टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 18 टीम हिस्सा लेंगी। संबंधित राज्य संघों ने 14 टीमों को नामित किया है जबकि पिछले सत्र में फुटसाल क्लब चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी और इलेक्ट्रिक वेंग फुटसाल क्लब को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन लीग सह नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा जहां सभी चार ग्रुप के विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे।

### नॉर्वे शतरंज: प्रगनानंद हारे, वैशाली को मिली जीत

**स्टवान्गर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज के दूसरे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रगनानंद को मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्पेयरबैंक 1 एसआर-बैंक में मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने आर्मागेडन (सडन डेथ) खेलों में सफेद रंग के मोहरों से जीत हासिल की और प्रत्येक ने 1.5 अंक हासिल किए। विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ने वाले भारत के विलक्षण प्रगनानंद ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य दौर में अपना पहला क्लासिकल पहला मैच ड्रॉ खेला। उधर, वैशाली ने कोनेरू को हराकर महिला टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। वैशाली आर ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के लिए साथी भारतीय कोनेरू हम्पी को हराया।

### अपने खेल और टीम का ऋणी रहूंगा : छेत्री

**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की दहलीज पर खड़े भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों और खेल के हमेशा ऋणी रहेंगे जिन्होंने हमेशा उनकी मदद करके इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम छह जून को कुवैत के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर खेलने यहां पहुंच गई है। छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। छेत्री ने कहा ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिये दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले छेत्री ने कहा मैने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा। अगर भारत जीतता है तो पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। साथ ही एएफसी एशियाई कप सउदी अरब 2027 के लिए स्वत: क्वालीफाई करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाएगा।



### एएसी की नियुक्ति पर रोक, समिति को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने बुधवार को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए तदर्थ प्रशासनिक समिति (एएसी) की नियुक्ति पर रोक लगाकर खेल संस्था का नियंत्रण 2019 को चुनी गयी कार्यकारी समिति को वापस दे दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजस्थान घुड़सवारी संघ (आरईए) द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 24 मई को ईएफआई का रोजमर्रा का कामकाज देखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नज्मी वजीरी की अध्यक्षता वाले तदर्थ पैनल की नियुक्ति का आदेश दिया था। महासंघ ने एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ पेटेंट अपील दायर की थी और उसे मनमुताबिक फैसला भी मिला। भारत ने अभी तक ड्रेसज स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक का एक कोटा हासिल किया है जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अनुष अगरवाला ने दिलाया था।

# कोहली-रोहित के लिए खिताब का आखिरी मौका

## 2007 और 2011 विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं दिग्गज, 13 साल बाद फिर जीतना चाहेंगे ट्रॉफी



**बेंगलुरू, एजेंसी**

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 साल के होने वाले होंगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी-20 विश्व कप रोहित और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप विराट का दूसरा विश्व खिताब होगा और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला।

**2026** में होगा अगला टी-20 विश्व कप तब रोहित 40 साल के होने वाले होगे और 38 वर्ष के होंगे कोहली

**2007** बेलफास्ट में रोहित ने जबकि कोहली ने 2008 दांबुला में खेला था अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच

### खास हैं रोहित और विराट की बल्लेबाजी के अंदाज

रोहित में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है जिससे उन्हें मदद मिलेगी, लेकिन कोहली का खेल थोड़ा अलग है। वह कभी-कभार बड़ी हिट लगा सकते हैं लेकिन उन्हें अक्सर स्पिन के खिलाफ जूझना पड़ता है, विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ। टी-20 में धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहता है। बीच के ओवरों में उनकी प्रगति में बाधा डाली लेकिन इस साल के आईपीएल के दौरान उन्हें इसका समाधान मिल गया। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉग स्वीप का इस्तेमाल किया। इसका उनके स्ट्राइक रेट पर अच्छा असर पड़ा क्योंकि कोहली ने 188 गेंदों पर 260 रन बनाए और स्पिनरों के खिलाफ 15 छक्के लगाए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 139 तक पहुंच गया जो उनके आईपीएल के 124 के समग्र स्ट्राइक रेट से काफी बेहतर है। यह कोहली के लिए टी-20 विश्व कप में काम आ सकता है जहां पिचों के टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ धीमा होने की उम्मीद है जिससे स्पिनरों की अहमियत बढ़ती है। क्रिकेट के दायरे से परे दोनों दिग्गजों का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अंतिम प्रयास करना व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक आकर्षक दृश्य होगा।

कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी। कोहली ने अपने करियर की शुरुआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है। विराट ने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अभी के लिए कोहली और रोहित को टी-20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा।



# ठंड से सामंजस्य बिठाने में जुटी भारतीय टीम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी-20 विश्व कप के लिए सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी-20 विश्व कप में भारत के सभी शुरूआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिए सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गई।

आईपीएल में आरसीबी के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं। भारत में तेज गर्मी में 90 प्रतिशत मैच खेलने के बाद खिलाड़ी यहां सुबह के खुशनुमा मौसम के अनुरूप ढलने पर ध्यान लगाएंगे क्योंकि यहां तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहता है जिसमें बहुत कम आद्रता होती है। सुबह हल्की हवा में सफेद कूकाबूरा गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। यात्रा की थकान के बाद खिलाड़ियो को सुबह की इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। सहयोगी स्टाफ ने नासाऊ काउंटी मैदान पर अभ्यास पिचों पर नेट सत्र में कौशल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियां को परिस्थितियों के हिसाब से सामंजस्य बिठाने में मदद करने का फैसला किया। टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरूआत हल्की जांगिग से की, इसके बाद शटल रन लगाई और कुछ फुट वॉली भी की।



नासाऊ काउंटी मैदान पर ट्रेनिंग सत्र में दौड़ते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

### कदमों पर तो खड़ा हो गया, इंडिया के लिए खड़ा होना बाकी : पंत

**मुंबई।** आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ एक प्रोमो लॉन्च किया है। स्टार स्पोर्टस ने बुधवार को ट्वीट कर प्रोमो का वीडियो शेयर किया है जिसमें पंत के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ कहा जा रहा है दिल में एक कसक अभी बाकी है, दिल में एक धड़क अभी बाकी है, अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिये खड़ा होना बाकी है। वीडियो में ऋषभ पंत देश को गर्व, खुशी और आशा के साझा बैनर के तहत एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े क्रिकेट गौरव के लिए तैयार है। यह देश और दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक भारत के रूप में खड़े होने का समय है।

# ऑस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में नामीबिया को हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैचों में नामीबिया को वॉर्नर की 21 गेंदों में नाबाद (54) रनों की पारी की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की संघर्षपूर्ण शुरुआत हुई। नामीबिया की ओर से जेन ग्रीन ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 38 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली और 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

### चयनकर्ता और कोच के साथ खेली ऑस्ट्रेलिया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की। आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, स्टोइनिस और मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा।

# अरूंधति प्री क्वार्टर फाइनल में, नरेंदर बाहर

**बैंकॉक, एजेंसी**

गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए स्थिति मजबूत की। अरूंधति ने तीसरे राउंड में आसान जीत दर्ज की। नरेंदर ने भी विरोधी को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

**ओलंपिक क्वालीफायर**



### पदक विजेताओं को पुरस्कार देगा आईबीए

**जिनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में हर स्वर्ण पदक विजेता को वह 50000 डॉलर नकद पुरस्कार देगा। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगा रखा है और ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के उसके फैसले को भी मंजूरी नहीं दी है। उसके पास 13 भारवर्गों में क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाले पुरूष और महिला मुक्केबाजों, उनके कोचों और राष्ट्रीय टीमों के लिए 21 लाख डॉलर ईनामी राशि है। हर ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन को 25000 और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 10000 डॉलर दिये जाएंगे।

# नियमों में बदलाव के कारण सिंहराज ने छोड़ा पेरिस कोटा

**पैरा निशानेबाज**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता निशानेबाज सिंहराज अधाना पेरिस के लिए भारतीय दल का हिस्सा नहीं हो पायेंगे क्योंकि 2021 तोक्यो चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति (आईपीसी) द्वारा प्रतियोगिता नियमों में बदलाव किया गया है।

42 वर्षीय सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल एसएचआई श्रेणी में कांस्य जीता था। भारतीय पैरालंपिक समिति के निशानेबाजी के लिए चयन पैनल ने बैठक की और फैसला किया कि केवल आठ ही पैरा निशानेबाज पेरिस के लिए उड़ान भरेंगे। देश के पैरा निशानेबाजों ने नौ पेरिस कोटा स्थान हासिल किए हैं। पीसीआई चयन समिति की बैठक के मिनटस के अनुसार हालांकि हमने पेरिस पैरालंपिक के लिए नौ कोटा स्थान हासिल किए, लेकिन हमारी पीसीआई चयन नीति और विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स दिशानिर्देशों के अनुसार केवल आठ निशानेबाज ही भाग ले पाएंगे इसलिए हमें सिंहराज का एक कोटा छोड़ना होगा।

### फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे जोकोविच

**पेरिस।** सार्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रांस के पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए है। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। जोकोविच की 93वीं जीत है। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से होगा।



**2** घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-4, 7-6, 6-4 से हराया, जोकोविच की यह 93वीं जीत है।

### लावेर कप में टीम यूरोप के कप्तान होंगे यानिक

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन 1983 चैंपियन यानिक नोआह लावेर कप 2025 में ब्योर्न बोर्ग की जगह यूरोपीय टेनिस टीम के कप्तान होंगे। पिछले सप्ताह आंद्रे अगासी को विश्व टीम का कप्तान चुना गया जो जॉन मैकेनरो की जगह लेंगे। नोआह ग्रैंडस्लैम जीतने वाले फ्रांस के आखिरी खिलाड़ी थे जो 1986 में एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंचे। अगला लावेर कप सेन फ्रांसिस्को में होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में अल्लू और रश्मिका का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस नए पोस्टर में पीछे का बैकग्राउंट काफी कलरफुल नजर आ रहा है। साथ ही इसमें अल्लू बिल्कुल शाहरुख खान की तरह बाहें फैलाए नजर आ रहे हैं। रश्मिका के चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर एक्स अकाउंट पर जारी किया है। मेकर्स ने एक्स अकाउंट पर लिखा, इंडिया की सबसे पसंदीदा जोड़ी जल्द ही कपल सॉन्ग को लेकर आ रही है। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।





### भानुशाली ने सुपर्ण के साथ साइन की तीन फिल्मों की डील

**मुंबई।** भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के विनोद भानुशाली ने सफल फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है के बाद सुपर्ण एस वर्मा के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने तीन फिल्मों की एक शानदार डील क्रैक की है। इस स्टूडियो ने क्रिटिकली अक्लेम्ड निर्देशक सुपर्ण एस वर्मा को एक अपकमिंग फिल्म का निर्देशन करने और दो और फिल्मों का रचनात्मक निर्माण करने के लिए साइन किया है। हाल में भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने इसकी घोषणा की है। अपनी दूरदर्शी स्टोरीटेलिंग और इनोवेटिव फिल्ममेकिंग अपरोच के लिए जाने जाने वाले, सुपर्ण एस वर्मा अपना अनूठा दृष्टिकोण और रचनात्मक विशेषज्ञता भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड में लाएंगे। इसके तहत निर्देशक एक आगामी फिल्म की बागडोर संभालेंगे, जिसमें वे अपनी विशिष्ट शैली और रचनात्मकता का समावेश करने का वादा करेंगे। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है और अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। वहीं कास्ट और क्रू के बारे में ज्यादा जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। निर्देशन के अलावा, वह दो और फिल्मों के लिए क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी काम करेंगे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

**मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे।



पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और गुरजोत ने इसे गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। जर्मनी ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के अंतिम लम्हों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और उसने इसका फायदा उठाते हुए 3-2 की बढ़त बना ली जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारत यूरोप दौरे पर अपना अंतिम मैच बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगा।

# पीवी सिंधू सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में, लक्ष्य हारे

**सिंगापुर, एजेंसी**

पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं।

सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 21-12 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। वहीं लक्ष्य ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन 62 मिनट में पराजित हो गए। एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल मैच में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की जोड़ी से 18-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# किशोर न्याय बोर्ड के आचरण की जांच को समिति गठित

**पुणे कार दुर्घटना**

- 19 मई को पोर्श कार की टक्कर से बाइक सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हो गई थी मौत

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

महाराष्ट्र सरकार ने पुणे कार दुर्घटना मामले में एक समिति गठित की है जो किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि क्या मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूर्णतः पालन किया गया था।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने पिछले सप्ताह पांच सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि इसका नेतृत्व विभाग का उपायुक्त पद का एक अधिकारी कर रहा है और इसके अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को पोर्श कार चला रहे नाबालिग आरोपी ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित तौर पर टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया कि 17 वर्षीय आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटों बाद नाबालिग को जमानत दे दी थी। उसने नाबालिग से सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का एक निबंध लिखने को कहा था जिसकी काफी आलोचना हुई थी। डब्ल्यूसीडी आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने बताया कि जेजेबी में न्यायपालिका का एक सदस्य और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त दो लोग होते हैं। उन्होंने कहा, हमने एक समिति गठित की है जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त जेजेबी सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि कार दुर्घटना मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूरी तरह पालन किया गया या नहीं। नारनवरे ने कहा, एक और तीन सदस्यीय समिति नाबालिग आरोपी के रक्त नमूनों को कथित तौर पर बदलने की जांच कर रही है।

# पाकिस्तान में जासूसी में गिरफ्तार दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में उन दो भारतीयों से मुलाकात की, जिन्हें चार साल पहले जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से अपनी खबर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में बांदीहुराह शहर के गोरेज इलाके के फिरोज अहमद लोन और नूर मोहम्मद वानी नामक दो युवकों को 2020 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में गिरफ्तार किया गया था।

खबर में कहा गया है कि दोनों भारतीयों को हाल में गिलगित-बाल्टिस्तान की जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में भेजा गया था। सूत्रों के अनुसार भारत सरकार के अनुरोध पर राजनयिक पहुंच प्रदान की गई। यहां भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। राजनयिक सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है, इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अदियाला जेल में बंद दो कैदियों से मुलाकात की। सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान गृह मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। खबर के अनुसार, दोनों व्यक्ति नवंबर, 2018 से पीओके से लापता थे और सूत्रों ने संकेत दिया था कि उन्होंने अवैध रूप से सीमा पार की थी और बाद में उन्हें जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# नाइट्रोजन गैस का पाइप मुंह में लगाकर युवक ने दी जान

- सुसाइड नोट में लिखा था खुदकुशी का तरीका, लखनऊ का था युवक

**भोपाल।** आत्महत्या के लिए युवक ने पॉलीथिन से सिर-चेहरे को कवर किया और नाइट्रोजन गैस सिलेंडर का पाइप मुंह में डालकर चालू कर दिया। दर्द रहित मौत के लिए उसने चार पन्नों में फॉर्मूला भी लिखा था।

मिसरोद पुलिस ने मंगलवार रात जाटखेड़ी के निरूपम रॉयल इमारत के फ्लैट से युवक की दो-तीन दिन पुरानी लाश बरामद की। जांच में पता चला कि युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ खुराना लखनऊ का निवासी था। सिद्धार्थ पहले आईटी कंपनी में था, लेकिन छह महीने से वह घर पर था। उसके फ्लैट के सामने केदार कदम रहता था जो ट्रेवल्स एजेंसी में काम करता है। दोनों में पहचान थी। मंगलवार रात नौ बजे दरवाजा न खुलने पर केदार ने पुलिस बुलाई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर सिद्धार्थ मृत पड़ा था।

# हाय गर्मी को ऐसे करें बाय- बाय...

*गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचने के लिए सावधानी बरतनी काफी जरूरी है। इस दौरान गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, और हीट एक्सॉशन से बचने के साथ ही अपने खान पान का भी विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं ताकि शरीर को ठंडक मिल सके इसके लिए कुछ संबंधित बिन्दुओं पर आईए करते हैं चर्चा...*

**गर्मी में ये न खाए**

- **तला-भुना और मसालेदार भोजन :** तले हुए और मसालेदार भोजन से बचें क्योंकि ये शरीर में गर्मी बढ़ा सकते हैं।

**गर्मी से बचाव के उपाय**

- **पर्याप्त पानी पिएं :** दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, और फलों का रस पीने से भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति होती है।
- **हल्का और ढीला कपड़ा पहनें :** सूती कपड़े पहनें जो शरीर को ठंडा रखें। हल्के रंग के कपड़े पहनने से सूरज की किरणों का असर कम होता है।
- **धूप से बचें :** सुबह 10 से शाम 4 बजे के बीच जब सूरज की किरणें सबसे तेज होती हैं तो धूप में जाने से बचें। यदि बाहर जाना पड़े तो छतरी या टोपी का उपयोग करें और सनस्क्रीन लगाएं।

**हीट स्ट्रोक के उपचार**

- प्रभावित व्यक्ति को छायादार या ठंडे स्थान पर ले जाएं।
- ठंडे पानी से स्पंज करें या ठंडे पानी से स्नान कराएं।
- यदि व्यक्ति होश में है तो उसे ठंडे पानी, नींबू पानी, या इलेक्ट्रोलाइट्स दें।
- गर्मी के मौसम में इन उपायों का पालन करने से हीट स्ट्रेस और अन्य गर्मी से संबंधित समस्याओं से बचा जा सकता है और स्वस्थ रहा जा सकता है।

**हीट स्ट्रोक के लक्षण**

- अत्यधिक पसीना आना या बिल्कुल पसीना न आना
- उल्टी या मितली महसूस होना
- तेज सिरदर्द
- तेज धड़कन
- कमजोरी या चक्कर आना



**एक नजर**

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बद्देपारा इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। मद्देड थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। बद्देपारा के करीब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### चीन में पूर्व बैंकर को रिश्वत लेने के जुर्म में मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन की अदालत ने 15 .1 करोड़ डॉलर की घूस लेने के जुर्म में पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनाई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बुधवार को बताया कि चाइना हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स (सीएचआईएच) के पूर्व महाप्रबंधक बाई तिआनहुई को मंगलवार को तिआनजिन की अदालत ने मौत की सजा सुनाई। अदालत के फैसले के अनुसार, उसके आजीवन राजनीतिक अधिकार भी छीन लिए गए और उसकी सारी संपत्ति जब्त कर ली गई है।

### छात्राओं के स्कूल में बदमाशों ने लगाई आग

**मीरानशाह।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में छात्राओं के विद्यालय में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि रजमक उपमंडल के शाखिमर गांव स्थित गोल्डन एरो पब्लिक स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग तेजी से फैली और पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी। आग से इमारत में रखे फर्नीचर और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और स्कूल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है।

### न्यू मैक्सिको में एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में अल्बुकर्क इंटरनेशनल सनपोर्ट के हवाई क्षेत्र के पास एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लॉकहीड मार्टिन के अधिकारियों ने कहा कि एफ-35 विमान टेक्सास से कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस जा रहा था। यह न्यू मैक्सिको के कीर्टलैंड एयर फोर्स बेस में ईंधन भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### साइबर ठगी में चीनी नागरिक समेत पांच लोग गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिला पुलिस ने निवेश अवसरों का झांसा देकर लोगों से ठगी करने में लिप्त साइबर अपराधियों के गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा है। आरोपियों में एक चीनी नागरिक भी है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने सेक्टर 134 स्थित सोसाइटी के पास से तेनजिंग कालसंग, कृष्ण मुरारी, शोभित तिवारी, त्सेरिंग धोन्दुप और चीनी नागरिक झु जुन्काई को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन के 223 सिम कार्ड, दो लैपटॉप, 19 मोबाइल फोन, विदेशी मुद्रा, भारतीय मुद्रा, आधार कार्ड, पैन कार्ड और डेबिट कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया है।

### ब्रिटेन की पहली अश्वेत महिला सांसद के चुनाव पर विवाद

**लंदन।** ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी में बुधवार को तब विवाद खड़ा हो गया जब आंतरिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया के बाद देश की पहली अश्वेत महिला सांसद के चुनाव पर परस्पर विरोधी बातें सामने आईं। पूर्वी लंदन के हैकनी नॉर्थ और स्टोक न्यूइंगटन के लिए 1987 में पहली बार सांसद चुनी गईं डायने एबॉट ने दावा किया कि उन्हें लेबर उम्मीदवार के रूप में सीट से फिर से चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। यह घटनाक्रम विभिन्न समुदायों के नस्लवाद का सामना करने के बारे में उनकी टिप्पणियों की जांच के बाद उनका निलंबन रद किए जाने के पश्चात हुआ।

# इजराइली कार्रवाई पर नीतियों में कोई बदलाव नहीं : अमेरिका

## कहा- राफा में हुए हमले में जानमाल के नुकसान दिल दहला देने वाले और भयावह

- इजरायल ने हथियारों को पाने के लिए निर्धारित दायरे को नहीं किया है पार : अमेरिकी प्रवक्ता
- अमेरिका को लगता है, शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा इजराइल

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने गाजा के शहर राफा पर इजराइल के हवाई हमले में लोगों के मारे जाने की घटना की निंदा की लेकिन कहा कि वह इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर नीतियों में बदलाव नहीं करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजरायल ने भविष्य में हथियारों को पाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्धारित दायरे को पार नहीं किया है और अमेरिका को लगता है कि वह शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा। ऐसा लगता है कि वह राफा के आबादी वाले इलाके में कोई जमीनी अभियान नहीं चला रहे हैं। उन्होंने राफा में हवाई हमले में हुए जानमाल के नुकसान को दिल दहला देने वाला और भयावह करार दिया और कहा कि अमेरिका इजराइल द्वारा की जा रही जांच के परिणामों को देख रहा है, जिसमें कहा गया है कि हमास के दो लड़ाकों पर हमले के बाद हुए दूसरे धमाके में आम नागरिक मारे गए। किर्बी ने कहा कि इस हमले में हमास के दो सरगना मारे गए, जो हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

**इजराइल ने किया फिर हमला :** इजराइल ने बुधवार को राफा पर फिर हमला किया। हमास पर युद्ध में नागरिकों की मौत पर चिंता के बावजूद इजराइल ने बदलाव का संकेत नहीं दिया है, जिससे युद्धविराम के हो रहे प्रयासों में रुकावट आ रही है।

### इजरायल ने राफा शिविर पर बमबारी में शामिल होने से किया इनकार

**गाजा।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने राफा के पास अल-मवासी इलाके में शिविर पर हुए बम विस्फोट में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। आईडीएफ ने कहा कि कुछ घंटों की रिपोर्टों के विपरीत, अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया गया।

### एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र पर लगाया गाजा में हिंसा रोकने में विफल होने का आरोप

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गाजा के राफा में रक्तपात रोकने में विफल होने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर बुधवार को हमला बोला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आत्मा मर चुकी है। एर्दोगन ने कहा कि अगर आप नरसंहार को नहीं रोक सकते तो संयुक्त राष्ट्र का क्या उपयोग है? अगर दुनिया का भाग्य पांच देशों के हाथों में है, तो इन इमारतों का क्या उपयोग है? संयुक्त राष्ट्र अपने कर्मचारियों की भी सुरक्षा नहीं कर सकता।

### आलिया, प्रियंका सहित कई हस्तियों ने फिलिस्तीन के साथ दिखाई एकजुटता

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट और करीना कपूर खान सहित कई भारतीय हस्तियों ने राफा में एक शिविर पर इज़राइली हमले के बाद फिलिस्तीन के प्रति समर्थन जाहिर की है। इज़राइल के हमले में 45 लोगों की मौत हुई है। इज़राइली हमले की कड़ी निंदा हो रही है हालांकि इज़राइली सेना का दावा है कि शिविर में आग फिलिस्तीनी आतंकियों के हथियारों से हुए विस्फोटों से लगी होगी। वहीं सोनम कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, कोंकणा सेन शर्मा, एटली, वीर दास, दीया मिर्जा, तृप्ती डिमरी, शिल्पा राव, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह सहित कई हस्तियों ने राफा की वह तस्वीर साझा की जिस पर लिखा है , सबकी निगाहें राफा पर हैं।

### ब्राजील ने इजराइल से राजदूत बुलाया

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने गाजा में युद्ध को लेकर अपने देश और इजराइल के बीच महीनों से जारी तनाव के बाद बुधवार को अपने राजदूत को बुला लिया। ब्राजील के राजपत्र में इसकी जानकारी दी गई है। लूला कई बार गाजा में इजराइल के आक्रमण की आलोचना कर चुके हैं। शुरुआत में उन्होंने गाजा युद्ध की तुलना यहूदियों के नरसंहार से की थी। इजराइल के विदेश मंत्री काट्स ने ब्राजील के राजदूत को यरूशलम स्थित राष्ट्रीय होलोकॉस्ट संग्रहालय में बुलाकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की थी।

# रूसी हस्तक्षेप की आशंका में यूरोपीय संसद की ली तलाशी

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के संघीय अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद के एक कर्मचारी के आवास और ब्रसेल्स में संसद भवन में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

अभियोजकों ने कहा कि फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में संदिग्ध के कार्यालय की न्यायिक सहयोग एजेंसी यूरोजस्ट और फ्रांसीसी अधिकारियों के सहयोग से तलाशी ली गई। स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की संसद का मुख्यालय है। यह तलाशी यूरोपीय संसद के चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले ली गई। जांच की घोषणा पिछले महीने बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेल्जियम की खुफिया सेवा ने एक ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है, जो यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। अभियोजकों ने कहा कि यह तलाशी हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और आपराधिक संगठन की सदस्यता के मामले का हिस्सा है और रूसी हस्तक्षेप के संकेतों से संबंधित है, जिस पर यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया और वॉयस ऑफ यूरोप समाचार वेबसाइट के माध्यम से रूसी हित वाले प्रचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें भुगतान किया गया।

**राजकोट के गेम जोन में आग**

# एसआईटी को शीर्ष अधिकारियों से पूछताछ की मिली अनुमति

- गृह राज्य मंत्री ने दी अनुमति, 7 सरकारी और दो पुलिस कर्मियों की भूमिका की हो रही जांच

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में लगी आग की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि जांच में जरूरत के अनुरूप उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ करने की अनुमति मिल गई है।

संबंधित घटनाक्रम में राजकोट के जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों के डीएनए नमूने उनके रिश्तेदारों से मेल खा गए हैं। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी द्वारा गांधीनगर में एसआईटी सदस्यों से मुलाकात करने और जांच में प्रगति की समीक्षा करने के बाद विशेष जांच दल के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने मीडिया से बात की। त्रिवेदी ने कहा कि हमें राजकोट नगर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस और बिजली कंपनी से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और दोषी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

एसआईटी में तकनीकी शिक्षा आयुक्त बीएन पाणि, गांधीनगर स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी, अहमदाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेएन खड़िया और सड़क एवं भवन विभाग के अधीक्षण अभियंता एमबी देसाई शामिल हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि गृह राज्य मंत्री (सांघवी) ने कहा है कि यदि आवश्यक हो तो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों सहित वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाए। एसआईटी दो पुलिसकर्मियों समेत उन सात सरकारी कर्मचारियों में से प्रत्येक की भूमिका की भी जांच कर रही है, जिन्हें पहले ही निलंबित कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि गेम जोन संचालकों ने सीमा से अधिक 30 लीटर से ज्यादा पेट्रोल संग्रहित किया था, इसलिए पेट्रोलियम अधिनियम के तहत प्राथमिकी में धाराएं जोड़ी जाएंगी। मंत्री ने हमें जांच करने को कहा है ताकि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# गुप्त धन मामले में ट्रंप चुनाव कानून उल्लंघन के दोषी

- वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी को किए गए भुगतान से जुड़ा मामला

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने जूरी से कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुप्त धन मामले में अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि ट्रंप चुनाव कानूनों के उल्लंघन के दोषी हैं। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 2006 में उनके बीच हुए यौन संबंध के बारे में सार्वजनिक रूप से बताने से चुप कराने के लिए कथित गुप्त धन भुगतान से संबंधित व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। ट्रंप पर यह भी आरोप है कि 2016 के चुनाव से पहले उन्होंने चुप्पी साध ली। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने आरोपों और डेनियल्स के साथ कोई संपर्क होने से इनकार किया है। मंगलवार को अंतिम दलील देते हुए अभियोजक ने कहा कि यह साबित हो गया है कि ट्रंप ने चुनाव कानून का उल्लंघन करने, सहायता करने या छिपाने का प्रयास किया था। अभियोजक ने बताया कि बहुत सारे सबूत हैं कि यह भुगतान डेनियल्स को किया गया था। जूरी बुधवार को न्यायाधीश जुआन मर्चन के 12-सदस्यीय जूरी को निर्देश देने के बाद इस पर विचार करेगी कि ट्रंप को दोषी ठहराए या नहीं।

**इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत**



चिलचिलाती गर्मी और लू का कहर जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार अब तक का सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए विजय चौक पर लगे फव्वारे के पानी में बंदर अठखेलियां करते नजर आए। • एजेंसी

# मेक्सिको में इज़रायली दूतावास के बाहर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

- 80 लोगों ने दूतावास घेरने का किया प्रयास, इनमें ज्यादातर महिलाएं रहीं शामिल

मेक्सिको सिटी , एजेंसी

मेक्सिको सिटी में इजरायली दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन पुलिस के साथ हिंसक झड़प में बदल गया और पत्रकारों समेत कई घायल हो गए। मैक्सिको के प्रसारक टेलीडियारियो ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली दूतावास के बाहर मंगलवार रात 80 लोग एकत्र हुए तथा पुलिस घेरा और अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस के सहयोग से दूतावास के गार्डों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी लेकिन उन पर पत्थरों और पेट्रोल बमों से हमला किया गया। प्रदर्शन और झड़पें जिनमें कथित तौर पर ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं, दो घंटे तक चली और बिना किसी गिरफ्तारी के समाप्त हो गई। घटनाओं को कवर करने के लिए मौजूद कई पत्रकार भी झड़प के दौरान घायल हो गए। रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए कहा गया है कि झड़प के दौरान चार पुलिस अधिकारियों और दो महिलाओं को चोटें आईं, जिनमें से ज्यादातर के शरीर के विभिन्न हिस्से जल गए और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन दक्षिणी गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हाल ही में हुए इजरायली हमलों को लेकर था।

# बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इमरान खान के वकील ने किया हमला

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद की अदालत के बाहर खान के वकील ने हमला कर दिया। यह हमला तब हुआ जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपती की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तीन फरवरी को एक निचली अदालत ने शादी के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बुशरा के पूर्व पति खावर ने 2023 में दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बुशरा द्वारा इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली थी।

# उत्तर कोरिया ने दक्षिण की ओर उड़ाए कचरे से भरे गुब्बारे

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे उड़ाए जिससे दक्षिण की सेना को देश के विभिन्न हिस्सों में कचरे और मलबे को इकट्ठा करने के लिए रासायनिक तथा विस्फोटक प्रतिक्रिया टीमों को तैनात करना पड़ा।

उत्तर कोरिया द्वारा कचरे के गुब्बारे उड़ाया जाना हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सैन्य वैज्ञानिकों से उपग्रह प्रक्षेपण में मिली असफलता से उबरने और अंतरिक्ष में अपनी टोही क्षमताओं को विकसित करने को कहा था, जिसके बाद ये गुब्बारे उड़ाए गए। किम ने अंतरिक्ष परियोजना को अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने में बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उत्तर कोरिया का उपग्रह प्रक्षेपण मिशन सोमवार को असफल हो गया था। कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के पास 20 लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास किया था। किम ने प्रक्षेपण असफल होने के बाद पहली टिप्पणी करते हुए दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' की खबर के मुताबिक, किम ने मंगलवार को अपने भाषण में दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को उन्मादी पागलपन और नजरअंदाज नहीं करने योग्य खतरनाक उकसावे वाला कदम करार दिया था।

**खगोलीय घटना** | मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का हुआ खुलासा

# लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह


- नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र की कक्षा में पहुंचकर ली तस्वीर, कई वर्षों तक किया गया अध्ययन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारे सौर मंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह वीनस यानी शुक्र ग्रह की सतह पर ज्वालामुखी सक्रिय हैं, जो बड़े पैमाने पर लावा उगल रही है। मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का खुलासा हुआ है।

शुक्र ग्रह की सतह पर माट मॉन्स नामक स्थान पर यह ज्वालामुखी काफी सक्रिय है। 3-डी कंप्यूटर मॉडल से लावा उगलते ज्वालामुखी का स्पष्ट पता लगाया जा सका है। नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र ग्रह की कक्षा में पहुंचकर इसकी तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों का कई वर्षों तक अध्ययन किया गया। तब जाकर इस रहस्य का खुलासा हो पाया। वीनस पर सक्रिय ज्वालामुखी की यह दूसरी खोज है। मैगेलन अंतरिक्ष यान 1990 से 1992 तक शुक्र ग्रह की सतह का 98 फीसद मानचित्रण किया था और इटली के वैज्ञानिकों ने इसका विश्लेषण किया।

पेस्कारा डी अन्नुंजियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डेविड सुल्केनीज़ ने अपने बयान में कहा कि सक्रिय ज्वालामुखी के लिहाज से पृथ्वी और शुक्र ग्रह में एक जैसी समानता है और शुक्र पर यह नवीनतम खोज मैगलन के सिंथेटिक एपर्चर रडार से छवियों की ऐतिहासिक 2023 खोज पर आधारित है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।



शुक्र ग्रह की सतह पर बने ज्वालामुखी की तस्वीर।

### 3 से 20 मीटर ऊंचे ज्वालामुखी

**नैनीताल :** शुक्र के दोनों ज्वालामुखी 3 से 20 मीटर ऊंची हैं, जो ज्वालामुखी लगभग 30 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। संभव है कि और भी ज्वालामुखी हो सकते हैं। जिनकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा शुक्र की भूगर्भीय स्थिति का पता भी लगाया जा रहा है। इस खोज से शुक्र की पृथ्वी की तुलना में भूगर्भीय स्थिति की सही जानकारी मिल पाएगी।

# पाकिस्तान में बस के खड्ड में गिरने से 28 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक तेज रफ्तार यात्री बस के पलट कर खड्ड में गिर जाने से बच्चों और महिलाओं सहित 28 लोगों की मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। यह बस तुर्बत से बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही थी और क्वेटा से लगभग 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं,यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले तीन मई को गिलगित बाल्टिस्तान में एक यात्री बस के एक संकरी सड़क से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थीं, जबकि 21 अन्य घायल हो गए थे।